Value of Production (₹ in lakhs)			
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	5034	63	(49)

Expansion project by another 10 lakh tonnes was undertaken on the concept of split location i.e. clinkerisation at Nayagaon and grinding of clinker at Delhi and Bhatinda. Clinkerisation plant at Nayagaon and grinding unit at Delhi have gone in to commercial production from 1.5.90.

NAYAGAON Expn. Including DGU & BGU

	2025-26	2024-25	2023-24
Installed capacity (in lakh tonnes)	5.00	5.00	5.00
Production (in lakh tonnes)			
Value of Production (in lakhs)			
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	2505	23	(62)

AKALTARA (Distt. Bilaspur, Chhattisgarh)

This unit went into commercial production from 1st April, 1981.

	2025-26	2024-25	2023-24
Installed capacity (in lakh tonnes)	4.00	4.00	4.00
Production (in lakh tonnes)			
Value of Production (in lakhs)			
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	322	245	504

As per MHi directions, The Plant & Machinery and other Assets was sold during F.Y. 2022-23

CHARKHI DADRI (Distt. Bhiwani, Haryana)

This was a sick unit taken over by the Government of India and vested with CCI in June, 1981. After rehabilitation within a short period, cement grinding was started by September, 1981 and clinker production started subsequently. Out of two streams, only one was capable of rehabilitation.

	2025-26	2024-25	2023-24
Installed capacity (in lakh tonnes)	1.74	1.74	1.74
Production (in lakh tonnes)			
Value of Production (in lakhs)			
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	(24)	9	(43)

As per MHi directions, The Plant & Machinery and other Assets was sold during F.Y. 2022-23

ADILABAD (Distt. Adilabad, Telengana)

This unit went into commercial Production from April, 1984

	2025-26	2024-25	2023-24
Installed capacity (in lakh tonnes)	4.00	4.00	4.00
Production (in lakh tonnes)			
Value of Production (in lakhs)			
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	(96)	47	(130)

TANDUR (Distt. K. V. Ranga Reddy, Telengana)

This unit went into commercial production from 1st July, 1987

	2025-26	2024-25	2023-24
Installed capacity (in lakh tonnes)	10.00	10.00	10.00
Production (in lakh tonnes)	4.54	4.27	5.90
Value of Production (in lakhs)	19140	17470	27642
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	936	1129	(94)

NOTES

NOTES



विषय सूची

01 सांविधिक रिपोर्ट

अध्यक्ष का अभिभाषण 168
निदेशकों की रिपोर्ट 171
प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण 217
निगम शासन पर रिपोर्ट 232
सचिवीय लेखा–परीक्षा रिपोर्ट 240
लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट 243

02 वित्तीय विवरणिका

वित्तीय विवरणिका 2025–26 270
नकदी प्रवाह विवरणिका 272
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 318

03 अतिरिक्त सूचना

हमारे कर्मचारी – हमारी सबसे बड़ी परिसंपत्ति 323
हमारी इकाईयों की प्रमुख विर्षेशताएं 327

62वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अध्यक्षीय अभिभाषण



अध्यक्ष का संदेश

सीमेंट उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में स्थापित सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई) ने 60 से अधिक वर्ष पूरे कर लिए हैं, यह कड़ी प्रतिस्पर्धी वाले बाजार में काम करता है और सीमेंट के निर्माण और बिक्री के कार्य में लगा एकमात्र केन्द्र सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (सीपीएसयू) है। हम कई उद्योग चक्रों, सीमेंट प्रौद्योगिकी में तकनीकी विकास और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कार्य करने वाले उपक्रम के साक्षी रहे हैं। सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया उत्तर, दक्षिण और पूर्व भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहने वाले ग्राहकों को अपनी सेवा प्रदान करता आया है। भारतीय सीमेंट बाजार वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के भारत के दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और घरों, सड़कों, पुलों, बहुमंजिला इमारतों, बांधों और सुरंगों जैसी अनेक निर्माण गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार सीमेंट भी महत्वपूर्ण उद्योगों में से एक है जिसे राष्ट्र निर्माण की रीढ़ कहा जा सकता है।

भारत लगभग 700 मिलियन टन प्रति वर्ष की वार्षिक सीमेंट उत्पादन स्थापित क्षमता के साथ चीन के पश्चात विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक है। हालाँकि प्रति व्यक्ति सीमेंट की खपत अभी भी विश्व औसत से कम है इसलिए उद्योग अभी भी तेजी से बढ़ रहा है। सीसीआई की तीन प्रचालनरत इकाइयाँ हैं जो तेलंगाना के तांदूर, हिमाचल प्रदेश के राजबन और असम के बोकाजन में अवस्थित हैं। ये संयंत्र सत्तर और अस्सी के दशक में स्थापित किए गए थे।

वैश्विक दृष्टिकोण

वर्ष 2025 के आर्थिक परिदृश्य बात की जाए तो वैश्विक व्यापार में क्रमिक मंदी रही क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय टैरिफ नीतियों और भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं का दौर था। इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, ठोस प्रौद्योगिकी और एआई–संबंधित निवेश के साथ–साथ उदार मौद्रिक नीतियों द्वारा विकास का समर्थन किया गया था। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा वर्ष 2025 के लिए वैश्विक जीडीपी विकास दर 3.2 प्रतिशत अनुमानित थी, जो वर्ष 2024 में दर्ज 3.3 प्रतिशत से थोड़ी कम थी। उन्नत अर्थव्यवस्थाएं लगभग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ीं, जबकि उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं 4 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ बढ़ीं। भू–राजनीतिक तनाव ने बाजार की अनिश्चितताओं को बढ़ा दिया और प्रभाव के प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों के आकार के रूप में एक खंडित विश्व अर्थव्यवस्था ने और अधिक जटिलता उत्पन्न की। मध्य पूर्व में जारी युद्ध ने पूरे विश्व के लिए विशेष रूप से एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा चुनौती पेश की।

वैश्वीकरण द्विपक्षीय व्यापार सौदों को बढ़ावा दे रहा है जो आज के वैश्विक व्यापार के तौर–तरीकों को बदल सकते

हैं। हालाँकि यह भारत को एक विश्वसनीय व्यवसाय और रणनीतिक साझेदार के रूप में उभरने का अवसर भी प्रदान करता है।

भारतीय दृष्टिकोण

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी अनंतिम अनुमानों के अनुसार, भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वर्ष 2025–2026 वित्तीय वर्ष (वित्तीय वर्ष 26) में अनुमानित 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह मजबूत प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 24 –25 में दर्ज 7.1 प्रतिशत की वृद्धि से आगे निकल गया। 10.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ सबसे अधिक विस्तार विनिर्माण क्षेत्र हुई, जिसके पश्चात सेवा क्षेत्र (व्यापार, मरम्मत, होटल और परिवहन) में हुआ जो 11 प्रतिशत तक बढ़ गया।

सरकार ने वित्तीय वर्ष 25–26 के दौरान जीएसटी सुधारों का साहसिक कदम भी उठाया, जिसमें निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। इस प्रकार जोखिम भी भली भांति संतुलन स्थापित किया गया है जिसके परिणामस्वरूप आगे सार्वजनिक निवेश भारतीय विकास में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बना रहेगा। व्यक्तिगत गृह निर्माण, विशेष रूप से घरेलू खपत, अभी भी समग्र सीमेंट खपत का लगभग दो तिहाई योगदान देता है।

वर्ष में व्यापार निर्णयों को प्रभावित करने के कारकों के रूप में टैरिफ के उपयोग भी देखा गया और देश ने ओमान और न्यूजीलैंड यूरोपीय संघ, यूके सहित विभिन्न देशों/क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए है। अमेरिका, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और इजरायल के साथ भी व्यापार वार्ता चल रही है।

निर्माण सामग्री उद्योग का एक अभिन्न अंग होने के कारण, सीमेंट को गति शक्ति, किफायती आवास और विभिन्न बुनियादी ढाँचा विस्तार परियोजनाओं जैसी विभिन्न सरकारी पहलों से लाभ होगा। जहाँ वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, भू–राजनीतिक तनाव और व्यापार बाधाओं/शुल्कों के कारण नकारात्मक जोखिम उत्पन्न हो रहे हैं, वहीं भारत की सुदृढ़ व्यापक आर्थिक बुनियाद, सुदृढ़ वित्तीय क्षेत्र, बढ़ता मध्यम वर्ग और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की स्थिति में रखती है।

आपकी कंपनी का कार्य–निष्पादन

सीसीआई का सबसे बड़ा दस लाख टन सीमेंट संयंत्र दक्षिण भारत के तेलंगाना राज्य के तांदूर में अवस्थित है, जो सीमेंट अधिशेष क्षेत्र बना हुआ है। हमारे आसपास लगभग 35 मिलियन टन की वार्षिक सीमेंट उत्पादन क्षमता उपलब्ध है, जिसमें से तीन संयंत्र तेलंगाना में ही अवस्थित हैं। भारतीय सीमेंट उद्योग में समेकन का चरण चालू वित्तीय वर्ष के दौरान भी जारी रहा और इसका कीमतों पर सीधा असर पड़ा क्योंकि सीमेंट एक ब्रांडेड कमोडिटी है। इसने कई बाजारों में हमारी बिक्री क्षमता को भी प्रभावित किया। तथापि सीसीआई हमारे आस–पास के बाजारों में उपभोक्ताओं का पसंदीदा बना रहा, जो ब्रांड की ताकत और ग्राहकों की संतुष्टि के बारे में बताता है। उत्तर और दक्षिण भारत दोनों में कीमतें जबरदस्त दबाव में रहीं।

कुल मिलाकर वार्षिक सीमेंट उत्पादन की बात की जाए तो वित्तीय वर्ष 24–25 के दौरान 6.65 लाख मीट्रिक टन से मामूली रूप से बढ़कर वित्तीय वर्ष 25–26 के दौरान 6.75 लाख मीट्रिक टन हो गया। जबकि तांदूर और बोकाजन इकाइयों ने अपने सीमेंट उत्पादन में वृद्धि दर्ज की, संयंत्र और मशीनरी के क्षतिग्रस्त होने के कारण राजबन में गिरावट दर्ज की गई।

तथापि, एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाते हुए, हमने टंडूर इकाई से महाराष्ट्र और कर्नाटक के निकटवर्ती राज्यों में स्थित कंक्रीट स्लीपर संयंत्रों के लिए केवल कुछ सीमेंट कंपनियों द्वारा उत्पादित एक विशेष ग्रेड सीमेंट, आईआरएस टी–40 के उत्पादन और बिक्री में वृद्धि की। इस सीमेंट का प्रति टन योगदान अन्य सीमेंट किस्मों की तुलना में बेहतर है। व्यापार खंड में हम पोर्टलैंड पॉजोलोना सीमेंट (पीपीसी) की बिक्री पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन साधारण पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी) भी सभी इकाइयों में उपलब्ध है।

वर्तमान वर्ष में कंपनी के वित्तीय मापदंडों में भी सुधार हुआ है, जिसमें निवल मूल्य में वित्तीय वर्ष 24–25 में 253 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 25–26 में 327 करोड़ रुपये तक की वृद्धि हुई है। इसी अवधि के दौरान निवल लाभ में भी सुधार हुआ, जो 31 करोड़ से बढ़कर 75 करोड़ हो गया। पीपीसी के उत्पादन पर और अधिक ध्यान केन्द्रित करने के कारण, क्लिंकर सीमेंट प्रतिशत में वित्तीय वर्ष 24–24 में 87.33 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 25–26 में 84.56 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह संगठन के कार्बन उत्सर्जन को कम करने में की दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करता है।

भारत सरकार की ओर से तांदूर इकाई से मैत्रीपूर्ण द्वीपीय देश सेशेल्स के लोगों को उपहार के स्वरूप में, हमने विशाखापत्तनम बंदरगाह के माध्यम से 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट निर्यात किया। सीमेंट को कारखाने से कोंकोर रेक के माध्यम से भेजा गया था, जिसे बंदरगाह पर रखा गया और बाद में सेशेल्स के लिए आगे की यात्रा के लिए जहाज में भरा गया। इस खेप को माननीय प्रधानमंत्री श्री

नरेंद्र मोदी जी ने अपनी सेशेल्स यात्रा के दौरान सेशेल्स को सौंपा था।

संयंत्र के भीतर रेलवे साइडिंग के लाभ का लाभ उठाते हुए, बोकाजन इकाई ने मणिपुर की सीमेंट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मणिपुर के खोंगसांग रेलवे स्टेशन को सीमेंट भेजा। इकाई सक्रिय रूप से पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रेलगाड़ियों के माध्यम से सीमेंट पहुंचाने पर भी विचार कर रही है।

विकास संबंधी पहलें

सीसीआई सीमेंट उत्पादन के कार्बन उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता होने के बावजूद अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सीमेंट की तीनों इकाइयों में सौर संयंत्रों की स्थापना पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। राजबन और बोकाजन इकाइयों में एक–एक मेगावाट के सौर संयंत्र पहले से ही चालू हो चुक हैं, तांदूर इकाई में 6 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए प्रयास चल रहे हैं। राजबन और बोकाजन दोनों इकाइयों में अपशिष्ट ताप पुनः प्राप्ति प्रणाली चालू है। राजबन इकाई में एक इलेक्ट्रॉनिक पैकर स्थापित किया गया है और तांदूर इकाई में भी इसे स्थापित किया जा रहा है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

सीएसआर नीति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित है और इस नीति को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और समय–समय पर सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निगम में लागू किया जा रहा है। हमारी जिम्मेदारी आस–पास के समुदायों तक भी फैली हुई है जहां सीसीआई शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल जैसी विभिन्न बुनियादी सुविधाएं प्रदान करता है और हमारा भविष्य में भी सार्वजनिक क्षेत्रों से जुड़े मानवीय दृष्टिकोण को जारी रखने का प्रयास रहेगा।

निगम से संबंधित शासन प्रणाली

कंपनी का मानना है कि कंपनी के सभी हितधारकों के साथ नैतिक और पारदर्शी व्यावसायिक प्रथाएं कॉर्पोरेट गवर्नेंस के मानदंडों का पालन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। आपकी कंपनी इसे आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। मुझे आपको यह बताते हुए अपार प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि आपकी कंपनी निगम शासन के संबंध में निरंतर ''उत्कृष्ट रेटिंग'' प्राप्त हो रही है।

आभार

आपका निरंतर सहयोग और विश्वास उत्कृष्टता के लिए नए प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है और मैं, आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, आपके और भारत सरकार, विशेष रूप से भारी उद्योग मंत्रालय को, हमारे सभी प्रयासों में उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार प्रकट करता हूं।

मैं सीसीआई के उत्पादों को निरंतर समर्थन देने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के हमारे सम्मानित ग्राहकों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं।

मैं भारत सरकार, राज्य सरकारों, सीएजी, हमारे बैंकरों, सांविधिक लेखा परीक्षकों, महानिदेशक लेखापरीक्षा (विद्युत) और अन्य सभी प्राधिकरणों और एजेंसियों के अपार सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं।

अंत में, मैं निगम के समग्र विकास और वृद्धि में कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता, भागीदारी और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

आप सभी का पुनः धन्यवाद,,

जय हिंद,

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह./–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं: 09353339

दिनांक : 22.09.2026
स्थान : नई दिल्ली

निदेशकगणों की रिपोर्ट

सेवा में सदस्यगण,

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, मुझे 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वर्ष के लेखापरीक्षित लेखाओं के साथ आपकी कंपनी की 62वीं वार्षिक रिपोर्ट, लेखापरीक्षक रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

1. वित्तीय कार्य–निष्पादन

गत वर्ष के आंकड़ों के साथ वर्ष 2025–26 के लिए कंपनी का वित्तीय निष्पादन इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	वर्ष 2025–26 को समाप्त वर्ष के लिए	वर्ष 2024–25 को समाप्त वर्ष के लिए
1	प्रचालन से निवल आय	326.96	326.81
2	अन्य आय	58.80	114.61
3	मूल्यह्रास एवं ब्याज से भिन्न कुल आय	367.03	396.21
4	असाधारण आय / (व्यय)	71.44	0.00
5	पीबीडीआईटी	90.17	45.21
6	घटाएं: वित्तीय लागत	1.43	0.53
7	पीबीडीटी	88.74	44.68
8	घटाएं: मूल्यह्रास	14.06	13.63
9	कर पूर्व लाभ / (हानि)	74.67	31.05
10	घटाएं: आय कर	13.59	2.60
11	घटाएं: पूर्व के वर्षों का आय कर	3.63	-
12	जोडें: एमएटी क्रेडिट पात्रता	13.59	2.60
13	जोडें: पूर्व के वर्षों की एमएटी क्रेडिट पात्रता	3.63	-
14	करोपरांत निवल लाभ	74.67	31.05

2. लाभांश

कंपनी को वित्तीय वर्ष के दौरान घाटा हुआ है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कोई लाभांश घोषित नहीं किया जाएगा।

3. कारोबारी प्रचालन और भविष्य की संभावनाओं की समीक्षा

आपके निदेशकगण वर्ष 2025–26 के दौरान किए गए कारोबारी प्रचालन का विवरण प्रस्तुत करना चाहते हैं:–

क. प्रचालन

(i) इकाइयों का कार्य–निष्पादन–

अत्यंत गंभीर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, सीसीआई ने कच्चे माल के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की, तथापि बाजार के दबाव ने अंतिम सीमेंट उत्पादन को रोक दिया।

- **क्लिंकर उत्पादन:** वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कुल क्लिंकर उत्पादन 5,62,420 मीट्रिक टन था, जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में 5,54,255 मीट्रिक टन के सापेक्ष 8,165 मीट्रिक टन की वृद्धि प्रदर्शित करता है।
- **मालसूची अनुकूलन:** गत वित्तीय वर्ष की तुलना में क्लिंकर मालसूची स्तर में लगभग 8,326 मीट्रिक टन तक की कमी लाने में सफल रहे।
- **सीमेंट मूल्य युद्ध और मांग की बाधाएं:** उद्योग को स्थिर मांग और निजी खिलाड़ियों से कड़े प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण (मूल्य युद्ध) का सामना करना पड़ा। इस सुस्त मांग ने सीधे सीसीआई के संचालन को बाधित

किया, सीमेंट सिलोस लगातार भरे रहे, जिससे इकाइयों को जानबूझकर पीसने के कार्यों को धीमा या बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप अंतिम सीमेंट उत्पादन पूर्व निर्धारित लक्ष्यों से कम हो गया।

अलग–अलग और सामूहिक रूप से परिचालन इकाइयों की क्षमता का उपयोग सीमेंट (प्रतिशत), क्लिंकर उत्पादन (मीट्रिक टन में), और सीमेंट उत्पादन (मीट्रिक टन में) इस प्रकार है –

विवरण	वित्तीय वर्ष 2024–25			सीसीआई का सामूहिक उत्पादन	वित्तीय वर्ष 2025–26			सीसीआई का सामूहिक उत्पादन
	बोकाजन	राजबन	तांदूर		बोकाजन	राजबन	तांदूर	
	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)	(मीट्रिक टन)
क्लिंकर उत्पादन	85250	119005	350000	554255	103100	94930	364390	562420
सीमेंट उत्पादन	97750	140775	427270	665795	108320	112080	454520	674920



माननीय मंत्री श्री एच.डी. कुमारस्वामी (भारी उद्योग मंत्रालय) श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सीसीआई के साथ बैठक करते हुए





श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,सीसीआई तांदूर इकाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए



श्री बालासुकुमार डेनियल, निदेशक (संचालन, सीसीआई तांदूर इकाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए

(ii) गुणवत्ता –

सीसीआई विभिन्न प्रकार के सीमेंट जैसे पोर्टलैंड पॉजोलाना सीमेंट (पीपीसी), साधारण पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी) का निर्माण विभिन्न ग्रेडों जैसे 43, 53 और 53एस (भारतीय रेलवे के लिए स्लीपरों के निर्माण हेतु विशेष ग्रेड सीमेंट) के साथ सुदृढ गुणवत्ता नियंत्रण के अंतर्गत सीसीआई सीमेंट के ब्रांड नाम से करता है।

परियोजनाओं की स्थिति का उल्लेख नीचे किया गया है:

क) बोकाजन विस्तार परियोजना की स्थिति

मैसर्स प्रोमैक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (प्रोमैक), बैंगलोर को कार्य आदेश संख्या 46/10/6(6)/10–एमएमओ/196 दिनांक 30.09.2010 के अंतर्गत बोकाजन इकाई को 1200 टीपीडी तक बढ़ाने के लिए दिनांक 24.09.2010 को 18 माह की पूर्णता अवधि पर 142.40 करोड़ रुपये की लागत पर कार्यादेश प्रदान किया गया था। यह परियोजना लगभग 7 वर्षों तक अधर में लटकी रही। अतः सीसीआई ने दिनांक 06.03.2019 को मैसर्स प्रोमैक के साथ यह संविदा समाप्त कर दी। मध्यस्थ अधिकरण का निर्णय सीसीआई के पक्ष में आया है।

ख) सिलचर ग्राइंडिंग इकाई की स्थिति

मैसर्स प्रोमैक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (प्रोमैक) को कार्य आदेश संख्या 47/10/6(7)/10–एमएमओ/206 दिनांक 30.09.2010 के अंतर्गत सिलचर (असम) में टर्नकी आधार पर 12 माह की पूर्णता अवधि पर 50 टीपीएच सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई की स्थापना के लिए 39.68 करोड़ रुपये मूल्य का कार्यादेश जारी किया गया था।संविदात्मक दायित्वों के उल्लंघन पर, सीसीआई ने दिनांक 06.03.2019 का यह कार्यादेश समाप्त कर दिया। सीसीआई ने मध्यस्थ आधिकरण के निर्णय को चुनौती दी है।

ग) तांदुर में प्रौद्योगिकी उन्नयन

1. गुणवत्ता को स्थिर करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कच्चे मिल और सीमेंट मिलों में शामिल रेसिपी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली।

2. स्थिर कैल्सीकरण और ईंधन दक्षता के लिए कैल्सीनर कोल पीआईडी नियंत्रण का एकीकरण।

3. बेहतर निगरानी और प्रचालन नियंत्रण के लिए भट्ठी, वीआरएम और सीमेंट मिल जैसे प्रमुख अनुभागों में प्रक्रिया मापदंडों के प्रावधान के साथ स्वचालन उन्नयन।

4. तापीय नुकसान और अनियोजित भट्ठी स्टॉपेज को कम करने के लिए मानक अपवर्तक सामग्री का अंगीकरण।

5. माल प्रेषण पर पैकिंग सटीकता बढ़ाने और सीमेंट के नुकसान को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक पैकर खरीद की शुरूआत।

गैर–प्रचालनरत इकाइयों की निष्क्रिय परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण का विवरण

भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के पत्र संख्या 1(1)/2017–पीई–XII/सीपीएसई–III दिनांक 09.02.2022 के अनुसार, कंपनी ने एमएसटीसी द्वारा आयोजित खुली ई–नीलामी के माध्यम से ''जैसा है, जहाँ है'' के आधार पर अपने गैर–प्रचालनरत इकाइयों (एनओयू) की निष्क्रिय परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण का कार्य आरंभ किया।

सभी सात (7) गैर–प्रचालनरत इकाइयों के लिए ई–नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, और तदनुसार सभी सात एनओयू से धनराशि प्राप्त कर ली गई है। इन गैर–प्रचालनरत इकाइयों के संयंत्र और मशीनरी, भंडार, स्पेयर, सिविल संरचनाओं और अन्य संपत्तियों की बिक्री और निपटान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:

क्र.सं.	इकाई की अवस्थिति	स्थिति
1	चरखी दादरी, हरियाणा	पूर्ण
2	अकलतरा, छत्तीसगढ़	
3	मंधार, छत्तीसगढ़	
4	कुरकुंटा, कर्नाटक	
5	भटिंडा, पंजाब	
6	नयागांव, मध्य प्रदेश	बिक्री आदेश जारी कर दिया गया है। निपटान कार्य चल रहा है।
7	आदिलाबाद, तेलंगाना	

गैर–प्रचालनरत इकाइयों की रेलवे साइडिंग का किराया

निष्क्रिय बुनियादी ढांचे का अभीष्ट उपयोग सुनिश्चित करने और अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने के लिए, कंपनी ने अपनी गैर–प्रचालनरत इकाइयों (एनओयू) के अप्रयुक्त रेलवे साइडिंग को किराए पर दिया है। विवरण निम्नानुसार हैं:

वर्ष के दौरान, सीसीआई के अकलतरा गैर–प्रचालनरत इकाई में रेलवे साइडिंग लाइन नंबर 1 का पहली बार व्यावसायिक रूप से उपयोग किया गया, जो निगम के निष्क्रिय बुनियादी ढांचे के मुद्रीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस पहल से आवर्ती गैर–प्रचालनरत आय की एक अतिरिक्त स्रोत उत्पन्न होने की उम्मीद है।

यह अकलतरा इकाई में रेलवे साइडिंग लाइन नंबर 3 के वाणिज्यिक उपयोग के माध्यम से पहले से ही उत्पन्न राजस्व के अतिरिक्त है। रेलवे साइडिंग लाइन नंबर 1 के मुद्रीकरण ने इकाई की राजस्व–उत्पादक क्षमता को और बढ़ाया है और इससे निगम की आवर्ती गैर–प्रचालनरत आय में सार्थक योगदान मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा, वर्ष के दौरान, कंपनी ने मंधार, छत्तीसगढ़ में रेलवे साइडिंग के परिचालन के लिए निविदा को सफलतापूर्वक अंतिम रूप दिया। वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने पर, मंधार रेलवे साइडिंग से आवर्ती गैर–प्रचालनरत आय का एक अतिरिक्त स्रोत मिलने की उम्मीद है, जिससे निगम के राजस्व आधार को और मजबूत किया जा सकेगा।

ख. लाभप्रदता

कंपनी ने गत वर्ष 31.05 करोड़ रुपये के सापेक्ष वर्ष 2025–26 के दौरान 74.67 करोड़ रुपये का निवल लाभ अर्जित किया।

ग. उद्योग की की मुख्य बातें और दृष्टिकोण बातें और दृष्टिकोण

भारत लगभग 700 मिलियन टन की कुल वार्षिक स्थापित क्षमता के साथ विश्व में सीमेंट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बना हुआ है। उत्पादन चूना पत्थर के भंडार वाले राज्यों, अर्थात् मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में केंद्रित है। दक्षिण भारत में स्थापित क्षमता का सबसे बड़ा हिस्सा 32% है, इसके बाद उत्तर भारत में 20 प्रतिशत है।

केंद्रीय बजट 2026–27 में सड़कों, रेलवे, लॉजिस्टिक्स (मल्टी–मॉडल परिवहन सहित) और शहरी बुनियादी ढांचे में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के लिए रिकॉर्ड 12.2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। भारतीय रेलवे ने 6,000 किलोमीटर नेटवर्क को कवर करने वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी है, और राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) ने अगले पांच वर्षों में ₹ 102 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत की है। चल रहे आवास उछाल, मजबूत ग्रामीण मांग (जो अब कुल सीमेंट खपत का लगभग एक तिहाई है), किफायती आवास योजनाओं, तेजी से शहरीकरण और विनिर्माण में वृद्धि के साथ, इन पहलों से सीमेंट की मांग में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है।



श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, सीसीआई माननीय श्री प्रेम चंद्र मौर्य, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय को सम्मानित करते हुए

सीमेंट की खपत को और बढ़ावा देने के लिए प्रमुख केंद्र सरकार की पहलें:

- पीएमएवाई शहरी 2.0, पांच वर्षों में एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए समर्थन को लक्षित करता है, जिसमें प्रति पात्र परिवार 2.50 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता शामिल है। फरवरी 2026 में अतिरिक्त 2.88 लाख घरों को मंजूरी दी गई, जिससे कुल स्वीकृत घरों की संख्या 13.61 लाख हो गई।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, जिसके लिए केंद्रीय बजट 2026–27 में ग्रामीण आवास विकास के लिए 54,916.7 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
- पीएम गति शक्ति योजना के तहत, नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप 16.10 लाख करोड़ रुपये की 352 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन कर रहा है, साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्यों को 50–वर्ष तक का ब्याज मुक्त ऋण भी दिया जा रहा है।
- राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन का 7,400 से 9,305 परियोजनाओं तक विस्तार।

बुनियादी ढांचे, आवास और लॉजिस्टिक्स पर सरकार के इस निरंतर ध्यान से समर्थित, भारतीय सीमेंट क्षेत्र मजबूत मध्यम अवधि की वृद्धि को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में है, जिसमें प्रमुख अंतिम उपयोगकर्ता क्षेत्रों में मांग मजबूत रहने की संभावना है। निरंतर समेकन, राष्ट्रव्यापी क्षमता विस्तार, और हरित ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स दक्षता में बढ़ती निवेश से उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को और मजबूत करने की उम्मीद हैय सीसीआई ने अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए अपनी बोकाजन और राजबन इकाइयों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की हैं।

देश का वार्षिक सीमेंट उत्पादन लगभग 490 मिलियन टन तक पहुंच गया, जबकि प्रति व्यक्ति खपत लगभग 290 किलोग्राम तक पहुंच गई – जो अभी भी विश्व औसत से काफी कम है, जो महत्वपूर्ण दीर्घकालिक दायरे को रेखांकित करता है। सीमेंट की कीमतें वित्तीय वर्ष 2025–26 की तुलना में मामूली रूप से अधिक थीं!तथापि, ईंधन और माल भाड़े की लागत में वृद्धि, विशेष रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से मुक्त नौवहन में व्यवधान के बीच, वित्तीय वर्ष 2026–27 में लाभप्रदता की प्रासंगिकता के लिए एक महत्वपूर्ण बाधा है।





श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, सीसीआई श्री हर्षवर्धन चौहान, औद्योगिक मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार से मुलाकात करते हुए

घ. कंपनी का प्रदर्शन

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 6.75 लाख मीट्रिक टन सीमेंट का उत्पादन किया, जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में बिक्री में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राजबन इकाई में उत्पादन कुछ सप्ताहं तक बाधित रहा, क्योंकि यह खराब हो गया था। दक्षिण भारत उद्योग के लिए सबसे कम क्षमता उपयोग वाला क्षेत्र बना हुआ है, और इसके परिणामस्वरूप कमजोर मूल्य निर्धारण वातावरण के कारण तांदूर इकाई के करीब बाजारों में अधिक केंद्रित बिक्री हुई। बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने इनपुट लागत में भी वृद्धि की है, जिससे इकाई की लागत प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई है। कंपनी मिश्रित सीमेंट को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखती है, जो अधिक पर्यावरण के अनुकूल है।

ङ. विपणन और विपणन वातावरण

सीसीआई की तीन प्रचालन इकाइयां हैं, जो तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और असम में स्थित हैं। तांदूर इकाई एक मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाली एक एकीकृत संयंत्र है, जबकि अन्य दो इकाइयां छोटी हैं लेकिन रणनीतिक रूप से स्थित हैं। तांदूर 100 किमी के दायरे में दस एकीकृत सीमेंट संयंत्रों के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी समूह के भीतर काम करता है, जो तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र के बाजारों को सेवा प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। विगत दो वर्षों में विलय और अधिग्रहण के माध्यम से अखिल भारतीय समेकन ने सीमेंट की कीमतों पर और दबाव डाला है। हालांकि, सीसीआई, अपनी उपभोक्ता स्वीकृति और वरीयता के बल पर इन प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रहा है, और समेकन चरण समाप्त होने के बाद लाभान्वित होने के लिए खड़ा है। तांदूर में, कंपनी ने ओपीसी 53S को भी बढ़ावा दिया है, जो कर्नाटक और तेलंगाना में कंक्रीट–स्लीपर संयंत्रों में रेलवे स्लीपर के उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला एक विशेष–ग्रेड सीमेंट है।

पूर्वोत्तर भारत में बाजार भी विकसित हो रहे हैं, जिसमें प्रमुख राष्ट्रीय खिलाड़ी इस क्षेत्र में ग्रीनफील्ड परियोजनाओं या अधिग्रहण की योजना बना रहे हैं। सीसीआई बोकाजन इकाई के भीतर एक रेलवे साइडिंग की उपलब्धता, हालांकि, प्रतिस्पर्धियों पर एक अलग लाभ प्रदान करती है, और इकाई अपने पड़ोसी बाजारों में मजबूत ग्राहक वरीयता का लाभ उठा रही हैं

सीसीआई राजबन, हालांकि उत्तराखंड सीमा के करीब, हिमाचल प्रदेश में स्थित है और इसके प्रमुख बाजार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में फैले हुए हैं। इकाई ने हिमालय क्षेत्र में चल रहे बड़े पैमाने पर विकासात्मक और बुनियादी ढांचे के काम के बीच कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं को सीमेंट की आपूर्ति की है।

एक महत्वपूर्ण नीतिगत कदम में, सरकार ने सितंबर 2025 के दौरान सीमेंट पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया। यह विभेदक कर लाभ उपभोक्ताओं को पारित किया गया है, जिससे निर्माण गतिविधि को और बढ़ावा मिला है, और बिल्डरों, व्यक्तिगत गृह–निर्माताओं और बुनियादी ढांचा विकासकर्ताओं द्वारा समान रूप से पूरे उद्योग में अच्छी तरह से प्राप्त किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में विपणन वातावरण चुनौतीपूर्ण रहने की उम्मीद है, समेकन चरण अभी समाप्त नहीं हुआ है और सीमेंट की कीमतें दबाव में बनी हुई हैं। सीसीआई इन चुनौतियों का सामना करने और उपभोक्ताओं को किफायती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली सीमेंट की पेशकश जारी रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

वर्ष के दौरान, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने भारत सरकार की ओर से सेशेल्स के लोगों को उपहार के रूप में विशाखापत्तनम बंदरगाह के माध्यम से अपने तांदूर इकाई से 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट का निर्यात किया। सीमेंट को तांदूर से CONCOR रेक के माध्यम से भेजा गया, बंदरगाह पर संभाला गया और आगे के शिपमेंट के लिए जहाज पर लोड किया गया। खेप को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 26 जून को अपनी सेशेल्स यात्रा के दौरान सौंपा था।

4. पूंजी संरचना

इस वित्तीय वर्ष के दौरान निगम को भारत सरकार से इक्विटी के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है और वर्ष के अंत में कंपनी की शेयर पूंजी 811.41 करोड़ रुपये थी, जिसमें 455.98 करोड़ रुपए की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी और 355.43 करोड़ रुपए के चुकता गैर–संचयी प्रतिदेय अधिमानी शेयर सम्मिलित हैं।

5. मानव संसाधन प्रबंधन

अपनी स्थापना के 61 वर्षों की महत्वपूर्ण अवधि में सीसीआई अपनी सबसे बड़ी ताकत – अपने लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। कंपनी में समर्पित कार्यबल है जिसमें लगभग 278 नियमित कर्मचारी और 1,120 संविदा कर्मचारी सम्मिलित हैं, जो भिन्न–भिन कौशल, योग्यताएं और विशेषज्ञता रखते हैं।सीसीआई का दृढ़ विश्वास है कि कर्मचारी विकास कंपनी के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रमुख संस्थानों के सहयोग से, कंपनी ज्ञान, तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और अपने कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर केंद्रित कार्यक्रम संचालित करती रहती है।



इकाइयों में सीसीआई स्थापना दिवस का समारोह





विकाराबाद जिला पुलिस प्रशासन, सीसीआई कर्मचारी, मजदूर और करनकोट के ग्रामीणों की उपस्थिति में सामुदायिक केंद्र तांदूर में सीसीआई जागरूकता कार्यक्रम और नेत्र जांच शिविर की झलकियाँ



निगम कार्यालय में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

6. औद्योगिक संबंधः

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025–2026 के दौरान एक अनुकूल और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध माहौल को बढ़ावा दिया। सीसीआई ने सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी लागू श्रम कानूनों का भी पालन किया, जिसके परिणामस्वरूप श्रम विवादों के कारण मानव दिवसों का नुकसान नही हुआ। सीसीआई के पास विभिन्न स्तरों पर ट्रेड यूनियनों और कर्मचारियों के साथ बातचीत और चर्चा के माध्यम से संरचित तरीके से समस्यायाओं का निवारण करने एक अच्छी प्रथा विद्यमान है।



श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, सीसीआई श्री आर. डी. नजीम, अपर मुख्य सचिव (उद्योग एवं परिवहन), हिमाचल प्रदेश सरकार से मुलाकात करत हुए







सीसीआई की इकाइयों में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के दौरान सुरक्षा जागरूकता पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन जिसमें सामुदायिक सुरक्षा के लिए विभिन्न जीवन रक्षक उपायों को भी समझाया गया।



सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्यात किए गए 8500 मीट्रिक टन सीमेंट की खेप, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा हिंद महासागर द्वीप राष्ट्र सेसल्स की अपनी हालिया यात्रा के दौरान सेसल्स की सरकार और जनता को सौंपी गई थी।

7. मानव संसाधन विकास:

स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेजी से विकसित हो रहे युग में, काम अब केवल कार्यों को पूरा करने के बारे में नहीं है – यह सार्थक कर्मचारी अनुभव बनाने के बारे में है जो नवाचार, सहयोग और संगठनात्मक उत्कृष्टता को प्रेरित करता है। आधुनिक कार्यस्थलों में कर्मचारी अपेक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है, जिसमें लचीलापन, कल्याण, विविधता, समानता, समावेश और निरंतर सीखने पर जोर दिया जा रहा है। इस परिवर्तन को पहचानते हुए, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) का मानव संसाधन विकास विभाग प्रगतिशील, लोगों पर केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने में हमेषा सबसे आगे रहा है जो निगम के मिशन, विजन और रणनीतिक उद्देश्यों के साथ संरेखित करते हुए कर्मचारियों को सशक्त बनाता है।

कार्यबल प्रबंधन के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ते हुए, सीसीआई ने अपने मानव संसाधन प्रथाओं को आधुनिक बनाने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है। निगम ने ऑनलाइन भर्ती और ऑनलाइन प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली सहित प्रमुख मानव संसाधन प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक सुव्यवस्थित किया है, जिससे तेजी से, अधिक पारदर्शी और कुशल प्रतिभा अधिग्रहण और प्रदर्शन मूल्यांकन को सक्षम किया गया है। इन डिजिटल पहलों ने मैनुअल हस्तक्षेप को काफी कम कर दिया है, प्रसंस्करण समय को कम कर दिया है, सटीकता में सुधार किया है और समग्र कर्मचारी अनुभव को बढ़ाया है। प्रौद्योगिकी को अपनाने से डेटा–आधारित निर्णय लेने की इच्छाषक्ति को भी मजबूत किया गया है और जवाबदेही और प्रदर्शन उत्कृष्टता की संस्कृति को मजबूत किया गया है।

यह मानते हुए कि मानव पूंजी सतत संगठनात्मक विकास की नींव है, सीसीआई निरंतर सीखने, कौशल वृद्धि और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से अपने कार्यबल के विकास में निवेश करना जारी रखता है। निगम कर्मचारियों को अपनी दक्षताओं को उन्नत करने, नवाचार को अपनाने और एक बदलते कारोबारी माहौल में चुस्त रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस तरह की पहल न केवल कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है, अपितु संगठनात्मक प्रदर्शन और दीर्घकालिक सफलता में भी योगदान करती है।

टीम वर्क को बढ़ावा देने, पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, मानव संसाधन विभाग नियमित रूप से कर्मचारी सहभागिता की एक विस्तृत श्रृंखला की पहल करता है। इनमें टीम निर्माण गतिविधियां, स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता अभियान), खेल प्रतियोगिताएं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह, राष्ट्रीय एकता दिवस, संविधान दिवस, सुरक्षा सप्ताह, विश्व पर्यावरण दिवस और विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम शामिल हैं। इस तरह की पहल सहयोग को प्रोत्साहित करती है, कर्मचारी मनोबल को बढ़ाती है, संगठनात्मक मूल्यों को सुदृढ़ करती है और एक जीवंत और समावेशी कार्यस्थल बनाती है।

सीसीआई विभिन्न सामाजिक आउटरीच पहलों के माध्यम से कर्मचारी स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण पर भी महत्वपूर्ण जोर देता है। निगम नियमित रूप से अपने इकाई स्थानों में कर्मचारियों और स्कूल के छात्रों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है, आस–पास के गांवों में चिकित्सा शिविर आयोजित करता है, और वंचित समुदायों को स्वास्थ्य देखभाल सहायता प्रदान करता है। ये पहल कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सीसीआई की प्रतिबद्धता और कार्यस्थल से परे सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के उसके प्रयास को दर्शाती हैं।





सीसीआई राजबन ने हर्षोल्लास के साथ अंबेडकर जयंतीमनाई। छोटे बच्चों को स्टेशनरी का सामान और लड्डू बांटे गए, जिसेबच्चों ने प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण किया और इस प्रकार शिक्षा समानता और सामाजिक उत्थान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई







सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की सभी 3 इकाइयों में योग दिवस पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। कर्मचारियों और उनके परिवारों ने एक साथ योग सत्र में हिस्सा लिया, जिससे फिटनेस, माइंडफुलनेस और पारिवारिक जुड़ाव को बढ़ावा मिला।





निगम कार्यालय में होली मिलन





सीसीआई क्वारी दिल्लाई परबत चूना पत्थर खानों में परिवार के सदस्यों और सीसीआई बोकाजन इकाई के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा आयोजित रंगारंग बिहू–2026 हर्षोल्लास से मनाया गया






स्वच्छ भारत अभियान में युवाओं को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें रचनात्मक प्रविष्टियों में स्वच्छता और साफ–सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला गया









निगम कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता के साथ दीपोत्सव

विशेष अभियान 5.0

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक कार्यालयों में स्वच्छता, दक्षता और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान 5.0 में सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान में कॉर्पोरेट कार्यालय और इकाइयों में स्वच्छता डॉ.ि व्स, व्यवस्थित रिकॉर्ड प्रबंधन, अप्रचलित रिकॉर्ड और स्क्रैप के निपटान पर ध्यान केंद्रित किया गया। कर्मचारियों ने स्वच्छता, पारदर्शिता और परिचालन दक्षता की संस्कृति को मजबूत करते हुए और अधिक संगठित, टिकाऊ और उत्पादक कार्यस्थल में योगदान करते हुए इस पहल में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

विशेष अभियान 5.0 ने कार्यालय स्थानों को अनुकूलित करके कार्यस्थल दक्षता में सुधार, प्रशासनिक मामलों में लंबितता को कम करने और दिन–प्रतिदिन के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने पर भी जोर दिया। सतत प्रथाओं, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम और कर्मचारी सहभागिता गतिविधियां आयोजित की गईं।

विशेष अभियान 5.0 का सफल कार्यान्वयन स्वच्छता, कार्य कुशलता और सुशासन के सिद्धांतों के प्रति सीसीआई के समर्पण को दर्शाता है।







विशेष अभियान–5.0 के हिस्से के रूप में, सीसीआई ने पुरानी फाइलों की सफाई और छंटाई सफलतापूर्वक की, जिससे स्वच्छता और दक्षता की भावना को बल मिला।

टीबी मुक्त भारत अभियान– 100 दिवसीय अभियान गांव गांव शहर शहर

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने तपेदिक उन्मूलन के भारत सरकार के मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए सक्रिय रूप से टीबी मुक्त भारत अभियान– 100–कंल अभियान में भाग लिया। "गाँव गाँव, शहर शहर", अभियान के हिस्से के रूप में, टीबी की रोकथाम, शीघ्र निदान, समय पर उपचार और बीमारी से जुड़े कलंक को खत्म करने के महत्व पर कर्मचारियों और आस–पास के समुदायों को शिक्षित करने के लिए सीसीआई इकाइयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा, सीसीआई इकाइयों ने टीबी रोगियों को टीबी पोषण किट वितरित किए, जिससे उनकी रिकवरी में सहायता करने और उपचार के पालन को बढ़ावा देने के लिए पोषण संबंधी सहायता प्रदान की गई। ये पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने, सामुदायिक कल्याण का समर्थन करने और टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान करने के लिए सीसीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।



सीसीआई बोकाजन इकाईद्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवस अभियान के हिस्से के रूप में टीबी जागरूकता सत्र का आयोजन





सीसीआई तंदूर इकाई द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी रोगियों को 72 टीबी पोषण किट वितरित किए



सीसीआई राजबान इकाई द्वारा स्वास्थ्य लाभ और टीबी मुक्त समुदाय के लिए पौष्टिक भोजन के साथ उपचार का समर्थन करते हुए स्वास्थ्य केंद्रों तरुवाला और अजोली में टीबी रोगियों को पोषण टोकरी वितरित किए गए।

8. प्रशिक्षण और विकास

सीसीआई ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान संरचित प्रशिक्षण और विकास पहलों के माध्यम से कर्मचारी सीखने और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा। कर्मचारियों की तकनीकी, प्रबंधकीय, व्यवहारिक और कार्यात्मक दक्षताओं को बढ़ाने के लिए कई ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर कर्मचारियों को बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों के लिए भी नामांकित किया गया।

निरंतर स्व–शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए, कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर योग्यता–आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे वे डिजिटल शिक्षा के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल को उन्नत कर सकें।

इसके अलावा, सीसीआई ने कॉर्पोरेट कार्यालय, इकाइयों और क्षेत्रीय कार्यालयों के कर्मचारियों को शामिल करते हुए ज्ञान साझाकरण सत्रों का आयोजन किया ताकि सर्वोत्तम प्रथाओं और कार्यात्मक विशेषज्ञता के आदान–प्रदान को सुविधाजनक बनाया जा सके, जिससे सहयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा मिले और संगठनात्मक प्रभावशीलता में सुधार हो।




सीमेंट उत्पादन और इकाई के कामकाज की गहन जानकारी प्राप्त करने के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय के कर्मचारियों का राजबन इकाई का अध्ययन दौरा

9. राजभाषा कार्यान्वयनः

निगम ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप हिंदी के प्रगामी प्रयोग को निरंतर बढ़ावा दिया है। नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। निगम राजभाषा कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से सहभागिता करता है इसके अतिरिक्त निगम में दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़ा मनाया जाता है।



बोकाजन इकाई में आयोजित 'कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिंदी का महत्व'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कर्मचारीगण सहभागिता करते हुए



कर्मचारियों ने तांदूर इकाई में हिंदी चित्र वर्णन प्रतियोगिता में भाग लिया और हिंदी भाषा के बारे में अपने रचनात्मक विचार व्यक्त किए।



सीसीआई, निगम कार्यालय द्वारा हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के प्रयास में एक समाचार पठन और हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन।



नगर राजभाषा कार्यान्वय समिति (नारकस), दिल्ली इकाई–2 के तत्वावधान में एसजेवीएन द्वारा आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में सीसीआई के अधिकरी पुरस्कार ग्रहण करते हुए

10. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्वः

सीमेंट निर्माण के व्यवसाय के अलावा, सीसीआई का मुख्य उद्देश्य समुदाय को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ प्रदान करके समाज को कुछ वापस देना है जिसमें यह कार्य करता है। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं के संवर्धन और कौशल विकास के क्षेत्र में सीएसआर पहल आरंभ की गई है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, सीसीआई इकाइयों ने विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में योगदान दिया है, जिनमें शामिल हैं:

- सीसीआई, बोकाजन सीमेंट फैक्ट्री द्वारा एक एक्वालक्स आरओ प्लांट, दो रेफ्रिजरेटर की स्थापना और मरीजों के लिए व्हील चेयर उपलब्ध कराना।
- बोकाजन सीमेंट फैक्ट्री द्वारा आपदा प्रबंधन सहायता और आपातकालीन बचाव सेवाओं के लिए एक यूबी 420 पदसिंजंइसम बचाव नाव की व्यवस्था।
- बोकाजन सीमेंट फैक्ट्री द्वारा स्कूल जाने वाले बच्चों (सुकाफा एमई स्कूल, सीसीआई एमई स्कूल, सरकारी ऊपरी ओके केहाई एलपी स्कूल, दिल्लाई और बोकाजन 2 मील एलपी स्कूल) के लिए पोषणयुक्त खाद्य पैकेट का वितरण।
- वर्ष 2025–26 के लिए, सीसीआई, बोकाजन सीमेंट फैक्ट्री ने कौशल विकास कार्यशालाध्प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी योगदान दिया है।
- रोहिणी बे गांव में खानों के पास, मणिपुरी बस्ती हातीगढ़ में बोकाजन सीमेंट फैक्ट्री के पास और एंगल स्टेशन के पास हबीबग बस्ती में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए।
- तांदूर सीमेंट फैक्ट्री द्वारा विभिन्न चिकित्सा शल्य चिकित्सा वस्तुओं जैसे बीपी मशीन विश्लेषक, ग्लूकोमीटर, स्टेथोस्कोप, वजन मशीन, मूत्र विश्लेषक, पैरा मॉनिटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, नेबुलाइजर और ग्राम पंचायत आदि के लिए स्टील वस्तुओं सहित विभिन्न खेल वस्तुओं की स्थापना/व्यवस्था।
- तांदूर सीमेंट फैक्ट्री द्वारा 2 केंट आरओ की स्थापना और विभिन्न आरओ घटकों की व्यवस्था।
- तांडूर सीमेंट फैक्ट्री द्वारा नैतिक, शारीरिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित अभिनव न्यास (जिसे अक्सर अभिनव भारत न्यास के नाम से जाना जाता है) में योगदान दिया।
- राजबन सीमेंट फैक्ट्री द्वारा स्कूल के बच्चों के लिए जूते, स्टेशनरी आइटम और स्कूलों के लिए खेल आइटम के साथ ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन वर्दी की व्यवस्था की गई है, अर्थात सरकारी प्राथमिक विद्यालय मानल, सरकारी प्राथमिक विद्यालय कांदो, सरकारी प्राथमिक विद्यालय राजबन और सरकारी प्राथमिक विद्यालय बडवा।
- भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (निक्सय मित्र पहल) के तहत टीबी रोगियों को पोषण और स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए तांदूर सीमेंट फैक्ट्री द्वारा 72 टीबी किट का वितरण और राजबन क्षेत्र में 25 टीबी रोगियों के लिए 6 महीने के लिए पोषण टोकरी का वितरण।
- राजबन सीमेंट फैक्ट्री द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजबन इकाई के पास के गांवों के स्थानीय ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ–साथ छिछेटी पंचायत को निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं।







बोकाजन इकाई ने अपनी 2025–26 सीएसआर पहल के तहत आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। डीसी, बीटीसी अध्यक्ष, अग्निशमन और बचाव दल और मीडिया की उपस्थिति में, एक जीवन रक्षक नाव बोकाजन एडीसी उप–मंडल को सौंपी गई और शारीरिक रूप से विकलांग महिलाओं को स्वचालित व्हीलचेयर दी गई। खटाखाटी पुलिस स्टेशन को एक आरओ वाटर प्यूरीफायर और कूलर भी प्रदान किया गया





सीएसआर पहल के तहत सीसीआई तांदूर इकाई ने सरकारी जिला अस्पताल तंदूर को आवश्यक चिकित्सा उपकरण दान किए हैं, जिससे हमारे समुदाय के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाया जा सके



सीसीआई लिमिटेड ने हमारे राजबन इकाई की खानों के पास गांव छछेती में स्वास्थ्य और आशा लाई, मुफ्त स्वास्थ्य शिविर टीबी जागरूकता शिविर और मुफ्त जागरूकता शिविर आयोजित किया





छोटी मुस्कान, बड़ा प्रभावः सीसीआई राजबन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजबन के छात्रों को स्कूल की वर्दी, स्वेटर, जूते, बैग और खेल उपकरण वितरित किएजो सीसीआई की सीखने और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता हैं

11. महिला कल्याण:

कंपनी ने सक्रिय रूप से समानता की संस्कृति विकसित की है जो संगठन के सभी पहलुओं में महिलाओं की भागीदारी को प्रेरित और समर्थन करती है।इस प्रगतिशील वातावरण ने परिवर्तनकारी मानसिकता को प्रोत्साहित किया है, जिससे महिलाओं को अधिक आत्मविश्वास और प्रभाव के साथ भूमिकाएं निभाने का अधिकार मिला है – जिससे वे अपने स्वयं के विकास और संगठन की वृद्धि में सार्थक योगदान दे रही हैं।निगम की सभी इकाइयों और कार्यालयों में महिला कर्मचारियों को सभी सांविधिक और अतिरिक्त लाभ समान रूप से प्रदान किए जाते हैं। सीसीआई मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 (2017 में संशोधित) के प्रावधानों का पूर्णतः अनुपालन करता है। इस अधिनियम के अंतर्गत लाभ स्थायी और संविदा दोनों प्रकार की कर्मचारियों को प्रदान किए जाते हैं, जिससे सभी पात्र महिला कर्मचारियों को व्यापक सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने यौन उत्पीड़न निवारण (पीओएसएच) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार एक समिति का गठन किया है।यह समिति यौन उत्पीड़न से संबंधित किसी भी मुद्दे का समाधान करने, कंपनी की नीतियों की समय–समय पर समीक्षा करने और कर्मचारियों को अधिनियम के अंतर्गत उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तरदायी है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

इसके अतिरिक्त, सीसीआई इकाइयों में समर्पित महिला क्लब हैं, जो महिलाओं के लिए विभिन्न सामाजिक, मनोरंजक और कल्याणकारी गतिविधियों के आयोजन के लिए मंच के रूप में कार्य करते हैं।ये क्लब इकाई स्तर पर महिलाओं से जुड़ी चिंताओं का सक्रिय रूप से समाधान करते हैं और कंप्यूटर साक्षरता तथा मातृ–शिशु स्वास्थ्य सेवा जैसे व्यावसायिक कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। निगम महिला कर्मचारियों के समग्र कल्याण और विकास हेतु इन पहलों को सुगम बनाने के लिए ढाँचागत और वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

यौन उत्पीड़न की रोकथाम (PoSH)

क. वर्ष के दौरान प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या– 00 (शून्य)

ख. वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या – 00 (शून्य)

ग. नब्बे दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या – 00 (शून्य)





हमारे निगम कार्यालय में केक काटकर महिला दिवस मनाया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, श्री संजय बंगा ने महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक विचार साझा किए, समानता और प्रगति पर जोर दिया। हम एक साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

12. शिकायत निवारण तंत्र

एक प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली कर्मचारी संतुष्टि बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे उत्पादकता में सुधार होता है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और प्रचालनरत इकाइयों में एक मजबूत और उत्तरदायी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया है।

कर्मचारियों को वेतन, कार्य–स्थितियों, छुट्टियों, कार्य–आबंटन, कल्याणकारी सुविधाओं और अन्य संबंधित मामलों से संबंधित किसी भी समय अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रत्येक शिकायत की प्रकृति के आधार पर, नामित समिति अक्सर अनौपचारिक और रचनात्मक बातचीत के माध्यम से समय पर और विचारशील समाधान सुनिश्चित करती है।

सीसीआई की शिकायत निवारण प्रणाली व्यापक, सुव्यवस्थित और अनुकूलनीय है – जो कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

13. पारिश्रमिक नीति

सीसीआई में, अधिकारियों के लिए वेतन और अन्य हितलाभ भारी उद्योग मंत्रालय और सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों पर आधारित हैं।

14. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा आय और व्यय

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एम) के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा आय और व्यय से संबंधित जानकारी अनुबंध में दी गई है और इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

15. कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति के विकास और कार्यान्वयन से संबंधित विवरण

जोखिम प्रबंधन प्रणाली निगम और प्रचालन उद्देश्यों के साथ एक एकीकृत और संरेखित प्रणाली है। जोखिम प्रबंधन निर्धारित समय पर एक अलग कार्य के रूप में न करके सामान्य व्यावसायिक अभ्यास के भाग के रूप में किया जाता है।

16. कंपनी द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहल पर विकसित और कार्यान्वित नीति का विवरण

आपकी कंपनी ने हमेशा अपने सीएसआर दर्शन के एक भाग के रूप में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया है जिससे कारोबार और समाज विकास के लिए भागीदार बन सकते हैं। आपकी कंपनी ने गतिविधियों की रूपरेखा अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अनुरूप बनाई है और विभिन्न पहलें आरंभ की हैं।

17. सतर्कता विभाग की गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

1) सतर्कता जागरूकता पहल

- सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन सभी तीन परिचालन इकाइयों और कॉर्पोरेट कार्यालय में 27 अक्तूबर, 2025 से 2 नवंबर, 2025 तक किया गया था। इस सप्ताह के दौरान सभी तीन परिचालन इकाइयों और कॉर्पोरेट कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकतम कर्मचारियों और जनता की भागीदारी को सामने लाने के लिए निबंध लेखन, वाद–विवाद, पोस्टर बनाना, नारा लेखन प्रतियोगिता आदि सम्मिलित थी।
- सभी तीन इकाइयों के आस–पास के गांवों में ''जागरूकता ग्राम सभा'' जैसे जागरूकता सत्र आयोजित किए गए और सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता के बारे में जनता को संवेदनशील बनाने के लिए संगोश्ठी/कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

2) सीवीसी– अनिवार्य अभियान

- सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुरूप, 18 अगस्त 2025 से 17 नवंबर 2025 तक ––सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी'' विषय पर तीन महीने का अभियान चलाया गया जिसमें निम्नलिखित पर विशेष जोर दिया गयाः
  - लंबित शिकायतों का निपटान
  - लंबित मामलों का निपटान
  - क्षमता निर्माण कार्यक्रम
  - परिसंपत्ति प्रबंधन
  - डिजिटल पहल।
- क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत, आचरण नियम और कार्यालय कार्य, साइबर स्वच्छता, खरीद और अनुबंध प्रबंधन, आरोप पत्र तैयार करना और सीटीई–प्रकार की गहन परीक्षाओं जैसे विषयों पर कार्यशालाएं और जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कॉर्पोरेट कार्यालय के अधिकारियों ने शारीरिक रूप से भाग लिया, जबकि परिचालन इकाइयों ने वचुअल स्वरूप में सहभागिता की।

3. निवारक सतर्कता उपाय

- नियमित गतिविधियों में भ्रष्टाचार–प्रवण क्षेत्रों की पहचान, संवेदनशील पदों की मैपिंग, संवेदनशील पदों पर अधिकारियों/कर्मचारियों का समय–समय पर रोटेशन, आकस्मिक निरीक्षण, अचल संपत्ति रिटर्न की जांच और सहमत और ओडीआई सूचियों की तैयारी शामिल थी।

4. संपत्ति रिटर्न की जांच

- अनुपालन सुनिश्चित करने और अनियमितताओं का पता लगाने के लिए मानव संसाधन विभाग के माध्यम से कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक संपत्ति रिटर्न के 20–30 प्रतिशत की त्रैमासिक आधार पर जांच की गई थी।

5. सीवीसी को रिपोर्ट करना

- पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए, त्रैमासिक प्रदर्शन रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के भीतर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को प्रस्तुत की गई।



श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक–सीसीआई के साथ सीवीओ श्री पीयूष रंजन ने सर्तकता, क्षमता निर्माण और डिजिटल पहलों पर 3 माह #VAW2025 का अभियान का शुभारंभ किया। इस वर्ष का विषय ''सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी'' था



बोकाजन इकाई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान

18. ई–खरीद / सत्यनिष्ठा अनुबंध

संगठन में ई–प्रोक्योरमेंट सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। मेसर्स एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र), नई दिल्ली, GeM पोर्टल के अलावा ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल के लिए सेवा प्रदाता है, जहाँ सरकारी नीतियों के अनुसार खरीद को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त 50,000/– (पचास हजार) रुपये से अधिक की निविदाएं एनआईसी/जीईएम पोर्टल पर जारी ई–निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जा रही हैं।

निगम में सत्यनिष्ठा अनुबंध लागू कर कर दिया गया है। एक आईईएम 10 लाख रुपये से अधिक की सभी निविदाओं के लिए सत्यनिष्ठा संधि के कार्यान्वयन की निगरानी भी करता है। आईईएम द्वारा नियमित रूप से सत्यनिष्ठा अनुबंध समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।





श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, सीसीआईने सीवीओ श्री पीयूष रंजन के साथ कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई

19. एमएसएमई खरीद

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और कंपनी के लिए विकास के महत्वपूर्ण साझेदार हैं। सभी खरीद गतिविधियों में भारत सरकार की एमएसएमई नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से की गई खरीद कुल खरीद मूल्य का 80 प्रतिशत रही है, जो एमएसएमई नीति के तहत अनिवार्य 25 प्रतिशत खरीद की आवश्यकता से कहीं अधिक है। इसमें महिला MSM उद्यमियों से की गई खरीद, MSME से हुई कुल खरीद का 3.60 प्रतिशत रही है, जो 3 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। एमएसएमई के सभी भुगतान तय समय–सीमा (45 दिन) के अंदर जारी किए जा रहे हैं और सीसीआई में एमएसएमई से जुड़ा कोई भी भुगतान बकाया या रुका हुआ नहीं है। इसकी जानकारी हर महीने एमएसएमईसमाधान पोर्टल पर भी दी जाती है। एमएसएमई समाधान पोर्टल पर एमएसएमई वेंडर्स की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है, जो यह दर्शाताा है कि एमएसएमई को कितनी प्राथमिकता दी जा रही है।

सरकार एमएसएमई संबंध पोर्टल के माध्यम से एमएसएमई की खरीद की प्रगति पर भी नजर रख रही है, जहाँ हर महीने के डेटा का विश्लेषण किया जाता है। एससी/एसटी और महिला से संबंधित एमएसएमई से होने वाली खरीद पर भी नजर रखी जा रही है और खरीद प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नियमित रूप से वेंडर मीट आयोजित की जा रही हैं, जिनमें खास तौर पर एमएसएमई वेंडरों को सीसीआई की निविदाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, साथ ही सीसीआई की निविदाओं में एससी/एसटी और महिला एमएसएमई वेंडरों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।



सीसीआई ने एमएसएमई और संपूर्ण भारत में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तापूर्ण सीमेंट की आपूर्ति के लिए एनएसआईसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं

20. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

अपने कारोबार का सुव्यवस्थित और कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली विद्यमान है, जिसमें कंपनी की नीतियों का पालन करना, अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी की रोकथाम, सटीक और त्वरित वित्तीय रिपोर्टिंग, और अच्छे कॉर्पोरेट के लिए जोखिम प्रबंधन की प्रभावशीलता में सुधार करना शामिल है। कंपनी में मुख्य रूप से निम्नलिखित आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली विद्यमान है:–

. स्वतंत्र सनदी लेखाकार फर्मों द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा।

बाहरी आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति खुली निविदा/सूचीबद्धता के आधार पर लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा और कंपनी के निदेशक मंडल के अनुमोदन के बाद की जाती है। महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों वाली रिपोर्टें समय–समय पर कंपनी के प्रबंधन और लेखा परीक्षा समिति को प्रस्तुत की जाती हैं। आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर, संबंधित क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है और इस प्रकार नियंत्रण को मजबूत किया जाता है।

कंपनी में प्रबंधन द्वारा जारी विभिन्न संहिताएं, नियमावलियों और प्रक्रियाओं के रूप में पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण उपाय विद्यमान हैं, जो सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों को कवर करते हैं, जैसे विपणन नियमावली, खरीद और कामकाज नियमावली, सामग्री, स्टोर, लेखा और व्यक्तिगत नियमावली आदि। विपणन नियमावलीका अद्यतन किया गया है और प्रबंधन ने बेहतर जांच और नियंत्रण के लिए समय–समय पर अन्य सभी मैनुअल को अद्यतन करने के लिए कदम उठाए हैं।

21. ऋण, गारंटी या निवेशों का ब्यौरा

वर्ष 2025–26 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत कोई सरकारी ऋण, गारंटी या निवेश नहीं किया गया है।

22. लेखापरीक्षकों और प्रेक्टिस करनेवाले कंपनी सचिव द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई अर्हताओं, छिपावों, प्रतिकूल टिप्पणियों या अस्वीकरण पर स्पष्टीकरण या टिप्पणियां:

सांविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट और सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर प्रबंधन का उत्तर निदेशकों की रिपोर्ट का हिस्सा है।

23. संबंधित पक्षकारों के साथ की गई संविदाओं या करारों का ब्यौरा:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के अंतर्गत यथा परिभाषित संबधित पक्षकारों के साथ कोई संविदा या करार नहीं किए गये थे।

24. निदेशकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक के भुगतान और उनके कर्तव्यों के निर्वहन से संबंधित कंपनी की नीति:

सीसीआई केन्द्र सरकार का सार्वजनिक उद्यम (सीपीएसई) है जहां निदेशकों की नियुक्ति, उनको देय पारिश्रमिक और भत्तों से संबंधित नीति भारत सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है।

25. वार्षिक विवरणी

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12 के साथ पठित धारा 92 के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक विवरणी के सार इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं। वार्षिक विवरणी का सार कंपनी की वेबसाइट https://www.cciltd.in/page. php?id=29 पर भी उपलब्ध है।

26. समीक्षाधीन वर्ष में आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में बोर्ड की सात (7) बैठकें अर्थात् 09.04.2025, 23.05.25, 17.07.2025, 01.08.2025, 09.10.2025, 02.12.2025 एवं 20.02.2026 को आयोजित की।

27. प्रबंधन के साथ चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबंधन के साथ चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है और यह कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

28. निदेशकों के उत्तरदायित्व का कथन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड एतद्द्वारा अपने उत्तरदायित्व का कथन प्रस्तुत करता है:–

(क) वार्षिक लेखाओं को तैयार करने में लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया था और साथ ही सामग्री प्रेषण के संबंध में उचित स्पष्टीकरण दिया गया था;

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन कर उन्हें सतत रूप से लागू किया था और ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए जो उचित और विवेकसम्मत हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के मामलों की स्थिति और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ या हानि के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके;

(ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्ति की सुरक्षा करने और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखाकरण अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है;

(घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखे लाभकारी कारबार वाले संस्थान के आधार पर तैयार किये हैं तथा

(ङ) निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किये जानेवाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए थे और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं। आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ कंपनी द्वारा अपने कारोबारके सुव्यवस्थित और कुशल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनाई गई नीतियों और प्रक्रियाओं से है, जिसमें कंपनी की नीतियों का पालन, उसकी सपंत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाना,

लेखाकरण अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता और समय पर विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की तैयारी शामिल है।

(च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली विकसित की थी और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से काम कर रही थीं।

29. अनुषंगी कंपनियां, संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां

कंपनी की कोई अनुशंगी, संयुक्त उद्यम या सहायक कंपनी नहीं है।

30. जमाएं

कंपनी ने वर्ष 2025–26 के दौरान न तो कोई जमा स्वीकार किया है और न ही उसका नवीनीकरण किया है।

31. निदेशकगण

वर्ष 2025–26 के दौरान निम्नलिखित निदेशकगण नियुक्त हुए/पद से मुक्त हुए:

- श्री प्रेम चंद्र मौर्य, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय ने अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकार द्वारा नामित) के रूप में दिनांक 17.07.2025 से बोर्ड में कार्यभार ग्रहण किया।
- श्री बालासुगुमार डेनियल ने दिनांक 30.12.2025 से निदेशक (प्रचालन) के रूप में बोर्ड में कार्यभार ग्रहण किया।
- डॉ. रेणुका मिश्रा, आर्थिक सलाहकार, भारी उद्योग मंत्रालय को श्री अरुण कुमार सरकार, उप सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय के स्थान पर दिनांक 16.03.2026 सीसीआई के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- श्री अरुण कुमार सरकार उप सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय दिनांक 16.03.2026 से कंपनी के बोर्ड से अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकार द्वारा नामित) के पद से मुक्त हो गएं। कंपनी उनके कंपनी से जुड़े रहने के दौरान उनके मार्गदर्शन और बहुमूल्य योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करती है।
- डॉ. रेणुका मिश्रा, आर्थिक सलाहकार, भारी उद्योग मंत्रालय दिनांक 14.07.2025 से कंपनी के बोर्ड से अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकार द्वारा नामित) के पद से मुक्त हो गईं। कंपनी उनके कंपनी से जुड़े रहने के दौरान उनके मार्गदर्शन और बहुमूल्य योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करती है।

32. स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा

समीक्षाधीन अवधि यानी 2025–26 के दौरान बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था। तदनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (7) के अधीन स्वतंत्रता की घोषणा नहीं की जा सकी।

वेबसाइट विकास, ई–प्रोक्योरमेंट, ई–ऑफिस, ईआरपी, ऑनलाइन बिक्री मॉड्यूल, ऑनलाइन प्रोविडेंट फंड मॉड्यूल, ऑनलाइन मुकदमेबाजी पोर्टल आदि।

वेबसाइट विकास:

कंपनी के बारे में नवीनतम अपडेट और जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर एक्सेस की जा सकती है: जिसमें कंपनी प्रोफाइल,, संगठनात्मक इतिहास, विजन एंड मिशन, वार्षिक रिपोर्ट, नवीनतम निविदाएं, फोटो गैलरी, संयत्र/सीसीआई कार्यालय, एचआरएम/एचआरडी आदि शामिल हैं।

ई–खरीद पोर्टल:

सीसीआई वस्तुओं, सेवाओं और कार्यों की खरीद के लिए जेम (गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस) पोर्टल का उपयोग कर रहा है। तथापि, जेम पोर्टल पर उपलब्धता न होने की स्थिति में भारत सरकार जीईपीएनआईसी सीपीपी ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल का उपयोग किया जाता है। जीईपीएनआईसी ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल एक सुरक्षित और पारदर्शी खरीद प्रणाली है।

ई–ऑफिस पोर्टल:

फाइलों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रबंधित करने के लिए सीसीआई ई–ऑफिस 2020 से लागू है। इससे भौतिक फाइलों की आवश्यकता समाप्त हो गई और प्रोसेसिंग में विलंब अब कम हो गया है।

ई–मेल:

सीसीआई इलेक्ट्रॉनिक मेल की बेहतर सुरक्षा के लिए एनआईसी (भारत सरकार) ई–मेल सेवाओं का उपयोग कर रहा है। ईमेल.जीओवी.इन में पोर्टल का उपयोग ईमेल तक पहुंचने के लिए किया जा रहा है, जिसमें दोहरी प्रमाणीकरण सुविधा है।

ईआरपी:

सभी इकाइयों और कॉर्पोरेट कार्यालय में एसएपी बिजनेस वन ईआरपी प्रणाली का सुचारू रूप से उपयोग किया जा रहा है। सर्वर एमईआईटीवाई (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) से लिए गए हैं, जो सूचीबद्ध क्लाउड सेवा प्रदाता (सीएसपी) हैं। एसएपी ईआरपी प्रणाली में आने वाले बैंक भुगतानों की स्वचालित पोस्टिंग को सक्षम करने के लिए एकीकृत एसबीआई के सीएमपी ई–संग्रह एपीआई।

ऑनलाइन बिक्री मॉड्यूल:

डीलर ऐप के कार्यान्वयन के लिए अभ्यास शुरू किया गया है, जिसमें डीलर सीधे सीसीआई सीमेंट संयंत्रों से सीमेंट की खरीद के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दे सकता है।

ऑनलाइन भविष्य निधि मॉड्यूल:

सीसीआई कर्मचारी की सुविधा के लिए पीएफ ऑनलाइन मॉड्यूल का उपयोग कर रहा है।

ऑनलाइन प्रदर्शन मूल्यांकन पोर्टल:

ऑनलाइन परफॉर्मेंस अप्रेजल सिस्टम का उपयोग पारदर्शिता और मूल्यांकन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए किया जा रहा है।

ऑनलाइन मुकदमेबाजी पोर्टल:

त्वरित कार्रवाई और स्थिति की निगरानी के लिए सभी कानूनी मामलों की स्थिति की निगरानी के लिए ऑनलाइन मुकदमेबाजी पोर्टल प्रणाली आरंभ की गई है।

33. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

आपकी कंपनी ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 का अक्षरशः क्रियान्वयन करने का सदैव प्रयास किया है। कंपनी ने आरटीआई अधिनियम की धारा 5 और धारा 19(1) के अंतर्गत जन सूचना अधिकारी (पीआईओ), अपीलीय प्राधिकारी और पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किए हैं। कंपनी के सभी संयंत्रों और इकाइयों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है।

एक विशेष आरटीआई कॉर्नर विकसित किया गया है जिसका लिंक कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्राधिकरणों, जन सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी और पारदर्शिता अधिकारी का विवरण भी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

34. विदेशी मुद्रा में अर्जन और व्ययः

समय–समय पर विभिन्न पक्षकार हमसे निर्यात संबंधी पूछताछ करते रहे हैं। हमारे संयंत्रों के समुद्री बंदरगाहों से दूर के स्थानों पर होने के कारण, संयंत्रों से निकटवर्ती समुद्री बंदरगाहों तक अंतर्देशीय माल भाड़ा अधिक पड़ता है। इसी कारण हमारे एफओबी मूल्य प्रतिस्पर्धी नहीं होते हैं। निर्यात के मोर्चे पर कड़ी निगरानी की जा रही है, ताकि उचित अवसर मिलने पर इसका लाभ उठाया जा सके। सीमेंट का पूरा उत्पादन घरेलू बाजार में बेचा जा रहा है।

35. लेखापरीक्षक

सांविधिक लेखापरीक्षक

वर्ष 2025–26 के लिए मैसस एस के मेहता एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को प्रधान सांविधिक लेखापरीक्षक एवं राजबल तथा गैर प्रचालनरत इकाईयों के लिए शाखा लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था और मैसर्स एम बोरारएंड कंपनी एवं मैसर्स तुकाराम एंड कंपनी को शाखा लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था। सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं तत्संबंधी उत्तर एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां इस रिपोर्ट में संलग्न हैं।

लागत लेखापरीक्षक

वर्ष 2025–26 के लिए मैसर्स के जी गोयल एंड एसोसिएट्स को निगम का मुख्य लागत लेखापरीक्षक के अलावा राजबन का लागत लेखापरीक्षक, नियुक्त किया गया था। बोकाजन इकाई के लिए मैसर्स बंद्योपाध्याय भौमिक एंड कंपनी एवं तांदूर इकाई के लिए मैसर्स एस ढल एंड कंपनी को लागत लेखाकार नियुक्त किया गया था।

सचिवीय लेखापरीक्षक

कंपंनी (प्रंबधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के साथ पठित अधिनियम की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसार, बोर्ड ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपकी कंपनी का सचिवीय लेखापरीक्षा करने के लिए मैसर्स अमित अग्रवाल एडं एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, नई दिल्ली को सचिवीय लेखापरीक्षक नियुक्त किया है। सचिवीय लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट अनुबंध के रूप में संलग्न है। 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों के संबंध में, आपके निदेशकों ने निम्नानुसार स्पष्टीकरण दिया है:

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट के संबंध में प्रबंधन का प्रत्युत्तर – वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने के लिए एमआर 3

टिप्पणी	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
कंपनी के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 178 के अधीनयथापेक्षित विभिन्न समितियों का उचित संयोजन नहीं है। तथापि, बोर्ड के अनुमोदनसे, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए भारी उद्योग मत्रालय को विभिन्न पत्र भेजे गए हैं।	समीक्षाधीन अवधि के दौरान सीसीआई के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं हैं क्योंकि दोनों पूर्व स्वतंत्र निदेशकों डॉ. रवींद्र शिवशंकर अरली और डॉ. मंजू बघेल का कार्यकाल 01.11. 2024 से समाप्त हो गया था। तदनुसार, स्वतंत्र निदेशकों के अभाव में लेखा परीक्षा समिति और नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका। तथापि, समय–समय पर स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए प्रशासनिक मंत्रालय को अनुरोध पत्र भेजे गए हैं।

36. लेखापरीक्षा समिति की संरचना का प्रकटीकरण और सतर्कता तंत्र प्रदान करना

विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गठित लेखा परीक्षा समिति में निम्नलिखित निदेशक सम्मिलित हैं:

क. श्री प्रेम चन्द्र मौर्य, निदेशक (सरकार द्वारा नामित) – अध्यक्ष

ख. श्री अरुण कुमार सरकार, निदेशक (सरकार द्वारा नामित) सदस्य

ग. श्री प्रदीप कुमार चंद, निदेशक (वित्त) –सदस्य

कंपनी की सचेतक (व्हिसल ब्लोअर) नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है। कंपनी ने अपनी चिंताओं को व्यक्त करने वाले कर्मचारियों और निदेशकों के उत्पीड़न के विरुद्ध पर्याप्त सुरक्षा उपाय प्रदान किए हैं। कंपनी ने लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को भी सीधी पहुंच प्रदान की है, जो कंपनी की सचेतक (व्हिसल ब्लोअर) नीति के अधीन कर्मचारियों और कंपनी के हितों से संबंधित मुद्दों की रिपोर्टिंग पर सक्षम प्राधिकारी हैं। सचेतक नीति (व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी) कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.cciltd.inij भी उपलब्ध है।

श्री अरुण कुमार सरकार, उप सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय और सीसीआई बोर्ड से अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकारद्वारा नामित) के पद से दिनांक 16.03.2026 से मुक्त होने कारण लेखा परीक्षा समिति प्रभावी नहीं है।

37. आभार

निदेशक मंडल भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से आपके निगम को प्राप्त समर्थन और मार्गदर्शन और रेल मंत्रालय, पीईएसबी, वित्तीय संस्थानों, बैंकरों और अन्य केन्द्रीय और राज्य सरकार के विभागों द्वारा दिये गये समर्थन और सहयोग के प्रति आभार प्रकट करता है। हम सीसीआई के उत्पादों को निरंतर भारी समर्थन देने के लिए सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में अपने सम्मानित ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

निदेशकगण मैसर्स एस के मेहता एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक और महानिदेशक लेखापरीक्षा (विद्युत) के भी आभारी हैं। निदेशकगण निगम के कर्मचारियों के समर्पण के लिए हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह./–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं: 09353339

दिनांक : 22.09.2026
स्थान : नई दिल्ली

कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 8(3) के अंतर्गतयथापेक्षित निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत विवरण।

क. ऊर्जा संरक्षण

I. ऊर्जा संरक्षण के प्रति उठाए गए कदम अथवा प्रभाव

- पीएच पंखे मोटर के लिए वीएफडी पैनल (250 किलोवाट) की स्थापना।
- प्रीहीटर पंखे के लिए 185 किलोवाट के ऊर्जा दक्ष मोटर की स्थापना।
- बीकेओ में पावर फैक्टर को 0.95 से 0.97 तक और टीडीओ में पावर लॉस को कम करने के लिए 0.993 से 0.997 तक सुधारने के लिए एचटी एपीएफसी पैनल की स्थापना।
- पुरानी सीमेंट मिल एचटी मोटर को नई ऊर्जा कुशल मोटर से बदलना जिससे बिजली की खपत कम हो।
- सीआरडी प्रणाली के स्थान पर एलएस स्टैकर के लिए नई ड्रेग श्रृंखला रेट्रोफिटिंग की स्थापना एवं शुरुआत।

II. ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम

- आरईएससीओ मॉडल के तहत 1 मेगावाटपावर सौर ऊर्जा संयंत्र को सीसीआई–राजबन इकाई में चालू किया गया है। 2025–26 के दौरान संयंत्र ने 11,36,700 किलोवाट घंटे सौर ऊर्जा उत्पन्न की।
- आरईएससीओ मॉडल के अंतर्गत 1 मेगावाटपावर सौर ऊर्जा संयंत्र सीसीआई–बोकाजन में चालू किया गया है।
- सी.सी.आई.–तांदूर में 6 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना पर विचार किया जा रहा है।
- भट्ठी के प्रकाश के दौरान डीजल के विकल्प के रूप में पेट्रो–पॉलिमर ईंधन का उपयोग।

III. ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूंजी निवेश

सीसीआई ने दक्षता में सुधार और नुकसान को कम करने के उद्देष्य से विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को करने के लिए 35.64 लाख रुपये का निवेश किया गया है।

ख. प्रौद्योगिकी समावेशन

(i) प्रौद्योगिकी समावेशन के प्रति किए गएप्रयास:

1. बारिश के दौरान कोयले को गीला होने से रोकने, कोयले के नुकसान को कम करने और बेहतर दहन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए यार्ड में एक कोयला शेड की स्थापना।
2. दोनों भट्टियों के लिए ईएसपी के स्थान पर नए पीजेबीएच (पल्स जेट बैग हाउस) की स्थापना।

(ii) उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास या आयात प्रतिस्थापन जैसे प्राप्त लाभ

(क) थर्मल प्लांट के अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग के लिए फ्लाई ऐश की मात्रा बढ़ाने और उत्पादन की लागत को कम करने के लिए डॉ. वाई फ्लाई ऐश फीडिंग सिस्टम की स्थापना

(ख) वीसीबी, एवीआर आदि की स्थापना जैसी प्रौद्योगिकी के उपयोग ने संयंत्र के संचालन में सुधार किया और बदले में उत्पादकता में वृद्धि की।

(iii)आयातित प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्तीय वर्ष के आरंभ से गणना करते हुए पिछले तीन वर्षों के दौरान आयातित): शून्य

(क) आयातित प्रौद्योगिकी का ब्यौराः लागू नहीं

(ख) आयात का वर्षः लागू नहीं

(ग) क्या प्रौद्योगिकी पूरी तरह से समावेशित हो गई हैः लागू नहीं

(घ) यदि पूर्णतः समावेशित नहीं हुआ है, तो वे क्षेत्र जहां समावेशन नहीं हुआ है, तथा उसके कारणय तथाः लागू नहीं

(iv) अनुसंधान एवं विकास पर किया गया व्ययः लागू नहीं

(क) इकाई वार कुल ऊर्जा खपत और उत्पादन की प्रति इकाई ऊर्जा खपतः–

1) विद्युत	यूओएम	बोकाजन	राजबन	तांदूर
क) खरीद				
1) इकाई	किलोवाट	17362652	14650006	54944400
2) कुल राशि	लाख रुपये में	1548.73	1387.49	4598.74
3) दर प्रति किलोवाट	रुपये प्रति किलोवाट	8.92	9.47	8.37
ख) स्वयं का उत्पादन				
डीजल उत्पादन द्वारा				
1) इकाई	किलोवाट	शून्य	12080	शून्य
2) डीजल की कुल खपत	लीटर	शून्य	4471	शून्य
3) डीजल ऑयल प्रति लीटर इकाई	किलोवाट प्रति लीटर	शून्य	2.70	शून्य
4) प्रति इकाई लागत	रुपये प्रति किलोवाट	शून्य	32.91	शून्य
सौर ऊर्जा द्वारा				
1) इकाई	किलोवाट	290400	1191523	53850.00
2) कुल राशि	लाख रुपये में		54.60	
2) कोयला				
खपत की मात्रा	मीट्रिक टन	25927	22584	100137
कुल लागत	लाख रुपये में	1779.64	1815.24	6527.77
औसत दर	रुपये प्रति मीट्रिक टन	6864.00	8037.70	6518.84
3) प्रति इकाई उत्पादन पर खपत				
1) विद्युत (टाउनशिप सहित पैक किए गये सीमेंट)	किलोवाट मीट्रिक टन	156.13	137.52	125.02
2) बुक किया गया कोयला (क्लिंकर उत्पादन का प्रतिशत)	%	25.147	23.79	27.48
3) कोयला (यूएचवी)	किलो सेल्सियस प्रति किलो कोयला	4700	4024	3281





बोकाजन इकाई में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता के साथ विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

अनुबंध क

सीएसआर संबंधी कार्यकलाप

1. सीसीआई की सीएसआर एवं स्थिरता नीति की परिकल्पना ''स्थायी आधार पर, अधिमानतः उन परियोजना क्षेत्रों में जहां यह संचालित हो रही है, जनमानस और हितधारकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाकर अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने की प्रतिबद्धता'' के रूप में की गई है।

   सीसीआई अपनी सीएसआर और स्थिरता नीतियां और गतिविधियां, कंपनी अधिनियम, 2013 की सातवीं अनुसूची और भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार सुझाई गई क्रियाकलापों को ध्यान में रखते हुए अपने लक्ष्यों, योजनाओं और रणनीतियों के साथ एकीकृत करउनके अनुरूपबनाता हैं।

2*. (i) निवल मूल्य–252.66 करोड़ रुपये

(ii) टर्नओवर–325.22 करोड़

(iii) निवल लाभ–31.05 करोड़

(iv) सीएसआर प्रयोज्यता का शुद्ध लाभ – 5 करोड़ से अधिक करने वाले मापदंड

(*विवरण वर्ष 2024–25 के अनुसार हैं।)

3. (क)(i) क्या सीएसआर समिति गठित की गई है– हां (पहले सीएसआर समिति गठित की गई थी, तथापि, दिनांक 01.11.2024 से दोनों स्वतंत्र निदेशकों के कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत, सीएसआर समिति भी प्रभावी नहीं रही)

(ii)सीएसआर समिति में निदेशकों की संख्या–**शून्य**

(iii) वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या–**शून्य**

क्र.सं.	डीआईएन	निदेशक का नाम	संवर्ग	वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या जिसमें उपस्थिति रही
--	--	--	--	--
--	--	--	--	--
--	--	--	--	--

(ख) (i) क्या कंपनी की कोई वेबसाइट है –जी, हाँ।

(ii) यदि हाँ, तो वेब–लिंक उपलब्ध कराएं – https://www.cciltd.in

(iii) क्या कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में कंपनी की वेबसाइट पर निम्नलिखित का प्रकटन किया गया है:

- सीएसआर समिति के संघठक–जी, नहीं।
- सीएसआर नीति –जी, हाँ।
- निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाएँ–जी, हाँ।

(ग) (i) क्या सीएसआर परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसरण में किया जाता है, यदि लागू हो –लागू नहीं।

(ii) यदि हां, तो क्या इसका प्रकटन बोर्ड रिपोर्ट में किया गया है–लागू नहीं।

(iii) यदि कोई हो तो वेब–लिंक उपलब्ध कराएं–लागू नहीं।

(घ) (i) क्या कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के नियम 7 के उप–नियम (3) के अनुसरण में कोई राशि सेट ऑफ के लिए उपलब्ध है? जी, हा।

(ii) यदि हां, तो ब्यौरा दें:

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	सेट–ऑफ के लिए उपलब्ध राशि (रुपये में)	वित्तीय वर्ष में सेट–ऑफ की राशि, यदि कोई हो (रुपये में)	शेषराशि (रुपये में)
1.	2022.23	..	..	..
2.	2023.24	..	..	..
3.	2024.25	1,29,918	1,29,918	..
	योग	..	..	..

4. (क) क्या कंपनी ने अपने निगमन के बाद से तीन वित्तीय वर्षों की अवधि पूरी कर ली है –जी, हाँ।

(ख) यदि नहीं, तो वित्तीय वर्षों की संख्या बताएँ निगमन के बाद से पूरा हुआ –लागू नहीं।

(ग) विगत तीन वित्तीय वर्षों के लिए निवललाभ एवं अन्य विवरण :

क्र.सं.	विवरण	राशि (करोड़ रुपये में)		
		वित्तीय वर्ष–1 (2022–23)	वित्तीय वर्ष–2 (2023–24)	वित्तीय वर्ष–3 (2024–25)
1.	कर पूर्व लाभ	95.29	95.05	31.05
2.	धारा 198 के अधीन संगणित निवल लाभ	13.55	(4.37)	31.05
3.	सीएसआर नीति नियमावली 2014 के नियम 2(1)(एच) के अनुसार समायोजित कुल राशि	0	0	0
4.	धारा 135 (2–3) के लिए कुल निवल लाभ	13.55	(4.37)	31.05

(घ) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत निवल लाभ –1341 लाख रुपय

5. (क) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी के औसत निवल लाभ का 2 प्रतिशत–26.82 लाख रुपये

(ख) विगत वित्तीय वर्ष की सीएसआर परियोजनाओं/कार्यक्रमों अथवा गतिविधियों से सृजित अधिशेष, यदि कोई है –शून्य

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए सैट ऑफ की जाने योग्य राशि, यदि कोई हो–1,29,918 रुपये

(घ)वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व (5क+5ख+5ग) –25,52,082 रुपये

6. (क) क्या वित्तीय वर्ष के लिए सीएसआर राशि खर्च की जा चुकी है –जी, हां।

ख) यदि हां, तो सीएसआर राशि किस पर खर्च की गई है :

- चालू परियोजनाएँ–लागू नहीं।
- चालू परियोजनाओं से भिन्न–जी, हां।
- दोनों (चालू और चालू परियोजनाओं से भिन्न)–लागू नहीं
- वित्तीय वर्ष के लिए चालू परियोजनाओं पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरणः

वित्तीय वर्ष के लिए चालू परियोजनाओं की संख्या

क्र.सं.	प्रोजेक्ट आईडी	अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	परियोजना का नाम	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना अवधि (मास)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (रुपये में)	कार्यान्वयन की विधि– प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी के माध्यम सेकार्यान्वयन की विधि	
					राज्य	जिला				सीएसआर पंजीकरण संख्या	नाम
..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
							योग	..			

(i) वित्तीय वर्ष के लिए चालू परियोजनाओं से भिन्न अन्य पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण:

वित्तीय वर्ष के लिए चालू परियोजनाओं से भिन्न परियोजनाओं की संख्या

क्र.सं	अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	परियोजना का नाम	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (रुपये में)	कार्यान्वयन की विधि– प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी के माध्यम सेकार्यान्वयन की विधि	
				राज्य	जिला			सीएसआर पंजीकरण संख्या	नाम
1	अनुसूची VII (i)	स्वास्थ्य और पोषण	जी, हां	तेलंगाना	के.वी.रंगारेड्डी	12,39,813	सीधे	..	..
2	अनुसूची VII (i)	स्वास्थ्य और पोषण इत्यादि	जी, हां	असम	कार्बी आंगलोंग	2,81,751	सीधे	..	..
3	अनुसूची VII (ii)	व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण सहित शिक्षा को बढ़ावा देना	जी, हां	असम	कार्बी आंगलोंग	1,02,000	सीधे	..	..
4	अनुसूची VII (xii)	राहत सहित आपदा प्रबंधन	जी, हां	असम	कार्बी आंगलोंग	2,14,455	सीधे	..	..
5	अनुसूची VII (i)	स्वास्थ्य और पोषण	जी, हां	हिमाचल प्रदेश	सिरमौर	2,71,127	सीधे	..	..
6	अनुसूची VII (ii)	शिक्षा को बढ़ावा देना	जी, हां	हिमाचल प्रदेश	सिरमौर	4,89,350	सीधे	..	..
					योग	**25,98,496**			

(ग) प्रशासनिक उपरिव्यय के अंतर्गत व्ययित राशि –शून्य

(घ) प्रभाव मूल्यांकन पर व्ययित राशि, यदि कोई हो–शून्य

(ङ) वित्तीय वर्ष के लिए व्ययित कुल राशि –25,98,496 रुपये

(च) वित्तीय वर्ष के लिए व्ययित राशि/(अधिक) 5(घ)–. 6(ङ),चालू परियोजनाओं के लिए अव्ययित –(46414 रुपये)

(छ) धारा 135(6) के अनुसार वित्तीय वर्ष के लिए अव्ययित सीएसआर लेखा में अंतरणा हेतु योग्य राशि (समायोजन से पूर्व) – शून्य

(ज) वित्तीय वर्ष के लिए अनुसूची VII में विनिर्दिश्ट निधि में अंतरित की जाने योग्य राशि (यदि वित्त वर्ष के लिए कुल अव्ययित राशि चालू परियोजनाओं के लिए अव्ययित राशि से अधिक है) –शून्य

7. वित्तीय वर्ष के लिए अव्ययित सीएसआर राशि के अंतरण के विवरण :

(क) अव्ययित सीएसआर राशि में धारा 135(6) के अनुसार अंतरण

अव्ययित सीएसआर लेखा में अंतरित की जाने वाली राशि	अव्ययित सीएसआर लेखा में वास्तव में अंतरित की गई राशि	अंतरण की तिथि	कमी, यदि कोई हो
..	..	..	..

(ख) वित्तीय वर्ष के लिए धारा 135(5) के द्वितीय परंतुक के अनुसार अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट निधि में अंतरण

अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट निधि में अंतरित की जाने वाल राशि	अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट निधि में अंतरित की गई वास्तविक राशि	अंतरण की तिथि	कमी, यदि कोई हो
..	..	..	..

8. यदि कंपनी धारा 135(5) के अनुसार औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है, तो कारण बताएं : लागू नहीं

9. क्या पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों की कोई अव्ययित राशि वित्तीय वर्ष में खर्च की गई है : जी,नहीं

(क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों से संबंधित वित्तीय वर्ष में खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण :

क्र. सं	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष	धारा 135(6) के अधीन अव्ययित सीएसआर लेखा में अंतरित राशि (रुपये में)	धारा 135(6) के अधीन अव्ययित सीएसआर लेखा में शेष राशि (रुपये में)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (रुपये में)	धारा 135(5) के क्षित्तीय परंतुक के अनुसार अनुसूची VII के अधीन विनिर्दिष्ट निधि में अंतरित राशि, यदि कोई हो		उत्तरवर्ती वित्तीय वर्षों में खर्च की योग्य शेष राशि (रुपये में)	कमी, यदि कोई हो
					राशि (रुपये में)	अंतरण की तिथि		
1	2022-23	--	--	--	--	--	--	--
2	2023-24	--	--	--	--	--	--	--
3	2024-25	--	--	--	--	--	--	--

(ख) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष (वर्षों) की चालू परियोजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष में व्ययित सीएसआर राशि का विवरण:

चालू परियोजनाओं की संख्या : लागू नहीं

क्र.सं.	प्रोजेक्ट आईडी	परियोजना का नाम	वित्तीय वर्ष जिसमें परियोजना आरंभ की गई	वित्तीय वर्ष के आरंभ में परियोजना पर खर्च की गई राशि (रुपये में)	वित्तीय वर्ष में खच की गई राशि (रुपये में)	वित्तीय वर्ष के अंत में व्यय की गई संचयी राशि (रुपये में)	पूर्ण हो चुकी/ चालू परियोजना की स्थिति
1	--	--	--	--	--	--	--
2	--	--	--	--	--	--	--
3	--	--	--	--	--	--	--

(ग) (i) विगत तीन वित्तीय वर्षों से संबंधित अव्ययित राशि से वित्तीय वर्ष में क्या कोई नई सीएसआर परियोजना संचालित की गई है : जी, नहीं।

(ii) यदि हां, तो नई सीएसआर परियोजना(ओं) की प्रकृति है:

- चालू परियोजना : लागू नहीं।
- चालू परियोजना(ओं) से भिन्न– लागू नहीं।
- दोनों (चालू और चालू परियोजनाओं से भिन्न) – लागू नहीं।

(iii) वित्तीय वर्ष में नई चालू सीएसआर परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि का विवरण:

चालू परियोजनाओं की संख्या : लागू नहीं।

क्रसं	प्रोजेक्ट आईडी	वह वित्तीय वर्ष जिससे नई परियोजना संबंधित है	अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से आइटम	परिया. जना का नाम	स्थ. ानीय क्षेत्र (हाँद नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना अवधि (मास)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि	काया. न्वयन की विधि–सीधे (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी के माध्यम सेक. र्यान्वयन की विधि	
						राज्य	जिला				सीएसआर पंजीकरण संख्या	नाम
1	..	..	..	..	..	..	..			..	..	..
2	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
3	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
								योग				

(iv) वित्तीय वर्ष में चालू परियोजनाओं से भिन्न नई परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि का विवरण चालू परियोजनाओं से भिन्न अन्य की संख्या : लागू नहीं।

क्रसं	वह वित्तीय वर्ष जिससे नई प. रियोजना संबंधि ात है	अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से आइटम	परिया. जना का नाम	स्थानीय क्षेत्र (हाँद नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना अवधि (मास)	वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि	कार्यान्वयन की विधि– प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	क्र.सं.	
					राज्य	जिला				नाम	राज्य
1	..	..	..	..	..	..			..	..	..
2	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
3	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
							योग				

8. क्या वित्तीय वर्ष में खर्च की गई सीएसआर राशि से कोई पूंजीगत परिसंत्ति का सृजन अथवा अधिग्रहण किया गया है : जी, नहीं।

यदि हां, तो सृजित/अधिग्रहित पूंजीगत परिसंपत्ति की संख्या दर्ज करें: लागू नहीं।

क्र.सं.	संपत्ति या परिसंपत्तियों का संक्षिप्त विवरण ख्संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित,	संपत्ति या परिसंपत्ति(यों) का पिन कोड	सृजन की तिथि	सीएसआर की खर्च की गई राशि	संस्था/प्राधिकरण/लाभार्थी या पंजीकृत स्वामी का विवरण		
					सीएसआर पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो	नाम	पंजीकृत पता
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
			योग				

ह/–
(प्रदीप कुमार चंद)
मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ)

ह/–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रबंधन के साथ चर्चा और विश्लेषण

सीमेंट अवसंरचना की आधारभूत मजबूती प्रदान करने वाली कड़ी है और अवसंरचना की स्थायित्व प्रगति की स्थायित्व कर निर्धारण करती है। जैसे–जैसे भारत तीव्र गति से निर्माण कर रहा है, आपकी कंपनी इस यात्रा में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पीढ़ियों से निर्माणकर्ता शहरों और समुदायों में विभिन्न संरचनाओं के निर्माण के लिए आपकी कंपनी के गुणवत्तापूर्ण सीमेंट पर भरोसा करते आए हैं। भारत की अवसंरचना विकास की कहानी अभी निरंतर आगे बढ़ रही है और इसमें दीर्घकालिक विकास की पर्याप्त संभावनाएँ मौजूद हैं। वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयासों के साथ, टिकाऊ और मजबूत निर्माण सामग्री की मांग लगातार बढ़ती रहेगी। इस मांग को पूरा करने के लिए कंपनी को बदलते बाजार रुझानों का पूर्वानुमान लगाने, क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

एक सतत दृष्टिकोण के लिए ऊर्जा के स्रोत, सामग्री की संरचना और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नवाचार आवश्यक है। इसी के अनुरूप, कंपनी ने नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाई है, मिश्रित सीमेंट के उपयोग को प्रोत्साहित किया है तथा अपने परिचालन में तापीय दक्षता में सुधार किया है, जिससे विकास को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ संतुलन बिठाया जा सके। इस संदर्भ में, सतत प्रगति केवल उत्सर्जन में कमी तक सीमित नहीं है, अपितु इसमें दशकों तक उपयोग के दौरान उत्पाद के जीवन–चक्र के प्रदर्शन को भी शामिल किया जाता है जिसमें आर्थिक चक्रों, बदलते मांग पैटर्न तथा निरंतर विकसित हो रही जलवायु परिस्थितियों के बीच भी उसका प्रदर्शन बना रहे।

विनिर्माण का भविष्य मानव पूंजी और औद्योगिक क्षमता, दोनों पर समान रूप से निर्भर करेगा, जिसमें सुरक्षा संस्कृति और नेतृत्व भी शामिल हैं। जैसे–जैसे विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत की अवसंरचना संबंधी आवश्यकताएँ अधिक उन्नत और जटिल होती जा रही हैं, कंपनी की प्रतिबद्धता समय की कसौटी पर खरा उतरने वाले सीमेंट के उत्पादन पर दृढ़ता से केंद्रित है। इसके लिए कंपनी की आईएसओ–प्रमाणित इकाइयों में उत्पादन के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता को समाहित किया गया है।

वर्ष के दौरान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पश्चिम एशिया तथा रूस–यूक्रेन क्षेत्र में बढ़ते भू–राजनीतिक तनाव से प्रभावित रहा, जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता रही तथा विशेष रूप से वित्तीय वर्ष के अंत में ईंधन, लॉजिस्टिक्स और अन्य इनपुट लागतों पर निरंतर मुद्रास्फीतिकारी दबाव बना रहा। यह प्रवृत्ति आगे भी जारी रहने की संभावना है। अतः उत्पादन लागत में होने वाली अस्थिरता को कम करने के लिए प्रचालन दक्षता के माध्यम से लागत अनुकूलन कंपनी की प्रमुख प्राथमिकताओं में बना हुआ है। मांग की बात की जाए तो, सीमेंट पर जीएसटी में कमी के साथ–साथ अवसंरचना, आवास, राजमार्गों, माल ढुलाई गलियारों, मेट्रो नेटवर्क, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और औद्योगिक गलियारों में निरंतर सार्वजनिक निवेश ने क्षेत्र की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है।

कुल मिलाकर, वर्ष के दौरान संरचनात्मक अवसरों और अल्पकालिक अस्थिरता का मिला–जुला परिदृश्य देखने को मिला। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के अनिश्चितताओं से जूझने के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत घरेलू खपत, तीव्र शहरीकरण और निरंतर सार्वजनिक निवेश से विकास की गति को समर्थन मिल रहा है, जिससे ऐसी टिकाऊ मांग का आधार तैयार हो रहा है, जिसमें सीमेंट राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत साधन बना हुआ है। नीतिगत सुधारों के समर्थन तथा हरित प्रौद्योगिकियों की ओर निरंतर बढ़ते रुझान के साथ, भारतीय सीमेंट क्षेत्र और उसमें आपकी कंपनी, दोनों ही देश की दीर्घकालिक अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने तथा आने वाले वर्षों में सतत विकास को सक्षम बनाने के लिए मजबूत स्थिति में हैं।

चेतावनी कथन

कंपनी के उद्देश्यों, अनुमानों और प्राक्कलनों का वर्णन करने वाले इस ''प्रबंधन के साथ चर्चा और विश्लेषण'' में दिए गए कथन लागू सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अर्थ में आशावादी और प्रगतिशील हैं। वास्तविक परिणाम आर्थिक स्थितियों, सरकारी नीतियां और अन्य कारकों के आधार पर व्यक्त या निहित परिणमों से भिन्न हो सकते हैं।



करनकोट चूना पत्थर खदान ने 40वी खान सुरक्षा सप्ताह (डीजीएमएस हैदराबाद) में तीन पुरस्कार प्राप्त किए

वित्तीय वर्ष 2025–26 के वार्षिक लेखाओं पर दिनांक 24–06–2026 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में निर्धारित टिप्पणियों पर प्रबंधन के प्रत्युत्तर इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
1	संपत्ति संयंत्र एवं उपस्कर क) कंपनी के पक्ष में कुछ इकाइयों की भूमि के स्वामित्व और पट्टा विलेखों का निष्पादन अभी भी लंबित है और गैर–प्रचालनरत इकाइयों में रखे भूमि के संबंध में भूमि विवरण समाशोधन के अधीन हैं। इसके अलावा, डीडीए ने 11 अप्रैल 2017 को स्वतः संज्ञान लेते हुए 14.20 एकड़ जमीन एसडीएमसी को हस्तांतरित कर दी थी, जिसकी कीमत 321.29 लाख रुपये है और इसे ''बाहरी पक्षों से वसूली योग्य'' दर्शाया गया है। एमसीडी ने दिनांक 22.04.2024 के पत्र के माध्यम से 14.20 एकड़ भूमि के बदले में फिरोजपुर कलां (फरीदाबाद) में स्थित एमसीडी की 9 एकड़ भूमि कंपनी को सौंपने की सूचना दी है, जिसका कब्जा अभी तक लंबित है। इसके अलावा, साइडिंग निर्माण के लिए रेलवे को दी गई 6.74 एकड़ जमीन का भौतिक कब्जा अभी तक कंपनी को नहीं सौंपा गया है।उत्तर रेलवे ने दिनांक 01.01.2024 के पत्र के माध्यम से दिल्ली मंडल और निर्माण संगठन को निर्देश दिया है और सीसीआई के दावे के मामले पर निर्णय लेने के लिए विवरण मांगा है। (वित्तीय विवरणिकाओं की टिप्पण संख्या31.04 देखें)। उपरोक्त मामलों के परिणाम लंबित रहने के कारण, वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका। ख) सीसीआई के आदिलाबाद टाउनशिप के बाहर पंप हाउस से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7 तक 32 गुंटा लंबाई की सड़क के रूप में सरकारी भूमि के अधिग्रहण और उपयोग के कारण वसूली योग्य राशि का कोई लेखा–जोखा नहीं रखा गया है, जिसके हस्तांतरण आदेश की प्रतीक्षा है। (वित्तीय विवरणिकाओं की टिप्पण संख्या 31.06 देखें)। वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	क) स्थिति का टिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 04 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है। ख) स्थिति का टिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 06 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	ग) गैर–प्रचालनरत इकाइयों मंधार, चरखी दादरी, अकालतारा, नयागांव और नयागांव विस्तार, दिल्ली ग्राइंडिंग इकाई, कुरकुंटा, आदिलाबाद, भटिंडा ग्राइंडिंग इकाई (सामूहिक रूप से ''गैर–प्रचालनरत इकाइयां'' के रूप में संदर्भित) में रखे संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर वस्तुओं की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट चालू वर्ष और पिछले वर्ष में संचालित नहीं की गई है, जिसका अवमूल्यन मूल्य 2127.20 लाख रुपये (फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड भूमि के संबंध में 1441.67 लाख रुपये सहित) है और और 31 मार्च, 2026 तक चल रहे पूंजीगत कार्य के लिए 285.00 लाख रुपये निवल बही मूल्य है। इसके अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं में दर्शाए गए ऐसे मदों के भौतिक अस्तित्व और वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव पर टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं।	ग) आदिलाबाद इकाई को छोड़कर सभी गैर–प्रचालनरत इकाइयों के सभी संयंत्र एवं मशीनरी, कच्चा माल, भंडार और चूना पत्थर को छोड़कर अन्य पुर्जे एमएसटीसी ई–नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बेचे गए हैं। इस संबंध में मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भौतिक मूल्यांकन अर्थात आंतरिक सीसीआई समिति मूल्यांकन, स्वतंत्र सरकारी मूल्यांकनकर्ता, और सीधे मंत्रालय को प्रस्तुत किए गए सीलबंद लिफाफे में मूल्यांकन किया गया है। सभी इकाइयों में केवल टाउनशिप, गैर–संयंत्र भवन और चूना पत्थर ही उपलब्ध है।
	घ) विभिन्न गैर–प्रचालनरत इकाइयों में धारित पट्टाधृत भूमि, जिसका 31 मार्च, 2026 तक 324.82 लाख रुपये का अवमूल्यन मूल्य है, के लिए चालू वर्ष में परिशोधन व्यय नहीं दर्शाया गया है। हमारी राय में, यह लेखा मानक (एएस)–10 ''संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर'' के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, यह देखते हुए कि ऐसी भूमि आज तक बिक्री/निपटान के लिए नहीं रखी गई है। वर्तमान वर्ष और पूर्व वर्षों के लिए परिशोधन न दर्शाये जाने के कारण वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	घ) स्थिति का टिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 15 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
	ङ) गैर–प्रचालनरत इकाइयों की कुछ फ्रीहोल्ड भूमि के संबंध में, कंपनी ने पूर्व के वर्षों में 146.07 लाख रुपये के परिशोधन व्यय का प्रावधान किया है। पूर्व के वर्षों में फ्रीहोल्ड भूमि पर ऐसे परिशोधन व्यय के प्रावधान का आधार और औचित्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसी भूमि के स्वत्त्वाधिकार विलेख सहित समुचित विवरण के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	ङ) कंपनी द्वारा अंगीकृत लेखाकरणसमाधान एक वर्ष–विनिर्दिष्ट लेखांकरण समायोजन नहीं है। यह कंपनी द्वारा निरंतर पालन की जाने वाली महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों के अनुसार है और इसके वार्षिक वित्तीय विवरणिकाओं के भाग के रूप में अनुमोदित है। महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति संख्या 1.05 में इसे पर्याप्त रूप से दर्शाया गया है।
	च) राजबन इकाई में लेखाओं में पूंजीकृत की जा रही वर्ष के दौरान प्रतिस्थापित की गई संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर की मदों के पूंजी अवयन के लिए लेखाकरण नहीं किया जा रहा है। प्रतिस्थापित परिसंपत्तियों के अवमूल्यन मूल्य को न दर्शाये जाने के कारण वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	च) इसे नोट कर लिया गया है और इकाई स्तर पर आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जाएगी।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	छ) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने सूचित किया है कि कंपनी की महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति के अनुसार, उत्खनन विकास व्यय के रूप में पूंजीकृत अधिभार हटाने की लागत को उत्खनन विकास गतिविधि के माध्यम से उजागर कुल चूना पत्थर/शेल भंडार के संबंध में निकाले गए चूना पत्थर/शेल की मात्रा के आधार पर परिशोधित किया जाना अपेक्षित है। तथापि, वर्ष के दौरान, इकाई ने उत्खनन विकास व्यय को उत्खनन विकास कार्य द्वारा उजागर कुल भंडार के संबंध में वर्ष के दौरान निकाली गई मात्रा के बीच संबंध स्थापित किए बिना, चूना पत्थर और शेल के लिए पूंजीगत लागत का परिशोधन क्रमशः 10 प्रतिशत और 20 प्रतिशत दर्शाया है। तदनुसार, लेखाकरण नीति और लागू लेखाकरण ढांचे का अनुपालन स्थापित नहीं किया जा सका।	छ) स्थिति का महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति संख्या1. 11'':अपरिशोधित व्यय'' में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
2	**चालू पूंजीगत कार्य** दिल्ली ग्राइंडिंग इकाई में पूंजीगत योजना के लिए 285.00 लाख रुपये का पूंजीगत कार्य लंबे समय से लंबित है, जिसे छोड़ दिया गया है। ऐसी परिसंपत्तियों के नवीनतम वसूली योग्य मूल्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध न होने के कारण, हम इस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या इस संबंध में मूल्य में हानि के लिए कोई प्रावधान किया जाना अपेक्षित है।	स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 04 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
3	मालसूचियां क)राजबन इकाई में रखे 259.32 लाख रुपये मूल्य के उन भंडारों और अतिरिक्त वस्तुओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिन्हें तीन वर्षों से अधिक समय से स्थानांतरित नहीं किया गया है। ऐसी वस्तुओं की विस्तृत समीक्षा और विश्लेषण के अभाव में, हम इस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या इस संबंध में मूल्य में हानि के लिए वित्तीय विवरणिकाओं में कोई प्रावधान किया जाना अपेक्षित है। ख)31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार राजबन इकाई में रखे 2059.61 लाख रुपये के क्लिंकर तथा 614.75 लाख रुपये के अर्ध–तैयार मालसूची उचित रूप से टैग या लेबल नहीं किया गया है और अधिकांश स्टॉक खुले मैदान में बिखरा पड़ा है, जिससे नुकसान/क्षति हो रही है और परिणामस्वरूप, हम इस पर टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं कि 31 मार्च, 2026 तक उक्त मालसूची के मूल्य में कोई गिरावट आई है।	क) सभी संबंधित मदें प्रयोग करने योग्य हैं और उनका मूल्य है जो उनके उपयोग के संदर्भ में कम नहीं हुआ है। ख) इसे नोट कर लिया गया है और इकाई स्तर पर आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जाएगी।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	ग) कंपनी की महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति के अनुसार, भंडार और अतिरिक्त पुर्जे का मूल्य भारित–औसत लागत विधि का उपयोग करके निकाला जाना चाहिए। तथापि, विभिन्न मालसूची श्रेणियों में नमूना लेनदेन के हमारे सत्यापन के दौरान, यह देखा गया कि एसएपी प्रणाली भारित–औसत दरों से अलग दरों पर सामग्री संबंधी मुद्दों का मूल्यांकन कर रही थी। इसके अलावा, कुछ भंडार और अतिरिक्त पुर्जे को कई लेखाकरण अवधियों में उपयोग के लिए स्टैंड–बाय मद के रूप में रखा जा रहा है और लागू लेखाकरण मानकों के अनुसार लेखाकरण मानक 10 के अनुसार भंडार और अतिरिक्त पुर्जे मालसूची या संपत्ति, संयत्र और उपस्कर के रूप में उनके उचित वर्गीकरण के संबंध में मूल्यांकन की आवश्यकता है। तांदूर इकाई के लेखा परीक्षकों ने बताया है कि तांदूर वाईआरओ इकाई से संबंधित भंडार और अतिरिक्त पुर्जे को मालसूची के अधीन मान्यता दी गई है, जिसमें वर्ष के दौरान कोई खपत दर्ज नहीं की गई है, जो उनकी वसूली की अपेक्षा और मालसूची के रूप में निरंतर वर्गीकरण को इंगित करता है। उपरोक्त मामलों का वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, काआकलन नहीं किया जा सका।	ग) इसे नोट कर लिया गया है और इकाई स्तर पर आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जाएगी।
	घ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि मालूसची की कुछ मदें लंबे समय से एक ही स्थान पर हैं। 50,000 से अधिक मूल्य के अलग–अलग मूल्य और 174.49 लाख तक की कुल मालसूची की मदों की राशि आठ से अधिक वर्षों तक एक जगह में पड़ी माना गया था। ऐसी मालसूची का निरंतर प्रतिधारण उन सामग्रियों के संचय को इंगित करता है जिनका उपयोग लंबे समय से नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप वे मालसूची की ऐसी मात्रा का पता लगाने में असमर्थ हैं जिसके लिए प्रावधान, अवमूल्यन या निपटान किया जाना अपेक्षित हों।	घ) इसे नोट कर लिया गया है और इकाई स्तर पर आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जाएगी।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
4	**निवेश** कंपनी ने आंध्र प्रदेश गैस पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इक्विटी शेयरों के माध्यम से 227.96 लाख रुपये का निवेश किया है। 31 मार्च, 2021 के बाद की अवधि के लिए निवेशित कंपनी का वित्तीय विवरण कंपनी के पास उपलब्ध नहीं है। नवीनतम वित्तीय जानकारी/वित्तीय विवरण की उपलब्धता के अभाव में, हम इस पर टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं कि 31 मार्च, 2026 तक ऐसे निवेश के मूल्य में कोई हानि हुई है।	एएस–13 के पैरा 17 के अनुसार, ''दीर्घावधिक निवेशों को आमतौर पर लागत पर दर्शाया जाता है। तथापि, जब अस्थायी के अलावा, दीर्घावधिक निवेश के मूल्य में गिरावट आती है, तो गिरावट को पहचानने के लिए वहन राशि कम हो जाती है'' एपीजीपीसीएल ने अपने वित्तीय विवरणिकाओं को चालू समुत्थान के आधार पर तैयार किया है, और निदेशक मंडल ने कथन किया है कि कंपनी की निवल संपत्ति धनात्मक बनी हुई है और उसे गैस आवंटन की बहाली पर संचालन के पुनरुद्धार की उम्मीद है। हम प्रत्येकतुलन पत्र की तारीख पर इसकी समीक्षा करेंगे और तदनुसार एएस–13 के लागू पैरा का अनुपालन करेंगे।
5	**व्यापार प्राप्य, ऋण और अग्रिम, व्यापार देय, जमा और अन्य देयताएं** क) व्यापारिक प्राप्य, ऋण और अग्रिम, व्यापारिक देय, पक्षकारों को और पक्षकारों से जमा राशियाँ तथा अन्य देयताएँ पुष्टि और समाशोधन के अधीन हैं। शेष राशि के समाशोधन/पुष्टि न होने से उद्भूत वित्तीय प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका। (वित्तीय विवरणिकाओं के लिए टिप्पण सं. 31.40 देखें)	क) स्थिति का टिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 40 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
	ख) गैर–प्रचालनरत इकाइयों में 1072.47 लाख रुपये, राजबन इकाई में 146.36 लाख रुपये और निगम कार्यालय में 31.66 लाख रुपये की कुछ वसूली योग्य शेष राशि बकाया है, जो लंबे समय से वसूल/समायोजित नहीं हुई है और ऐसी बकाया राशि की कोई पुष्टि/समाशोधन नहीं हुआ है। इसके अभाव में, हम ऐसी राशियों की वसूली पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।	ख)स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 40 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
	ग) खनन संबंधी देय और न्यूनतम खनन किराये से भिन्न अविवादित सांविधिकदेयों पर 31 मार्च 2026 तक देय ब्याज के लिए प्रावधान लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार नहीं किए गए हैं। इन अविवादित बकाया राशि पर अपेक्षित प्रावधानों की मात्रा का आकलन नहीं किया जा सकाचूंक कंपनी के पास संबंधित विवरण उपलब्ध नहीं हैं। प्रबंधन इस संबंध में संबंधित सांविधिक प्राधिकारियों से ब्याज में छूट की अपेक्षा कर रहा है।इसके अतिरिक्त, आदिलाबाद इकाई के संबंध में वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए संपत्ति कर का प्रावधान नहीं किया गया है जो प्रबंधन की राय में देय नहीं है। विस्तृत जानकारी के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	ग) इसे नोट कर लिया गया है और इकाई स्तर पर आवश्यक कार्रवाई, यदि कोई हो, की जाएगी।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	घ) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि एमएसएमई विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को उक्त अधिनियम में निर्धारित तिथियों के बाद कुछ राशि देय है। तथापि, इकाई 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष की लेखा बहियों में ब्याज की गणना और प्रावधान नहीं कर रही है, सिवाय उन पक्षकारों के जो बीआईएफआर के अंतर्गत आते हैं। वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।	घ)स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 21 एवं 23 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है। इसके अलावा ये संबंधित कार्यादेशों और निविदा दस्तावेजों में प्रदान की गई शर्तों के अनुसार विवादित बकाया और/या रोकी गई भुगतानों के कारण हैं, जिन पर दोनों पक्षकारों द्वारा विधिवत सहमति व्यक्त की गई है और इसलिए ये राशियां एमएसएमईडी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विवादों/मुद्दों के समाधान के लिए भुगतान के लिए बकाया नहीं हैं।
	ङ) तांदूर इकाई में, 334.08 लाख रुपये के दीर्घकालिक व्यापारिक देयों के वर्गीकरण के संबंध में, इकाई के शाखा लेखा परीक्षक को यह बताने का कोई औचित्य नहीं दिया गया है कि वित्तीय विवरणिकाओं में इसे दीर्घकालिक के रूप में क्यों वर्गीकृत किया गया है, साथ ही प्रत्येक पक्षकार के लिए भुगतान की नियत तिथि भी नहीं बताई गई है। विस्तृत जानकारी के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	ङ) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्रवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।
	च) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि व्यापार प्राप्य की उम्र और ग्राहकों से बाहरी शेष की संपुष्टि के संबंध में पर्याप्त सहायक दस्तावेज सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए थे। तदनुसार, वे स्वतंत्र रूप से प्राप्य बकाया शेष की सटीकता, वर्गीकरण और वसूली की पुष्टि करने में असमर्थ हैं, और वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन वर्तमान में नहीं किया जा सका।	च) योग्यता का उत्तारवर्ती वर्ष एनओयू स्तर पर ध्यान रखा जाएगा।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	छ) वर्ष के दौरान, कंपनी ने करकुटा इकाई के बोलीदाता को मूल रूप से आवंटित स्क्रैप सामग्री की बिक्री के लिए 591.00 लाख रुपये की आय दर्शाई है, जिसे बोलीदाता द्वारा नहीं उठाया गया है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार, प्रतिफल की प्राप्ति के बदले में सामग्री का स्वामित्व बोलीदाता को हस्तांतरित कर दिया गया था। बोलीदाता ने मध्यस्थता खंड को लागू किया है और कंपनी पर विभिन्न दावे किए हैं और मामला वर्तमान में निपटान के लिए लंबित है। मामले के न्यायनिर्णयन में लंबित होने के परिणामस्वरूप, वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन वर्तमान में नहीं किया जा सका।	छ) स्थिति का टिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 19 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
	ज) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि कुछ व्यापार देय शेष राशि 3 से 5 वर्षों से अधिक समय से बकाया है। इन देनदारियों की निरंतर वैधता का मूल्यांकन करने के लिए समय–समय पर प्रबंधन मूल्यांकन के अभाव में, वे वित्तीय विवरणिकाओं में उनकी निरंतर मान्यता की उपयुक्तता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं या वित्तीय विवरणिकाओं पर संभावित प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण करने में असमर्थ हैं।	ज) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्यवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।
	झ) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि, लेखाकरण मानक (एएस) 29 – ''प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक परिसंपत्तियां'' के अधीन, प्रावधान दायित्व के सर्वोत्तम अनुमान पर आधारित होने चाहिए और समय–समय पर समीक्षा के अधीन होने चाहिए। तथापि, सूचना और स्पष्टीकरण के अभाव में, वे टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं कि वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान एएस 29 के प्रावधानों का अनुपालन करने के अनुरूप हैं या नहीं।	झ) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्यवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	ञ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि, व्यापार प्राप्य एजिंग अनुसूची 17.91 लाख रुपये के बकाया प्राप्य को दर्शाती है जो तीन वर्ष से अधिक पुराने हैं। चूंकि पक्षकार–वार विवरण और इन शेष राशि की वसूली की संपुष्टि करने वाले सहायक रिकॉर्ड लेखा परीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए थे, इसलिए वे यह आकलन करने में असमर्थ हैं कि क्या संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान किया जाना अपेक्षित है। इसके परिणामस्वरूप, व्यापार प्राप्य और वर्ष के लिए लाभ पर कोई प्रभाव यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।	ञ) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्रवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।
	ट) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि, व्यापार देय राशि की एजिंग अनुसूची से पता चलता है कि अन्य श्रेणी के अधीन 22.16 लाख रुपये की कुल व्यापार देय राशि तीन वर्ष से अधिक की अवधि के लिए 31 मार्च 2026 तक बकाया रही है। इन शेष राशि के लंबे समय तक निपटान न होने से बकाया देनदारियों की विस्तृत समीक्षा और समाशोधन की अपेक्षा दर्शाती है। पक्षकार–वार विवरण, संपुष्टिकरण और ऐसी पुरानी बकाया शेष राशि से संबंधित सहायक दस्तावेजों की अनुपस्थिति में, वे इन देनदारियों की पूर्णता, सटीकता और निरंतर वैधता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।	ट) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्रवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	ठ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि 31 मार्च 2026 तक 2265.77 लाख रुपये तक की वसूली योग्य अल्पकालिक ऋण और अग्रिम में ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं से 919.27 लाख रुपये और बाहरी पक्षकारों से 1056.59 लाख रुपये की वसूली शामिल है। पक्षकार–वार विवरण, संपुष्टिकरण, एजिंग विश्लेषण और इन शेष राशि की प्रकृति और वसूली की पुष्टि करने वाले सहायक रिकॉर्ड लेखा परीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए और वित्तीय विवरणिकाओं में भी इनका प्रकटन नहीं किया गया। पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के अभाव में, वे इन शेष राशि के अस्तित्व, सटीकता और पुनर्प्राप्ति को सत्यापित करने में असमर्थ हैं या यह निर्धारित करने में असमर्थ हैं कि संदेहास्पद अग्रिम/वसूली के लिए कोई प्रावधान किया जाना अपेक्षित है या नहीं। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।	ठ) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्रवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।
	ड) राजबन इकाई में कोल कंपनी को विक्रेताओं को अग्रिम में 97.33 लाख रुपये का अग्रिम शामिल है जो एक वर्ष से अधिक समय से बकाया है जिसके लिए शेष राशि की संपुष्टि/समाशोधन नहीं किया गया है। बकाया शेष राशि के समाशोधन/संपुष्टि के अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई प्रभाव, यदि कोई हो, कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।	ड) स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 40 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
6	**आयकर** क) कंपनी ने वित्तीय विवरणिकाओं में 4011.74 लाख रुपये की राशि एमएटी क्रेडिट पात्रता की राशि परिसंपत्ति के रूप में दर्शाई है। प्रबंधन की राय में, इसे भविष्य में सामान्य आय देनदारियों के सापेक्ष उपयोग किया जाएगा।तथापि, इस बात के निर्णायक प्रमाण के अभाव में कि कंपनी पर्याप्त आयकर योग्य लाभ प्राप्त करेगी एवं आयकर अधिनियम 1961 में निर्दिष्ट समयावधि के दौरान सामान्य आयकर का भुगतान करेगी हम ऐसी एमएटी क्रेडिट पात्रता की पहचान की वसूली और परिणामी उपयुक्तता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने में असमर्थ हैं। तदनुसार, हम वित्तीय विवरणिकाओं में इस परिसंपत्ति के वहन मूल्य के संबंध में उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।	क) स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 16 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।
	ख) आयकर विभाग से आयकर रिफंड के लिए17.88 लाख रुपयेा वसूल की जानी है जो पर्याप्त समय से बकाया है। उक्त राशि की वसूली और वसूली के संबंध में पर्याप्त सहायक साक्ष्य के अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं में इसकी निरंतर मान्यता की उपयुक्तता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय विवरणिकाओं पर इसका प्रभाव, यदि कोई हो, का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।	ख) संबंधित राशि आयकर विभाग द्वारा पुराने आयकर निर्धारण के कारण रोकी गई है। इसके रिफंड के लिए आवश्यक आवेदन पहले ही फाइलकर दिए गए हैं।
7	**शेयर पूंजी** कंपनी ने 22 मार्च, 2007 को भारत सरकार को 7 (सात) वर्षों के लिए 35543.25 लाख रुपये मूल्य के 1,000/– रुपये मूल्य के 3554325 गैर–संचयी मोचनीय अधिमाानी शेयर जारी किए थे। निर्गम की शर्तों के अनुसार, उपरोक्त अधिमानी शेयरों का मोचन 22 मार्च, 2014 से पहले किया जाना था और इनका मोचन निर्गम की शर्तों के अनुरूप नहीं किया गया।प्रबंधन ने सूचित किया है कि अधिमानी शेयरों के पुनः निर्गम की अवधि बढ़ाने के लिए मंत्रालय से आगे की कार्रवाई हेतु निदेश देने का अनुरोध किया गया है तथा इस संबंध में अभी तक मंत्रालय का प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। (वित्तीय विवरणिकाओं की टिप्पण सं. 31.11 देखें)।	स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 11 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
8	**आकस्मिक देयताएं** क) आकस्मिक देयता राशि में 2364.04 लाख रुपये के कुछ विवादित मामले सम्मिलित हैं, जिनमें मध्यस्थता/निचले न्याायलयों में कंपनी के विरुद्ध निर्णय दिया गया था और जिनके विरुद्ध कंपनी ने उच्च न्यायालयों में अपील दायर की है और इन मामलों के विरुद्ध, कंपनी ने उच्च न्यायालयों/पक्षकारों के पास 1402.33 लाख रुपये की राशि जमा की है/प्रावधान किया है।प्रबंधन की राय में, जो कानूनी दृष्टिकोण से समर्थित है, कंपनी उच्च न्यायालय में अनुकूल निर्णय की अपेक्षा कर रही है और तदनुसार, ऐसे विवादित मामलों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे मामलों के अंतिम निर्णय तक, वित्तीय विवरणिकाओं पर इनके प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका। (ख) पर्याप्त दस्तावेज के अभाव में, हम गैर–प्रचालनरत इकाइयों से संबंधित चालू और विगत वित्तीय वर्ष में आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाई गई 5100.35 लाख रुपये की राशि के कुछ विवादित मामलों की सत्यता को सत्यापित करने में असमर्थ हैं।	क) स्थिति का महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति संख्या सुसंगगत बिंदु संख्या 16 एवं टिप्पण संख्या 01 एवं 29 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है। ख) स्थिति का महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति संख्या सुसंगगत बिंदु संख्या 16 एवं टिप्पण संख्या 01 एवं 29 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
9	**वस्तु एवं सेवा कर** क) राजबन इकाई के संबंध में वित्तीय विवरणिकाओं में दर्शाई गई जीएसटी क्रेडिट और नकद शेष और जीएसटी पोर्टल में दर्शाई गई राशि का समाशोधन नहीं किया गया है। समाशोधन के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।	क) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्रवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।
	ख) वर्ष के लिए राजबन इकाई की लेखा बहियों में दर्शाई गई राशि के साथ जीएसटी पोर्टल में दर्शाई गई इनपुट टैक्स क्रेडिट का समाशोधन नहीं किया गया है। समाशोधन के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।	ख) योग्यता की समीक्षा की जाएगी और इकाई स्तर पर इसका समधान का लिया जाएगा। अपेक्षित कार्रवाई उत्तरवर्ती वर्ष में की जाएगी।
	ग) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि इकाई ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए जीएसटीआर–9 (वार्षिक विवरणी) दाखिल किया है, तथापि, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए जीएसटीआर–9ग (समाशोधन विवरणी) दाखिल नहीं किया गया है। इसके अलावा, जीएसटीआर–9 और जीएसटीआर–9गवित्तीय वर्ष 2023–24 और वित्तीय वर्ष 2024–25 की विवरणी भी दाखिल नहीं किए गए हैं जो सीजीएसटी अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अधीन अपेक्षित है। इसके अलावा, जीएसटी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 से 2024–25 के लिए जीजीएसआर– 9ग (समाशोधन विवरणी) दाखिल नहीं करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 125 के अधीन शास्ति लगाने का प्रस्ताव है। उक्त नोटिस के अनुसार, उपरोक्त अनुपालन न किए जाने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए 50,000 की शास्तिका प्रस्ताव किया गया है। तथापि लेखा परीक्षा की तारीख तक प्रबंधन द्वारा उक्त नोटिस के संबंध में कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया गया/प्रस्तुत नहीं किया गया है।नोटिसों के कोई प्रत्युत्तर के अभाव में और सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 125 के अधीन प्रस्तावित शास्ति पर विचार करते हुए, कंपनी को जीएसटी अधिकारियों द्वारा न्यायनिर्णयन से उद्भूत होने वाली किसी भी अन्य परिणामी देनदारियों के अलावा 2.50 लाख रुपये की कुल शास्ति का सामना करना पड़ सकता है।	ग) इसे नोट कर लिया गया है और जीएसटी अधिनियम, 2017 का अनुपालन करने से संबंधित आवश्यक विवरणी दाखिल करने के लिए इकाई स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।

क्र.सं.	योग्यता का आधार	प्रबंधन का प्रत्युत्तर
	इसके अलावा, वार्षिक विवरणी भरने और लेखा बहियों के साथ कारोबार, कर देयता और इनपुट कर क्रेडिट के समाशोधन के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।	
	घ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि जीएसटीआर– 2ख के अनुसार उपलब्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और जीएसटीआर– 3ख में उपलब्ध आईटीसी के बीच अंतर है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में, जीएसटीआर– 2ख के अनुसार आईटीसी क्रेडिट 85.10 लाख रुपये से अधिक है, वित्तीय वर्ष 2024–25 में, जीएसटीआर– 3ठ के अनुसार आईटीसी क्रेडिट10.98 लाख रुपये से अधिक है और वित्तीय वर्ष 2025–26 में, जीएसटीआर– 3ख के अनुसार आईटीसी क्रेडिट 10,00 लाख रुपये से अधिक है। जीएसटीआर–2ख के अनुसार उपलब्ध आईटीसी और जीएसटीआर–3ख में उपलब्ध आईटीसी के बीच उपरोक्त अंतरों को स्पष्ट करने का समाशोधन उपलब्ध नहीं कराया गया। ऐसे समाशोधन और सहायक रिकार्ड के अभाव में, वे वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान आईटीसी के उपलब्ध न होने और वित्तीय वर्ष 2024–25 और 2025–26 के दौरान आईटीसी के अधिक उपलब्ध होने के कारणों का पता नहीं लगा सके। इसके परिणामस्वरूप विभेदक आईटीसी की शुद्धता और स्वीकार्यता का पता नहीं लगाया जा सका।	घ) इसे नोट कर लिया गया है और जीएसटी अधिनियम, 2017 का अनुपालन करने के लिए इकाई स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।
	(ङ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि वित्तीय विवरणिकाओं के अनुसार कारोबार, जीएसटीआर– 3खविवरणी में दर्शाए गए कारोबार से 486.10 लाख रुपये (बहियों के अनुसार कारोबार 6906.42 लाख रुपये और जीएसटीआर– 3ख 7392.52 लाख रुपये) से भिन्न है। समाशोधन विवरणिका और पर्याप्त सहायक रिकॉर्ड के अभाव में, राजस्व मान्यता की शुद्धता और वित्तीय विवरणिकाओं पर परिणामी प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।	ङ) इसे नोट कर लिया गया है और जीएसटी अधिनियम, 2017 का अनुपालन करने के लिए इकाई स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>योग्यता का आधार</th><th>प्रबंधन का प्रत्युत्तर</th></tr>
<tr><td></td><td>च) यह देखा गया कि कुछ स्थानों के संबंध में पिछले वर्षों के लिए निम्नलिखित विवरणानुसार जीएसटीआर–9 (वार्षिक विवरर्ण) और जीएसटीआर 9ग समाशोधन विवरणी) दाखिल नहीं की गई है:
<table>
<tr><th>राज्य / स्थान</th><th>जीएसटीआर–9 विवरणी दाखिल नहीं किए जाने का वर्ष</th><th>जीएसटीआर–9गविवरणी दाखिल नहीं किए जाने का वर्ष</th></tr>
<tr><td>उत्तराखंड</td><td>लागू नहीं</td><td>2017-18 से 2024-25 के सिवाय 2022-23</td></tr>
<tr><td>दिल्ली</td><td>लागू नहीं</td><td>2017-18 से 2020-21</td></tr>
<tr><td>छत्तीसगढ़</td><td>2020-21</td><td>2017-18 से 2021-22</td></tr>
<tr><td>हरियाणा</td><td>2020-21</td><td>2017-18 से 2022-23</td></tr>
<tr><td>पंजाब</td><td>2020-21</td><td>2018-19 से 2021-22</td></tr>
</table>
इसके अलावा, वार्षिक विवरणी और समाशोधन विवरणिका के अभाव में, कारोबार, कर देयता और इनपुट कर क्रेडिट के लेखा बहियों के साथ समाशोधन, यदि कोई हो, का वित्तीय विवरणिकाओं पर परिणामी प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।</td><td>च) इसे नोट कर लिया गया है और जीएसटी अधिनियम, 2017 का अनुपालन करने के लिए इकाई स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।</td></tr>
<tr><td>10</td><td>रॉयल्टी व्यय
खदानों से निकाले गए चूने के पत्थर की मात्रा और राजबन इकाई के संबंध में वर्ष के दौरान भुगतान की गई रॉयल्टी की मात्रा के बीच समाशोधन उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव, यदि कोई हो, पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।</td><td>रॉयल्टी का भुगतान केवल उत्खनित चूना पत्थर के लिए किया जा रहा है। यह विभागाध्यक्ष, खान की सिफारिश पर किया जा रहा है।</td></tr>
<tr><td>11</td><td>अन्य
वर्ष 1998 में बेची गई येरागुंटला इकाई के संबंध में विशेष लेखापरीक्षा रिपोर्ट में इंगित विसंगतियों के प्रभाव पर लंबित समाशोधन के कारण विचार नहीं किया गया है। वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका। (वित्तीय विवरणिकाओं की टिप्पण संख्या 31.42 देखें)।

योग्य राय के आधार में उल्लिखित बिंदुओं के संबंध में, वित्तीय विवरणिकाओं पर उनके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।?</td><td>स्थिति काटिप्पण संख्या 31 में संगत बिंदु संख्या 42 में पर्याप्त रूप से उल्लेख किया गया है, जो वार्षिक लेखाओं का हिस्सा है।</td></tr>
</table>

निगम शासन पर रिपोर्ट

1. शासन संहिता पर कंपनी का दर्शन

निगम शासन के संबंध में कंपनी का दृश्टिकोण सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई) वित्तीय विवेक, ग्राहकों की संतुष्टि, पारदर्शिता, जवाबदेही और हितधारकों के प्रति प्रतिबद्धता में विश्वास करना है। सीसीआई की कार्यप्रणाली उन दिशानिर्देशों पर आधारित है जो भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए जाते हैं और सीसीआई को सभी हितधारकों अर्थात शेयरधारकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, लेनदारों, भारत सरकार, राज्य सरकारों, सरकारी एजेंसियों/विभागों और बड़े पैमाने पर समाज के लिए मूल्य बढ़ाने में एक लंबा सफर तय करना है।

2. निदेशक मंडलः

i. निदेशक मंडल का संघटन : बोर्ड का गठन

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के अनुसार एक सरकारी कंपनी है। कंपनी के अंतर्नियमों के अनुसार, निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है। बोर्ड में 3 निदेशकों से कम और 12 से अधिक नहीं होंगे।

ii. बोर्ड की संरचना

31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार सीसीआई के बोर्ड में पांच (5) निदेशक थे जिनमें से तीनकार्यकारी निदेशक और दो अंशकालिक शासकीय निदेशक हैं जो प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा नामित हैं।

निदेशकों के नाम और संवर्ग, वर्ष के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठक और पिछली वार्षिक सामान्य बैठक में उनकी उपस्थिति सहित निदेशक पद और समिति (लेखा परीक्षा समिति) के पदों की संख्या तालिका 1 में दी गई है।

तालिका 1 : निदेशकों की श्रेणियां और उनके द्वारा धारित निदेशक पद और समिति

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बोर्ड बैठक	बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति	वार्षिक सामान्य बैठक (09.10.2025 को आयोजित) में उपस्थिति	31.03.2026की स्थिति के अनुसार निदेशकता की संख्या (सीसीआई सहित)	31.03.2026की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता की संख्या
कार्यकारी निदेशकः						
1.	श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक*	7	7	जी, हां	3	शून्य
2.	श्री प्रदीप कुमार चंद, निदेशक (वित्त)	7	7	जी, हां	1	शून्य
3.	श्री बालासुगुमार डेनियल, निदेशक (प्रचालन)** (दिनांक 30.12.2025 से)	1	1	लागू नहीं	1	शून्य

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बोर्ड बैठक	बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति	वार्षिक सामान्य बैठक (09.10.2025 को आयोजित) में उपस्थिति	31.03.2026की स्थिति के अनुसार निदेशकता की संख्या (सीसीआई सहित)	31.03.2026की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता की संख्या
			सरकार द्वारा नामित निदेशक			
4.	श्री प्रेम चंद्र मौर्य*** (दिनांक 17.07.2025 से)	5	5	लागू नहीं	7	शून्य
5.	डॉ. रेणुका मिश्रा (दिनांक 14.07.2025 तक)	2	2	लागू नहीं	10	शून्य
6.	श्री अरुण कुमार सरकार (दिनांक 16.03.2026 तक)	7	7	जी, हां	2	शून्य
7.	डॉ. रेणुका मिश्रा**** (दिनांक 16.03.2026 से)	0	0	लागू नहीं	5	शून्य

*भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश संख्या 7–19/1/2024–पीई–ट दिनांक 21 मई, 2025 के अनुसार, श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड/साम्भर साल्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद का पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए या पद पर नियमित पदधारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने दिनांक 21.05.2025, अपराह्न एचएसएल/एसएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया है।

**भारी उद्योग मंत्रालय ने दिनांक 01.12.2025 के आदेश सं. 1(5)/2019–पीई–XII/सीपीएसई–III द्वारा श्री बालासुगुमार डेनियल, मुख्य महाप्रबंधक, प्रभारी (कार्य), भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) को CCI लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) के रूप में उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख अर्थात 31.07.2029 दिसंबर, 2025 (पूर्वाह्न) या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए नियुक्त किया है। श्री बालासुगुमार डेनियल ने दिनांक 30 दिसंबर, 2025 (पूर्वाह्न) से CCI लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

***श्री प्रेम चंद्र मौय, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय को दिनांक 17.07.2025 से सीसीआई के निदेशक मंडल में अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकारद्वारा नामित) के रूप में नियुक्त किया गया है। वे डॉ. रेणुका मिश्रा,, आर्थिक सलाहकार, भारी उद्योग मंत्रालय के स्थान पर कार्य करेंगे।

****डॉ. रेणुका मिश्रा, आर्थिक सलाहकार, भारी उद्योग मंत्रालय को दिनांक दिनांक 16.03.2025 से सीसीआई के निदेशक मंडल में अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकार द्वारा नामित) के रूप में नियुक्त किया गया। वे भारी श्री अरुण कुमार सरकार, उप सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय के स्थान पर कार्य करेंगी।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में बोर्ड की सात (7) बैठकें अर्थात् 09.04.2025, 23.05.25, 17.07.2025, 01.08.2025, 09.10.2025, 02.12.2025 एवं 20.02.2026 को आयोजित की।

iii. निदेशक मंडल/समिति की बैठकों के लिए कार्यसूची के मदों की सूची का निर्धारण और चयनः

- निदेशक मंडल/समिति के अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत उचित नोटिस देकर बैठकें बुलाई जाती हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/निदेशक मंडल समिति की बैठकों की तारीख और स्थान विनिश्चित करते हैं। बैठक के दौरान सार्थक, सूचित और केंद्रित निर्णयों को सुविधाजनक बनाने के लिए सदस्यों के बीच विस्तृत एजेंडा नोट्स, प्रबंधन रिपोर्ट और अन्य व्याख्यात्मक बयान अग्रिम रूप से परिचालित किए जाते हैं। जब अत्यावश्यक मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता होती है, तो बैठकें कम समय की पूर्व सूचना पर बुलाई जाती हैं या अधिनियम या इसके लेखों में उल्लिखित लागू प्रावधानों के सम्यक अनुपालन में परिचालन द्वारा संकल्प पारित किए जाते हैं।
- जहां कहीं किसी दस्तावेज को उसकी गोपनीय प्रकृति के कारण एजेंडा नोट्स में संलग्न करना व्यावहारिक नहीं है, या विशेष और असाधारण परिस्थितियों में, अतिरिक्त या पूरक मदों के कागजात बैठक में पटल पर रखे जाते हैं।
- कार्यकारी निदेशक/अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत कार्यसूची कागजात परिचालित किये जाते हैं।
- निदेशक मंडल/समितियों की बैठकों में वित्त, संचालन, मानव संसाधन आदि से संबंधित मामलों पर प्रस्तुतीकरण दिया जाता है ताकि सदस्यों को जब भी अपेक्षित हो, सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाया जा सके।
- कंपनी की सभी जानकारी तक निदेशक मंडल के सदस्यों की पूरी पहुंच है। निदेशक मंडल ऐसे किसी भी मुद्दे की संस्तुति करने के लिए भी स्वतंत्र है जिसे वह एजेंडा में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण मानता है। निदेशक मंडल द्वारा चर्चा की जा रही वस्तुओं के लिए अतिरिक्त सूचनाउपलब्ध कराने के लिए, जब भी अपेक्षित हो, वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों को बुलाया जाता है।

iv. निदेशक मंडल/समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का अभिलेखनः

प्रत्येक निदेशक मंडल/समिति की बैठक की कार्यवाही के कार्यवृत्त को कार्यवृत्त पुस्तक में विधिवत दर्ज किया जाता है। निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्त को निदेशक मंडल के सदस्यों के बीच उनकी संपुष्टि के लिए आगामी निदेशक मंडल बैठक में परिचालित किया जाता है। निदेशक मंडल की उप–समिति के कार्यवृत्त भी जानकारी के लिए निदेशक मंडल के समक्ष रखे जाते हैं।

v. अनुवर्ती तंत्र

निदेशक मंडल/समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण निर्णयों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर)को एटीआर एजेंडा प्राप्त होने पर प्रस्तुत किया जाता है। यह एक प्रभावी अनुवर्ती, समीक्षा और रिपोर्ट प्रक्रिया के रूप में कार्य करता है।

vi. अनुपालन

हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि एजेंडा नोट्स तैयार करते समय कानून, नियमों और दिशानिर्देशों के सभी लागू प्रावधानों का पालन हो। कंपनी, कंपनी अधिनियम के सभी लागू प्रावधानों और विभिन्न कानूनों के अंतर्गत विभिन्न अन्य सांविधिक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करती है। निदेशक मंडल को अपेक्षित सूचना नियमित रूप से निम्नानुसार उपलब्ध कराई जाती हैः–

- समझौता ज्ञापन (एमओयू), बड़ी संविदाएं प्रदान करने की सूचना।
- लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल की अन्य समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त।
- कारण बताओ, मांग, अभियोजन नोटिस, और दंड नोटिस, यदि कोई हो, जो तात्विक से महत्वपूर्ण हैं।
- घातक या गंभीर दुर्घटनाएं, खतरनाक घटनाएं।
- प्रमुख निवेश, अनुशंगी कंपनियों का गठन, संयुक्त उद्यम और कार्यनीतिक गठबंधन।
- निदेशकों द्वारा अन्य कंपनियों/फर्मों आदि में उनके द्वारा अधिग्रहित निदेशकों और समिति पदों के बारे में अभिरुचि का प्रकटीकरण।
- कानून और डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य मदें।
- संविधिक प्रावधानों का त्रैमासिक अनुपालन प्रमाण पत्र।
- निदेशक मंडल द्वारा समय–समय पर वांछित अन्य विषय।

vii. गैर–कार्यकारी निदेशकों का मुआवजा और प्रकटन:

कंपनी सरकार द्वारा नामित निदेशकों को बैठक शुल्क का भुगतान नहीं करती है। तथापि, स्वतंत्र निदेशकों को प्रति निदेशक मंडल बैठक 15,000/–(पंद्रह हजार रुपये मात्र) और समिति की बैठकों के लिए 12,000/–(बारह हजार रुपये मात्र) की दर से बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है। स्वतंत्र निदेशकों को निदेशक मंडल और उसकी समितियों की बैठकों में उपस्थित होने के लिए किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति भी की जाती है।

viii. निदेशक मंडल द्वारा अन्य कंपनियों की समिति में धारित निदेशक पद और सदस्यता (31.03.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	संवर्ग	अन्य कंपनियों में निदेशक पद/ प्रकटीकरण (2025–26)
	कार्यकारी निदेशक		
1.	श्री संजय बंगा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	कार्यकारी निदेशक	1. हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड 2. सांभर साल्ट्स लिमिटेड
2.	श्री प्रदीप कुमार चंद निदेशक (वित्त)	कार्यकारी निदेशक	शून्य
3.	श्री बालासुगुमार डेनियल, निदेशक (प्रचालन (दिनांक 30.12.2025 से)	कार्यकारी निदेशक	शून्य
	सरकार द्वारा नामित निदेशक		
4.	श्री प्रेम चंद्र मौर्य (दिनांक 17.07.2025 से)	सरकार द्वारा नामित निदेशक	एचएमटी लिमिटेड एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड एचएमटी वॉचेज लिमिटेड एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड
4.	डॉ. रेणुका मिश्रा (दिनांक 14.07.2025 तक) एवं (दिनांक 16.03.2026 से)	सरकार द्वारा नामित निदेशक	1. एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड 2. नेपा लिमिटेड 3. इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड 4. स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड

ix. निदेशक मंडल के सदस्यों का प्रशिक्षण

सीसीआई अपने निदेशक मंडल के सदस्यों को सीसीआई की रूपरेखा, व्यवसाय आदि के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए पहल करता है। सीसीआई के प्रबंधन द्वारानिदेशकों को समय–समय पर सीसीआई के कामकाज से संबंधित सभी प्रासंगिक मुद्दों और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की जानकारी दी जाती है।

x. आचार संहिता

कंपनी अपने व्यवसाय को व्यावसायिक नैतिकता के उच्चतम मानकों के अनुसार संचालित करने और सभी लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने के प्रति कटिबद्ध है। यह पुष्टि की जाती है कि निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने वर्ष 2025–26 के दौरान आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

xi. जोखिम मूल्यांकन और न्यूनीकरण के लिए नीतियां

जोखिम प्रबंधन प्रणाली एक एकीकृत हिस्सा है और कारपोरेट और प्रचालनात्मक उद्देश्यों के अनुरूप है। जोखिम प्रबंधन निर्धारित समय पर एक अलग कार्य के रूप में न करके सामान्य व्यावसायिक अभ्यास के हिस्से के रूप में किया जाता है।

3. लेखा परीक्षा समिति

वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक विद्यमान नहीं हैं। तदनुसार, विशेष परिस्थितियों को देखते हुए, निदेशक मंडल ने निम्नलिखित निदेशकों की लेखा परीक्षा समिति का गठन किया:–

1) श्री प्रेम चन्द्र मौर्य, निदेशक (सरकार द्वारा नामित)– अध्यक्ष

2) श्री अरुण कुमार सरकार, निदेशक (सरकार द्वारा नामित)–सदस्य

3) श्री प्रदीप कुमार चंद, निदेशक (वित्त)– सदस्य

श्री अरुण कुमार सरकार, उप सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय और सीसीआई के निदेशक मंडल से अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकारद्वारा नामित) के पद से दिनांक 16.03.2026 से कार्यमुक्त होने कारण लेखा परीक्षा समिति प्रभावी नहीं है।

लेखा परीक्षा समिति के पास कंपनी अधिनियम, 2013 और सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी निगम शासन पर दिशानिर्देशों के अनुसार शक्तियां, भूमिका और विचारार्थ विर्षय होते हैं।

वर्ष 2025–26 के दौरान, लेखा परीक्षा समिति की दिनांक 01.08.2025 और 09.10.2025 को दो बैठकें आयोजित की गईं जिनमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

नाम	निदेशकों के कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठक में उपस्थिति
1. श्री प्रेम चन्द्र मौय	2	2
2. श्री अरुण कुमार सरकार	2	2
3. श्री प्रदीप कुमार चंद	2	2

4. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

सरकारी कंपनी होने के नाते, निदेशकों को देय पारिश्रमिक और भत्ते और उनकी नियुक्ति/अनुबंध की शर्तों के अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। यद्यपि, लोक उद्यम विभाग ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक सीपीएसई अंशकालिक गैर–शासकीय निदेशक की अध्यक्षता में एक नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन करेगा जो कर्मचारियों में इसके वितरण के लिए वार्षिक बोनस/परिवर्तनीय वेतन नीति निर्धारित करेगी।

स्वतंत्र निदेशकों के अभाव के कारण कंपनी की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका।

निदेशकागणों/केएमपी को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण:

कंपनी के निदेशकगणों/केएमपी को वर्ष 2025–26 के लिए प्रदत्त पारिश्रमिक के विवरण नीचे दिए गए हैं:–

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	नाम	डीए और एचआरए सहित वेतन	अन्य हितलाभ	कार्य–निष्पादन प्रोत्साहन	अनुलाभ की राशि	चिकित्सा प्रतिपूर्ति	पीएफ और अन्यनिधि में अंशदान	कुल
1.	श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	36.09	10.26	0	10.48	0.32	4.33	61.48
2.	श्री प्रदीप कुमार चंद, निदेशक (वित्त)	31.26	6.22	0	6.02	0.73	3.75	47.99
3.	श्री बालासुगुमार डेनियल, निदेशक (प्रचालन (दिनांक 30.12.2025 से)	14.29	2.40	0	0	0.05	1.44	18.18
4.	श्री अजय कुमार शर्मा, कंपनी सचिव	22.32	5.92	0	0	0.21	2.45	30.90
	कुल	**103.96**	**24.80**	**0**	**16.50**	**1.31**	**11.97**	**158.54**

5. निगमितसामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के लिए कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति का होना अपेक्षित है।तथापि, कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक विद्यमान नहीं है। अतः सीएसआर समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका।

6. हितधारक संबंध समिति

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एक गैर–सूचीबद्ध सरकारी कंपनी है और इसकी संपूर्ण शेयर पूंजी भारत के महामहिम राष्ट्रपति और उनके द्वारा नामित व्यक्तियों के पास निहित है। इस प्रकार ऐसी किसी समिति के गठन की आवश्यकता नहीं है।

7. अनुषंगी कंपनियाँ

कंपनी की कोई अनुशंगी कंपनी नहीं है।

8. वार्षिक सामान्य बैठक

विगत तीन वर्षो की वार्षिक सामान्य बैठक के विवरण निम्नानुसार हैं:–

एजीएम	59वीं एजीएम	60वीं एजीएम	61वीं एजीएम
तारीख एवं समय	29 सितंबर, 2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे	25अक्तूबर, 2024 अपराह्न 04:00 बजे	09अक्तूबर, 2025 अपराह्न 04:00 बजे
स्थान	स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003	स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003	स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
पारित किए गए विशेष संकल्प	जी नहीं	जी, हां	जी नहीं

9. प्रकटन

I. संबंधित पक्षकार लेनदेनः

कंपनी ने निदेशकों या उनके रिश्तेदारों (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के अनुसार निदेशकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया गया प्रकटन) के साथ कोई ऐसा महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं किया है, जिनका कंपनी के साथ संभावित हित निहित हो।

II. विधिक अनुपालनः

कंपनी ने मई 2010 में सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी निगमशासन दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कदम उठाए हैं।

निदेशक मंडल के लिए संविदात्मक दायित्वों के रूप में नियुक्ति की शर्तों के अनुसार किए गए खर्च के अलावा कोई व्यक्तिगत खर्च नहीं किया है।

III. लेखाकरण समाधानः

कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए तैयार वित्तीय विवरण के लिए अपनी रिपोर्ट में सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा दी गई टिप्पणियों और पर्यवेक्षणों के अधीन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा निर्धारित लेखाकरण मानकों का पालन किया।

IV. राष्ट्रपति के निर्देशः

कंपनी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान महामहिम राष्ट्रपति का कोई निदेश प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, उद्योग एवं भारी मंत्रालय ने दिनांक 01.09.2023 को वेतन संशोधन को दिनांक 01.01.2017 से काल्पनिक रूप से और 01.04.2023 से वास्तविक रूप से लागू करने के लिए राष्ट्रपति निदेश जारी किए हैं। उक्त आदेश (महामहिम राष्ट्रपति निर्देश) को लागू कर दिए गए हैं।

10. सतर्कता

सीसीआई, एक पीएसयू होने के नाते, कंपनी के अभिलेख भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा और सतर्कता द्वारा निरीक्षण के लिए खुले हैं। सीसीआई में सीवीओ की अध्यक्षता में सर्तकता विभाग विद्यमान है।

11. संचार के माध्यम

कंपनी के वार्षिक वित्तीय निश्पादन कंपनी की वेबसाइट www.cciltd.in पर डाले जाते हैं। कंपनी समय–समय पर

कारपोरेट संबंधी महत्वपूर्ण निर्णयों और क्रियाकलापों पर आधिकारिक समाचार वेसाइट पर भी डालती है।

12. सचेतक नीति

कंपनी ने कर्मचारियों द्वारा अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या नीति के उल्लंघन के बारे में चिंता की रिपोर्ट करने के लिए एक तंत्र स्थापित किया है। कर्मचारियों की सीएमडी और अध्यक्ष, लेखा परीक्षा समिति तक सीधी पहुंच है जो कंपनी की सचेतक नीति के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी हैं। सचेतक नीति कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.cciltd.in पर भी उपलब्ध है।

13. अनुपालन प्रमाण पत्र

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित निगम शासन की शर्तों के साथ उनकी टिप्पणियों और पर्यवेक्षण के अधीन अनुपालन की पुष्टि करने वाला मैसर्स अमित अग्रवाल एंड एसोसिएट्स, व्यवसायरत कंपनी सचिव का प्रमाण पत्र जो वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है, इसके साथ संलग्न है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह./–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं: 09353339

दिनांक : 22.09.2026
स्थान : नई दिल्ली

अमित अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव
कार्यालय : एच–63, विजय चौक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092, भारत
फोन : +91–11–49423788, 43019289, मोबाइलः 91–9811272307
ईमेल : mitagcs@gmail.com; amit2ks@yahoo.com

कारपोरेट शासन पर प्रमाणपत्र

सेवा में,

सदस्यगण
सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,
कोर–5, स्कोप कॉम्प्लेक्स 7–लोधी रोड
नई दिल्ली– 110003
सीआईएनःयू74899डीएल1965जीओआई004322

हमने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के लिए कारपोरेट शासन पर दिषानिर्देष, 2010 मूल रूप से दिनांक 22.06.2007 को जारी अधिसूचना सं. 18(8)/2005–जीएम देखें, एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा, मई, 2010 को यथा संशोधित जारी उसके अंतर्गत उल्लखित अनुलग्नक (इसमें 'दिषानिर्देष' के रूप में संदर्भित) के दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित दिनांक 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय कोर–5, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 में स्थित है, द्वारा निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है।

निगमित शासन का अनुपालन प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी जांच निगमित शासन की उपरोक्त उल्लिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने में कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उसके कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह न तो लेखा परीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरण पर मत की अभिव्यक्ति है।

हमारे मत और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनसुार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम यह प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने निम्नलिखित को छोड़कर उपर्युक्त डीपीई दिशा निर्देषों में निर्धारित निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन किया है:

क. कंपनी में लेखा परीक्षा एवं नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति का समुचित संघटन विद्यमान नहीं है।

हम आगे कथन करते हैं कि इस तरह का अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है, न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता का जिससे प्रबंधन ने कंपनी के कार्य संचालित किए हैं।

कृते अमित अग्रवाल एंड
एसोसिएट्स
(कंपनी सचिव)

सीएस अमित अग्रवाल
(पार्टनर)
सदस्यता सं.: एफ5311,
सी.पी. सं.:3647
यूडीआईएनःएफ005311एच000949265

स्थानः दिल्ली
दिनांक : 27.07.2026

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निगमित शासन पर प्रमाणपत्र के अंतर्गत पर्यवेक्षण पर प्रबंधन का प्रत्युत्तर

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निगमित शासन पर प्रमाणपत्र मेसर्स अमित अग्रवाल एंड एसोसिएट्स, व्यवसायरत कंपनी सचिव, नई दिल्ली से प्राप्त किया गया है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि ''कंपनी में लेखा परीक्षा एवं नामांकन पारिश्रमिक समिति का का समुचित संघटन विद्यमान नहीं है।''। इस संबंध में, प्रबंधन का प्रत्युत्तरइस प्रकार है:

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सीसीआई के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक कार्यरत नहीं हैं चूंकि दोनों पूर्व स्वतंत्र निदेशकों डॉ. रवींद्र शिवशंकर अरली और डॉ. मंजू बघेल का कार्यकाल दिनांक 01.11.2024 से समाप्त हो गया है। तदनुसार, स्वतंत्र निदेशकों विद्यमान न होने के कारण लेखा परीक्षा समिति एवं नामांकन और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन नहीं किया जा सका। तथापि, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में प्रशासनिक मंत्रालय को समय–समय पर अनुरोध पत्र भेजे गए हैं।

अमित अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव
कार्यालय : एच–63, विजय चौक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092, भारत
फोन : +91–11–49423788, 43019289, मोबाइल: 91–9811272307
ईमेल :mitagcs@gmail.com; amit2ks@yahoo.com

प्रपत्र सं. एमआर–3

31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम संख्या 9 के अनुसरण में,

सेवा में,
सदस्यगण
सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,
कोर–5, स्कोप कॉम्प्लेक्स 7–लोधी रोड
नई दिल्ली– 110003
सीआईएन:यू74899डीएल1965जीओआई004322

हम रिपोर्ट करते हैं कि:

हमने **सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड** (इसके पश्चात 'कंपनी' कहा गया है) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और उचित कारपोरेट प्रथाओं के पालन के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा की है। यह सचिवीय लेखा परीक्षा इस रीति में की गई थी जो हमें कारपोरेट आचरण/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने और उस पर हमारा मत व्यक्त करने के लिए उचित आधार प्रदान करे।

कंपनी का उत्तरदायित्व

कंपनी का प्रबंधन और निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत सचिवीय रिकॉर्ड के रखरखाव और कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन के लिए जिम्मेदार हैं। इसके अलावा कंपनी का प्रबंधन और निदेशक मंडल लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पहचान, निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रिया की स्थापना और रखरखाव के लिए भी उत्तरदायी हैं।

लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व कथन

हमारा उत्तरदायित्व केवल परीक्षण के आधार पर अनुपालन की जांच और सत्यापन करना है और हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर राय व्यक्त करना है।

हमने सचिवीय रिकॉर्ड की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रथाओं और प्रक्रियाओं का पालन किया है। सत्यापन परीक्षण के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि सचिवीय रिकॉर्ड में सही तथ्य परिलक्षित हों। हमारा मानना है कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का पालन किया है, वे हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।

हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड और लेखा पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता को सत्यापित नहीं किया है। जहां भी आवश्यक हो, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं के घटित होने आदि के बारे में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है, न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता का जिससे प्रबंधन ने कंपनी के कार्य संचालित किए हैं।

बाध्यताएं

आंतरिक, वित्तीय और परिचालन नियंत्रण सहित लेखापरीक्षा की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, अपरिहार्य जोखिम है कि कुछ मिथ्याकथन या तात्विक गैर–अनुपालन का पता नहीं लगाया जा सकता है, भले ही लेखापरीक्षा सुनियोजित और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा यथा निर्धारित सचिवीय लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार की गई हो।

इसके अलावा, हमने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त कंपनी आदि पर लागू कानूनों से संबंधित कार्यवृत्तों, दस्तावेजों, पंजिकाओं, अन्य अभिलेखों और विवरणी सहित सचिवीय अभिलेख की जांच करते हुए सचिवीय लेखापरीक्षा की है। प्रबंधन ने पुष्टि की है कि हमें प्रस्तुत किए गए अभिलेख सत्य और सही हैं। हमने कुछ क्षेत्रों के लिए कंपनी के प्रबंधन द्वारा दिए गए अभ्यावेदन पर भी भरोसा किया है, जिसके लिए भौतिक सत्यापन की आवश्यकता होती है।

मत का आधार

हमने लेखापरीक्षा प्रथाओं, सचिवीय लेखापरीक्षा मानकों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जो सचिवीय रिकॉर्ड की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लागू और उपयुक्त थे। कुछ मामलों में सत्यापन परीक्षण के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित हों। हमारा मानना है कि हमने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का पालन किया है, वे हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं। हम यह भी मानते हैं कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

सचिवीय रिकॉर्ड और उसके अनुपालन पर रिपोर्ट

कंपनी की बहियों, कागजात, कार्यवृत्त पुस्तिकाओं, फाइल किए गए ई–प्रपत्रों और विवरणी तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों और इसके अतिरिक्त कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा के दौरान प्रदान की गई जानकारी के हमारे सत्यापन के आधार पर, हम एतद्द्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारे मतानुसार,, कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष को समाहित करने वाली लेखापरीक्षा अवधि के दौरान इसके अंतर्गत सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी में उस सीमा तक, जिस सीमा तक इसके उपरांत किए गए प्रतिवेदन की रीति में और अधीन समुचित बोर्ड–प्रक्रियाएं और अनुपालन–तंत्र विद्यमान हैं:

हमने **31 मार्च, 2026** को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए **मैसर्स सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड** द्वारा अनुरक्षित बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त पुस्तिकाओं,, फाइल किए गए ई–प्रपत्रों और विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(ii) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक

(iii) अन्य लागू कानून विशेष रूप से कंपनी पर अर्थात्:

क) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीण उपबंध अधिनियम, 1952
ख) उपदान संदाय अधिनियम, 1972
ग) न्यूनतम मजदूरी संदाय अधिनियम, 1948
घ) प्रसूति प्रसुविधा लाभ अधिनियम, 1961
ङ) कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण अधिनियम), 2013
च) बोनस संदाय अधिनियम, 1965
छ) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948
ज) भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 अपने कर्मचारियों के लिए पीएफ प्रयोजनों के लिए सृजित
झ) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
ञ) खाद्य सुरक्षा और भारतीय मानक अधिनियम, 2011
ट) कारखाना अधिनियम, 1948
ठ) रिक्ति की अनिवार्य अधिसूचना अधिनियम 1959
ड) मजदूरी संदाय अधिनियम
ढ़) कर्मकार और मुआवजा अधिनियम
ण) उपदान अधिनियम
त) समान पारिश्रमिक अधिनियम
थ) औद्योगिक विवाद अधिनियम
ध) बाल नियोजन अधिनियम
न) भारतीय स्टाम्प अधिनियम
प) चूना पत्थर और डोलोमाइट खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1972

तथापि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान, निम्नलिखित विनियमों के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं थे क्योंकि खंड (I) कंपनी ने निगमन के बाद से कोई एफडीआई और ईसीबी नहीं लिया गया है और निम्नलिखित (II) और (III) खंड के लिए कंपनी असूचीबद्ध कंपनी है। इस प्रकार, इन खंडों के संबंध में टिप्पणी करना अपेक्षित नहीं है:

I. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और उसके तहत बनाए गए नियम और विनियम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार की सीमा तक।

II. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम') के अंतर्गत निर्धारित नियम, विनियम और दिशानिर्देश।

III. किसी भी स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीयन करार।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने ऊपर वर्णित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन निम्नलिखित अवलोकन के अधीन किया है:

क. कंपनी में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 एवं 178 के अधीन यथापेक्षित विभिन्न समितियों का समुचित संघटन विद्यमान नहीं है।तथापि, बोर्ड की स्वीकृति से, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए भारी उद्योग मंत्रालय को अनेक पत्र भेजे गए हैं।

कंपनी के निदेशक मंडल का गठन विधिवत रूप से किया गया है, जिसमें उपरोक्त के सिवाय अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कार्यकारी निदेशक, गैर–कार्यकारी निदेशकों एवं महिलाओं निदेशकों के साथ–साथ स्वतंत्र निदेशकों का उचित संतुलन है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल के संघटन में अधिमनयम के उपबंधों के अनुपालन में बदलाव किए गए थे। तथापि कंपनी के निदेशक मंडल का संघटन में स्वतंत्र निदेशकों की ऐसी संख्या विद्यमान नहीं थी जो डीपीई के दिशानिर्देशों के अधीन यथापेक्षित हैं जिसके लिए कंपनी ने उक्त की नियुक्ति के संबंध में अपने प्रशासनिक मंत्रालय को नियमित तौर पत्र लिखे।

सभी निदेशकों को बोर्ड मीटिंग की अनुसूचियों का पर्याप्त नोटिस दिया जाता है, एजेंडे एवं एजेंडे पर विस्तृत नोट्स कम से कम सात दिन पूर्व भेजे गए थे, और बैठक से पूर्व एजेंडा मदों पर और जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा बैठक में सार्थक सहभागिता के लिए प्रणाली विद्यमान है।

इसके अलावा, कंपनी पर 4 शुल्क हैं जो कंपनी रजिस्ट्रार के पास प्रपत्र 17 (कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन प्रपत्र सीएचजी–4) फाइल न करने के कारण एमसीए पोर्टल पर दिखाए गए हैं, तथापि संबंधित बैंक/वित्तीय संस्थानों के साथ एकमुश्त निपटान (ओटीएस) के अनुसार वर्षों पहले इनका भुगतान कर दिया गया था।

निर्णय बहुमत के आधार पर लिया गया है जबकि संतुष्ट न होने वाले सदस्यों के विचारों को नोट किया जाता है और कार्यवृत्त के भाग के रूप में अभिलिखित किया जाता है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी में लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएं विद्यमान हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर कानूनों जैसे लागू वित्तीय कानूनों के अनुपालन और वित्तीय रिकॉर्ड और लेखा बहियों के रखरखाव की समीक्षा इस लेखापरीक्षा में नहीं की गई है क्योंकि यह अन्य अभिहित पेशेवर द्वारा की गई सांविधिक वित्तीय लेखापरीक्षा की समीक्षा के अधीन है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, उपर्युक्त निर्दिश कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कोई ऐसी विशिष्ट घटनाएं/कारपोरेट कार्रवाई नहीं हुई, जिसका कंपनी के कार्यों पर बड़ा प्रभाव पड़ा हो।

कृते अमित अग्रवाल एंड
एसोसिएट्स
(कंपनी सचिव)
सीएस अमित अग्रवाल
(पार्टनर)
सदस्यता सं.: एफ5311,
सी.पी. सं.:3647
यूडीआईएन:एफ005311एच000949111

स्थान: दिल्ली
दिनांक : 27.07.2026

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,
सदस्यगण,
सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,
नई दिल्ली

वित्तीय विवरणिकाओं की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य राय

हमने सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ('कंपनी') के संलग्न वित्तीय विवरणिकाओं की लेखापरीक्षा की है जिसमें 31 मार्च 2026 को तुलन पत्र और उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि, नकदी प्रवाह विवरण एवं वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पणियां की गई हैं जिसमें महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं (इसके पश्चात वित्तीय विवरणिका के रूप में संदर्भित) का सारांश शामिल है, जिसमें भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा चार इकाइयां (तंदूर वाईआरओ, बोकाजन और सिलचर ग्राइंडिंग इकाई) की लेखापरीक्षा की गई हैं।

हमारे मतानुसार और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के आधार पर और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, योग्य मत हेतु आधार अनुच्छेद में वर्णित मामलों के प्रभाव/संभावित प्रभाव को छोड़कर, उपरोक्त वित्तीय विवरणिका कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा अपेक्षित सूचना इस रीति में देती है जो 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार इकाई के कार्यों की स्थिति और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उसके लाभ व हानि और उसके नकदी प्रवाह के संबंध में कंपनी (लेखाकरण मानक) नियम, 2021 यथा संशोधित एवं भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप अपेक्षित है तथा सही और निश्पक्ष दृश्टिकोण देते हैं।

योग्य मत हेतु आधार

1) <u>संपत्ति संयंत्र एवं उपस्कर</u>

क) कंपनी के पक्ष में कुछ इकाइयों की भूमि के स्वामित्व और पट्टा विलेखों का निष्पादन अभी भी लंबित है और गैर–प्रचालनरत इकाइयों में रखे भूमि के संबंध में भूमि विवरण समाशोधन के अधीन हैं।

इसके अलावा, डीडीए ने 11 अप्रैल 2017 को स्वतः संज्ञान लेते हुए 14.20 एकड़ जमीन एसडीएमसी को हस्तांतरित कर दी थी, जिसकी कीमत 321.29 लाख रुपये है और इसे ''बाहरी पक्षों से वसूली योग्य'' दर्शाया गया है। एमसीडी ने दिनांक 22.04.2024 के पत्र के माध्यम से 14.20 एकड़ भूमि के बदले में फिरोजपुर कलां (फरीदाबाद) में स्थित एमसीडी की 9 एकड़ भूमि कंपनी को सौंपने की सूचना दी है, जिसका कब्जा अभी तक लंबित है।

इसके अलावा, साइडिंग निर्माण के लिए रेलवे को दी गई 6.74 एकड़ जमीन का भौतिक कब्जा अभी तक कंपनी को नहीं सौंपा गया है। उत्तर रेलवे ने दिनांक 01.01.2024 के पत्र के माध्यम से दिल्ली मंडल और निर्माण संगठन को निर्देश दिया है और सीसीआई के दावे के मामले पर निर्णय लेने के लिए विवरण मांगा है। (वित्तीय विवरणिकाओंकी टिप्पण संख्या31.04 देखें)। उपरोक्त मामलों के परिणाम लंबित रहने के कारण, वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।

ख) सीसीआई के आदिलाबाद टाउनशिप के बाहर पंप हाउस से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7 तक 32 गुंटा लंबाई की सड़क के रूप में सरकारी भूमि के अधिग्रहण और उपयोग के कारण वसूली योग्य राशि का कोई लेखा–जोखा नहीं रखा गया है, जिसके हस्तांतरण आदेश की प्रतीक्षा है। (वित्तीय विवरणिकाओंकी टिप्पण संख्या 31.06 देखें)। वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

ग) गैर–प्रचालनरत इकाइयों मंधार, चरखी दादरी, अकालतारा, नयागांव और नयागांव विस्तार, दिल्ली ग्राइंडिंग इकाई, कुरकुंटा, आदिलाबाद, भटिंडा ग्राइंडिंग इकाई (सामूहिक रूप से ''गैर–प्रचालनरत इकाइयां'' के रूप में संदर्भित) में रखे संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर वस्तुओं की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट चालू वर्ष और पिछले वर्ष में संचालित नहीं की गई है, जिसका अवमूल्यन मूल्य 2127.20 लाख रुपये (फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड भूमि के संबंध में 1441.67 लाख रुपये सहित) है और और 31 मार्च, 2026 तक चल रहे पूंजीगत कार्य के लिए 285.00 लाख रुपये निवल बही मूल्य है। इसके अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं में दर्शाए गए ऐसे मदों के

भौतिक अस्तित्व और वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव पर टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं।

घ) विभिन्न गैर–प्रचालनरत इकाइयों में धारित पट्टाधृत भूमि, जिसका 31 मार्च, 2026 तक 324.82 लाख रुपये का अवमूल्यन मूल्य है, के लिए चालू वर्ष में परिशोधन व्यय नहीं दर्शाया गया है। हमारी राय में, यह लेखा मानक (एएस)–10 ''संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर'' के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, यह देखते हुए कि ऐसी भूमि आज तक बिक्री/निपटान के लिए नहीं रखी गई है। वर्तमान वर्ष और पूर्व वर्षों के लिए परिशोधन न दर्शाये जानेके कारण वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

ङ) गैर–प्रचालनरत इकाइयों की कुछ फ्रीहोल्ड भूमि के संबंध में, कंपनी ने पूर्व के वर्षों में 146.07 लाख रुपये के परिशोधन व्यय का प्रावधान किया है। पूर्व के वर्षों में फ्रीहोल्ड भूमि पर ऐसे परिशोधन व्यय के प्रावधान का आधार और औचित्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसी भूमि के स्वत्त्वाधिकार विलेख सहित समुचित विवरण के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

च) राजबन इकाई में लेखाओं में पूंजीकृत की जा रही वर्ष के दौरान प्रतिस्थापित की गई संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर की मदों केपूंजी ह्रास के लिए लेखाकरण नहीं किया जा रहा है। प्रतिस्थापित परिसंपत्तियों के अवमूल्यनमूल्य को न दर्षाय जाने के कारण वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

छ) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने सूचित किया है कि कंपनी की महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति के अनुसार, उत्खनन विकास व्यय के रूप में पूंजीकृत अधिभार हटाने की लागत को उत्खनन विकास गतिविधि के माध्यम से उजागर कुल चूना पत्थर/सेल भंडार के संबंध में निकाले गए चूना पत्थर/सेल की मात्रा के आधार पर परिशोधित किया जाना अपेक्षित है। तथापि, वर्ष के दौरान, इकाई ने उत्खनन विकास व्यय को उत्खनन विकास कार्य द्वारा उजागर कुल भंडार के संबंध में वर्ष के दौरान निकाली गई मात्रा के बीच संबंध स्थापित किए बिना, चूना पत्थर और सेल के लिए पूंजीगत लागत का परिशोधन क्रमशः 10 प्रतिशत और 20 प्रतिशत दर्शाया है। तदनुसार, लेखाकरण नीति और लागू लेखाकरण ढांचे का अनुपालन स्थापित नहीं किया जा सका।

2) चालू पूंजीगत कार्य

दिल्ली ग्राइंडिंग इकाई में पूंजीगत योजना के लिए 285.00 लाख रुपये का पूंजीगत कार्य लंबे समय से लंबित है, जिसे छोड़ दिया गया है। ऐसी परिसंपत्तियों के नवीनतम वसूली योग्य मूल्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध न होने के कारण, हम इस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या इस संबंध में मूल्य में हानि के लिए कोई प्रावधान किया जाना अपेक्षित है।

3) मालसूचियां

क) राजबन इकाई में रखे 259.32 लाख रुपये मूल्य के उन भंडारों और अतिरिक्त वस्तुओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिन्हें तीन वर्षों से अधिक समय से स्थानांतरित नहीं किया गया है। ऐसी वस्तुओं की विस्तृत समीक्षा और विश्लेषण के अभाव में, हम इस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या इस संबंध में मूल्य में हानि के लिए वित्तीय विवरणिकाओं में कोई प्रावधान किया जाना अपेक्षित है।

ख) 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार राजबन इकाई में रखे 2059.61 लाख रुपये के क्लिंकर तथा 614.75 लाख रुपये के अर्ध–तैयार मालसूची उचित रूप से टैग या लेबल नहीं किया गया है और अधिकांश स्टॉक खुले मैदान में बिखरा पड़ा है, जिससे नुकसान/क्षति हो रही है और परिणामस्वरूप, हम इस पर टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं कि 31 मार्च, 2026 तक उक्त मालसूची के मूल्य में कोई गिरावट आई है।

ग) कंपनी की महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति के अनुसार, भंडार और अतिरिक्त पुर्जे का मूल्य भारित–औसत लागत विधि का उपयोग करके निकाला जाना चाहिए। तथापि, विभिन्न मालसूची श्रेणियों में नमूना लेनदेन के हमारे सत्यापन के दौरान, यह देखा गया कि एसएपी प्रणाली भारित–औसत दरों से अलग दरों पर सामग्री संबंधी मुद्दों का मूल्यांकन कर रही थी।

इसके अलावा, कुछ भंडार और अतिरिक्त पुर्जे को कई लेखाकरण अवधियों में उपयोग के लिए स्टैंड–बाय मद के रूप में रखा जा रहा है और लागू लेखाकरण मानकों के अनुसार लेखाकरण मानक 10 के अनुसार भंडार और अतिरिक्त

पुर्जेमालसूची या संपत्ति, संयत्र और उपस्कर के रूप में उनके उचित वर्गीकरण के संबंध में मूल्यांकन की आवश्यकता है।

तांदूर इकाई के लेखा परीक्षकों ने बताया है कि तांदूर वाईआरओ इकाई से संबंधित भंडार और अतिरिक्त पुर्जे को मालसूची के अधीन मान्यता दी गई है, जिसमें वर्ष के दौरान कोई खपत दर्ज नहीं की गई है, जो उनकी वसूली की अपेक्षा और मालसूची के रूप में निरंतर वर्गीकरण को इंगित करता है।

उपरोक्त मामलों का वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।

घ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि मालूसची की कुछ मदें लंबे समय से एक ही स्थान पर हैं। 50,000 से अधिक मूल्य के अलग–अलग मूल्य और 174.49 लाख तक की कुल मालसूची की मदों की राशि आठ से अधिक वर्षों तक एक जगह में पड़ी माना गया था। ऐसी मालसूची का निरंतर प्रतिधारण उन सामग्रियों के संचय को इंगित करता है जिनका उपयोग लंबे समय से नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप वे मालसूची की ऐसी मात्रा का पता लगाने में असमर्थ हैं जिसके लिए प्रावधान, अवमूल्यन या निपटान किया जाना अपेक्षित हों।

4) <u>निवेश</u>

कंपनी ने आंध्र प्रदेश गैस पावर कॉर्पोरेषन लिमिटेड के इक्विटी षेयरों के माध्यम से 227.96 लाख रुपये का निवेश किया है। 31 मार्च, 2021 के बाद की अवधि के लिए निवेशित कंपनी का वित्तीय विवरण कंपनी के पास उपलब्ध नहीं है। नवीनतम वित्तीय जानकारी/वित्तीय विवरण की उपलब्धता के अभाव में, हम इस पर टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं कि 31 मार्च, 2026 तक ऐसे निवेश के मूल्य में कोई हानि हुई है।

5) <u>व्यापार प्राप्य, ऋण और अग्रिम, व्यापार देय, जमा और अन्य देयताएं</u>

क) व्यापारिक प्राप्य, ऋण और अग्रिम, व्यापारिक देय, पक्षकारों को और पक्षकारों से जमा राशियाँ तथा अन्य देयताएँ पुष्टि और समाशोधन के अधीन हैं। शेष राशिके समाशोधन/पुष्टि न होने से उद्भूत वित्तीय प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका। (वित्तीय विवरणिकाओं के लिए टिप्पण सं. 31.40 देखें)

ख) गैर–प्रचालनरत इकाइयों में 1072.47 लाख रुपये, राजबन इकाई में 146.36 लाख रुपये और निगम कार्यालय में 31.66 लाख रुपये की कुछ वसूली योग्य शेष राशि बकाया है, जो लंबे समय से वसूल/समायोजित नहीं हुई है और ऐसी बकाया राशि की कोई पुष्टि/समाशोधन नहीं हुआ है। इसके अभाव में, हम ऐसी राशियों की वसूली पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

ग) खनन संबंधी देय और न्यूनतम खनन किराये से भिन्न अविवादित सांविधिक देयों पर 31 मार्च 2026 तक देय ब्याज के लिए प्रावधान लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार नहीं किए गए हैं। इन अविवादित बकाया राशि पर अपेक्षित प्रावधानों की मात्रा का आकलन नहीं किया जा सकाचूंक कंपनी के पास संबंधित विवरण उपलब्ध नहीं हैं। प्रबंधन इस संबंध में संबंधित सांविधिक प्राधिकारियों से ब्याज में छूट की अपेक्षा कर रहा है। इसके अतिरिक्त, आदिलाबाद इकाई के संबंध में वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए संपत्ति कर का प्रावधान नहीं किया गया है जो प्रबंधन की राय में देय नहीं है। विस्तृत जानकारी के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

घ) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि एमएसएमई विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को उक्त अधिनियम में निर्धारित तिथियों के बाद कुछ राशि देय है। तथापि, इकाई 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष की लेखा बहियों में ब्याज की गणना और प्रावधान नहीं कर रही है, सिवाय उन पक्षकारों के जो बीआईएफआर के अंतर्गत आते हैं। वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।

ङ) तांदूर इकाई में, 334.08 लाख रुपये के दीर्घकालिक व्यापारिक देयों के वर्गीकरण के संबंध में, इकाई के शाखा लेखा परीक्षक को यह बताने का कोई औचित्य नहीं दिया गया है कि वित्तीय विवरणिकाओं में इसे दीर्घकालिक के रूप में क्यों वर्गीकृत किया गया है, साथ ही प्रत्येक पक्षकार के लिए भुगतान की नियत तिथि भी नहीं बताई गई है। विस्तृत जानकारी के अभाव

में, वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

च) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि व्यापार प्राप्य की उम्र और ग्राहकों से बाहरी शेष की संपुष्टि के संबंध में पर्याप्त सहायक दस्तावेज सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए थे। तदनुसार, वे स्वतंत्र रूप से प्राप्य बकाया शेष की सटीकता, वर्गीकरण और वसूली की पुष्टि करने में असमर्थ हैं, और वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन वर्तमान में नहीं किया जा सका।

छ) वर्ष के दौरान, कंपनी ने करकुटा इकाई के बोलीदाता को मूल रूप से आवंटित स्क्रैप सामग्री की बिक्री के लिए 591.00 लाख रुपये की आय दर्शाई है, जिसे बोलीदाता द्वारा नहीं उठाया गया है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार, प्रतिफल की प्राप्ति के बदले में सामग्री का स्वामित्व बोलीदाता को हस्तांतरित कर दिया गया था। बोलीदाता ने मध्यस्थता खंड को लागू किया है और कंपनी पर विभिन्न दावे किए हैं और मामला वर्तमान में निपटान के लिए लंबित है। मामले के न्याय निर्णयन में लंबित होने के परिणामस्वरूप, वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन वर्तमान में नहीं किया जा सका।

ज) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि कुछ व्यापार देय शेष राशि 3 से 5 वर्षों से अधिक समय से बकाया है। इन देनदारियों की निरंतर वैधता का मूल्यांकन करने के लिए समय–समय पर प्रबंधन मूल्यांकन के अभाव में, वे वित्तीय विवरणिकाओं में उनकी निरंतर मान्यता की उपयुक्तता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं या वित्तीय विवरणिकाओं पर संभावित प्रभाव, यदि कोई हो, का निर्धारण करने में असमर्थ हैं।

झ) तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि, लेखाकरण मानक (एएस) 29 –''प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक परिसंपत्तियां'' के अधीन, प्रावधान दायित्व के सर्वोत्तम अनुमान पर आधारित होने चाहिए और समय–समय पर समीक्षा के अधीन होने चाहिए। तथापि, सूचना और स्पष्टीकरण के अभाव में, वे टिप्पणी करने में सक्षम नहीं हैं कि वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान एएस 29 के प्रावधानों का अनुपालन करने के अनुरूप हैं या नहीं।

ञ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि, व्यापार प्राप्य एजिंग अनुसूची 17.91 लाख रुपये के बकाया प्राप्य को दर्शाती है जो तीन वर्ष से अधिक पुराने हैं। चूंकि पक्षकार–वार विवरण और इन शेष राशि की वसूली की संपुष्टि करने वाले सहायक रिकॉर्ड लेखा परीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए थे, इसलिए वे यह आकलन करने में असमर्थ हैं कि क्या संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान किया जाना अपेक्षित है। इसके परिणामस्वरूप, व्यापार प्राप्य और वर्ष के लिए लाभ पर कोई प्रभाव यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।

ट) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि, व्यापार देय राशिकी एजिंग अनुसूची से पता चलता है कि अन्य श्रेणी के अधीन 22.16 लाख रुपये की कुल व्यापार देय राशि तीन वर्ष से अधिक की अवधि के लिए 31 मार्च 2026 तक बकाया रही है। इन शेष राशि के लंबे समय तक निपटान न होने से बकाया देनदारियों की विस्तृत समीक्षा और समाशोधन की अपेक्षा दर्शाती है।

पक्षकार–वार विवरण, संपुष्टिकरण और ऐसी पुरानी बकाया शेष राशि से संबंधित सहायक दस्तावेजों की अनुपस्थिति में, वे इन देनदारियों की पूर्णता, सटीकता और निरंतर वैधता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।

ठ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि 31 मार्च 2026 तक2265.77 लाख रुपये तक की वसूली योग्य अल्पकालिक ऋण और अग्रिम में ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं से 919. 27 लाख रुपये और बाहरी पक्षकारों से 1056.59 लाख रुपये की वसूली शामिल है। पक्षकार–वार विवरण, संपुष्टिकरण, एजिंग विष्लेशण और इन शेष राशि की प्रकृति और वसूली की पुष्टि करने वाले सहायक रिकॉर्ड लेखा परीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं कराए गए और वित्तीय विवरणिकाओं में भी इनका प्रकटन नहीं किया गया।

पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के अभाव में, वे इन शेष राशि के अस्तित्व, सटीकता और पुनर्प्राप्ति को सत्यापित करने में असमर्थ हैं या यह निर्धारित करने में असमर्थ हैं कि संदेहास्पद

अग्रिम/वसूली के लिए कोई प्रावधान किया जाना अपेक्षित है या नहीं। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।

ड) राजबन इकाई में कोल कंपनी को विक्रेताओं को अग्रिम में 97.33 लाख रुपये का अग्रिम शामिल है जो एक वर्ष से अधिक समय से बकाया है जिसके लिए शेष राशि की संपुष्टि/समाशोधन नहीं किया गया है। बकाया शेष राशि के समाशोधन/संपुष्टि के अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं पर कोई प्रभाव, यदि कोई हो, कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

6) आयकर

क) कंपनी ने वित्तीय विवरणिकाओं में 4011.74 लाख रुपये की राशि एमएटी क्रेडिट पात्रता की राशि परिसंपत्ति के रूप में दर्शाई है। प्रबंधन की राय में, इसे भविष्य में सामान्य आय देनदारियों के सापेक्ष उपयोग किया जाएगा। तथापि, इस बात के निर्णायक प्रमाण के अभाव में कि कंपनी पर्याप्त आयकर योग्य लाभ प्राप्त करेगी एवं आयकर अधिनियम 1961 में निर्दिष्ट समयावधि के दौरान सामान्य आयकर का भुगतान करेगी हम ऐसी एमएटी क्रेडिट पात्रता की पहचान की वसूली और परिणामी उपयुक्तता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने में असमर्थ हैं। तदनुसार, हम वित्तीय विवरणिकाओं में इस परिसंपत्तिके वहन मूल्य के संबंध में उत्पन्न होने वाले प्रभाव, यदि कोई हो, पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

ख) आयकर विभाग से आयकर रिफंड के लिए 17.88 लाख रुपयो वसूल की जानी है जो पर्याप्त समय से बकाया है। उक्त राशि की वसूली और वसूली के संबंध में पर्याप्त सहायक साक्ष्य के अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं में इसकी निरंतर मान्यता की उपयुक्तता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। इसके परिणामस्वरूप, वित्तीय विवरणिकाओं पर इसका प्रभाव, यदि कोई हो, का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।

7) शेयर पूंजी

कंपनी ने 22 मार्च, 2007 को भारत सरकार को 7 (सात) वर्षों के लिए 35543.25 लाख रुपये मूल्य के 1,000/– रुपये मूल्य के 3554325 गैर–संचयी मोचनीय अधिमाानी शेयर जारी किए थे। निर्गम की शर्तों के अनुसार, उपरोक्त अधिमानी शेयरों का मोचन 22 मार्च, 2014 से पहले किया जाना था और इनका मोचन निर्गम की शर्तों के अनुरूप नहीं किया गया। प्रबंधन ने सूचित किया है कि अधिमानी शेयरों के पुनः निर्गम की अवधि बढ़ाने के लिए मंत्रालय से आगे की कार्रवाई हेतु निदेश देने का अनुरोध किया गया है तथा इस संबंध में अभी तक मंत्रालय का प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। (वित्तीय विवरणिकाओं की टिप्पण सं. 31.11 देखें)।

8) आकस्मिक देयताएं

क) आकस्मिक देयता राशि में 2364.04 लाख रुपये के कुछ विवादित मामले सम्मिलित हैं, जिनमें मध्यस्थता/निचने न्याायलयों में कंपनी के विरुद्ध निर्णय दिया गया था और जिनके विरुद्ध कंपनी ने उच्च न्यायालयों में अपील दायर की है और इन मामलों के विरुद्ध, कंपनी ने उच्च न्यायालयों/पक्षकारों के पास 1402.33 लाख रुपये की राशि जमा की है/प्रावधान किया है। प्रबंधन की राय में, जो कानूनी दृष्टिकोण से समर्थित है, कंपनी उच्च न्यायालय में अनुकूल निर्णय की अपेक्षा कर रही है और तदनुसार, ऐसे विवादित मामलों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे मामलों के अंतिम निर्णय तक, वित्तीय विवरणिकाओं पर इनके प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।

(ख) पर्याप्त दस्तावेज के अभाव में, हम गैर–प्रचालनरत इकाइयों से संबंधित चालू और विगत वित्तीय वर्ष में आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाई गई 5100.35 लाख रुपये की राशि के कुछ विवादित मामलों की सत्यता को सत्यापित करने में असमर्थ हैं।

9) वस्तु एवं सेवा कर

क) राजबन इकाई के संबंध में वित्तीय विवरणिकाओं में दर्शाई गई जीएसटी क्रेडिट और नकद शेष और जीएसटी पोर्टल में दर्शाई गई राशि का समाशोधन नहीं किया गया है। समाशोधन के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।

ख) वर्ष के लिए राजबन इकाई की लेखा बहियों में दर्शाई गई राशि के साथ जीएसटी पोर्टल में दर्शाई गई इनपुट टैक्स क्रेडिट का समाशोधन नहीं किया गया है। समाशोधन के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर प्रभाव, यदि कोई हो, का आकलन नहीं किया जा सका।

ग) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि इकाई ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए जीएसटीआर–9 (वार्षिक विवरणी) दाखिल किया है, तथापि, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए जीएसटीआर–9ग (समाशोधन विवरणी) दाखिल नहीं किया गया है। इसके अलावा, जीएसटीआर–9 और जीएसटीआर–9गवित्तीय वर्ष 2023–24 और वित्तीय वर्ष 2024–25 की विवरणी भी दाखिल नहीं किए गए हैं जो सीजीएसटी अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अधीन अपेक्षित है। इसके अलावा, जीएसटी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 से 2024–25 के लिए जीजीएसआर– 9ग (समाशोधन विवरणी) दाखिल नहीं करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 125 के अधीन शास्ति लगाने का प्रस्ताव है। उक्त नोटिस के अनुसार, उपरोक्त अनुपालन न किए जाने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए 50,000 की शास्तिका प्रस्ताव किया गया है। तथापि लेखा परीक्षा की तारीख तक प्रबंधन द्वारा उक्त नोटिस के संबंध में कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया गया/प्रस्तुत नहींकिया गया है।नोटिसों के कोई प्रत्युत्तर के अभाव में और सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 125 के अधीन प्रस्तावित शास्ति पर विचार करते हुए, कंपनी को जीएसटी अधिकारियों द्वारा न्यायनिर्णयन से उद्भूत होने वाली किसी भी अन्य परिणामी देनदारियों के अलावा 2.50 लाख रुपये की कुल शास्ति का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अलावा, वार्षिक विवरणी भरने और लेखा बहियों के साथ कारोबार, कर देयता और इनपुट कर क्रेडिट के समाशोधन के अभाव में, वित्तीय विवरणिकाओं पर परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।

घ) बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि जीएसटीआर– 2ख के अनुसार उपलब्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और जीएसटीआर– 3ख में उपलब्ध आईटीसी के बीच अंतर है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में, जीएसटीआर–2ख के अनुसार आईटीसी क्रेडिट 85.10 लाख रुपये से अधिक है, वित्तीय वर्ष 2024–25 में, जीएसटीआर– 3ठ के अनुसार आईटीसी क्रेडिट 10.98 लाख रुपये से अधिक है और वित्तीय वर्ष 2025–26 में, जीएसटीआर– 3ख के अनुसार आईटीसी क्रेडिट 10,00 लाख रुपये से अधिक है।

जीएसटीआर–2ख के अनुसार उपलब्ध आईटीसी और जीएसटीआर–3ख में उपलब्ध आईटीसी के बीच उपरोक्त अंतरों को स्पष्ट करने का समाशोधन उपलब्ध नहीं कराया गया। ऐसे समाशोधन और सहायक रिकार्ड के अभाव में, वे वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान आईटीसी के उपलब्ध न होने और वित्तीय वर्ष 2024–25 और 2025–26 के दौरान आईटीसी के अधिक उपलब्ध होने के कारणों का पता नहीं लगा सके। इसके परिणामस्वरूप विभेदक आईटीसी की शुद्धता और स्वीकार्यता का पता नहीं लगाया जा सका।

बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि लेखा परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि वित्तीय विवरणिकाओं के अनुसार कारोबार, जीएसटीआर– 3खविवरणी में दर्शाए गए कारोबार से 486.10 लाख रुपये (बहियों के अनुसार कारोबार 6906.42 लाख रुपये और जीएसटीआर– 3ख 7392.52 लाख रुपये) से भिन्न है। समाशोधन विवरणिका और पर्याप्त सहायक रिकॉर्ड के अभाव में, राजस्व मान्यता की शुद्धता और वित्तीय विवरणिकाओं पर परिणामी प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

ङ) यह देखा गया कि कुछ स्थानों के संबंध में पिछले वर्षों के लिए निम्नलिखित विवरणानुसार जीएसटीआर–9 (वार्षिक विवरर्ण) और जीएसटीआर 9ग समाशोधन विवरणी) दाखिल नहीं की गई है:

राज्य/स्थान	जीएसटीआर–9 विवरणी दाखिल नहीं किए जाने का वर्ष	जीएसटीआर –9ग विवरणी दाखिल नहीं किए जाने का वर्ष
उत्तराखंड	लागू नहीं	2017-18 से 2024-25 सिवाय 2022-23
दिल्ली	लागू नहीं	2017-18 से 2020-21
छत्तीसगढ़	2020-21	2017-18 से 2021-22

हरियाणा	2020-21	2017-18 से 2022-23
पंजाब	2020-21	2018-19 से 2021-22

इसके अलावा, वार्षिक विवरणी और समाशोधन विवरणिका के अभाव में, कारोबार, कर देयता और इनपुट कर क्रेडिट के लेखा बहियों के साथ समाशोधन, यदि कोई हो, का वित्तीय विवरणिकाओं पर परिणामी प्रभाव का वर्तमान में आकलन नहीं किया जा सका।

10) रॉयल्टी व्यय

खदानों से निकाले गए चूने के पत्थर की मात्रा और राजबन इकाई के संबंध में वर्ष के दौरान भुगतान की गई रॉयल्टी की मात्रा के बीच समाशोधन उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके अभाव में, हम वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव, यदि कोई हो, पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

11) अन्य

वर्ष 1998 में बेची गई येरागुंटला इकाई के संबंध में विर्षेष लेखापरीक्षा रिपोर्ट में इंगित विसंगतियों के प्रभाव पर लंबित समाशोधन के कारण विचार नहीं किया गया है। वित्तीय विवरणिकाओं पर इसके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका। (वित्तीय विवरणिकाओं की टिप्पण संख्या 31.42 देखें)।

योग्य राय के आधार में उल्लिखित बिंदुओं के संबंध में, वित्तीय विवरणिकाओं पर उनके प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका।

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षण (एसए) के मानकों के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के अंतर्गत हमारी उत्तरदायित्वों का आगे हमारी रिपोर्ट की वित्तीय विवरण खंड के लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व में उल्लेख किया गया है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के साथ–साथ उन नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाये गए नियमों के अधीन वित्तीय विवरणिकाओं की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन अपेक्षाओं और आचार संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक उत्तदायित्वों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किये हैं वह हमारे मत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और यथोचित हैं।

महत्वपूर्ण मामले

हम वित्तीय विवरण में निम्नलिखित टिप्पणियों पर ध्यान आकर्षित करते हैं।

1. क) कंपनी को माननीय बीआईएफआर के पत्र संख्या 501/96–बीईएनसीएच IV एसओएल दिनांक 08.08.96 के माध्यम से रुग्ण कंपनी घोषित किया गया था। माननीय बीआईईएफआर ने दिनांक 21–03–2006 को की गई अपनी सुनवाई में मैसर्स आईएफसीआई (ओए) द्वारा तैयार की गई और भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पुनरुद्धार योजना अनुमोदित की। स्वीकृत योजना को माननीय बीआईईएफआर द्वारा दिनांक 03–05–2006 को परिचालित की गई थी, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ प्रतिभूत और अप्रतिभूत लेनदारों के निपटान और 3 प्रचालन संयंत्रों के विस्तार/तकनीकी उन्नयन और शेष 7 गैर प्रचालनरत संयंत्रों को बंद करने/बेचने की परिकल्पना की गई थी। स्वीकृत योजना के अनुसार 7 इकाइयों को बंद कर दिया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने दिनांक 09.02.2022के पत्र के माध्यम से इन गैर–प्रचालनरत इकाइयों के संयंत्र और मीनरी, स्टोर आदि को बेचने का निर्देश दिया। तदनुसार, अकालतारा, चरखी दादरी, कुरकुंटा और मंधार इकाइयों की संयंत्र, मीनरी तथा अन्य परिसंपत्तियां मैसर्स एमएसटीसी के माध्यम से बेची जा चुकी हैं (वित्तीय विवरणा की टिप्पण संख्या 31.08;i) देखें)

ख) नयागांव इकाई के मामले में, संयंत्र और मशीनरी की बिक्री के लिए निविदा, भारत सरकार के उद्यम मेसर्स एमएसटीसी के माध्यम से ''जैसा है, जहाँ है'' और ''क्लीन स्वीप'' आधार पर विघटन, भंडार और अतिरिक्त पुर्जे के साथ जारी की गई थी। कंपनी को 10,030.00 लाख रुपये की बिक्री प्रतिफल प्राप्त हुई। 655.52 लाख रुपये की निश्चित परिसंपत्तियों के निवल ब्लॉक, 1,365.42 लाख रुपये के भंडार और अतिरिक्त पुर्जे, 15.33 लाख रुपये चालू पूंजीगत कार्य (सीडब्ल्यूपी), 206.20 लाख रुपये के अर्ध–तैयार माल, 22.08 लाख रुपये के कच्चे माल, 14.66 लाख रुपये

के स्क्रैप स्टॉक और बिक्री पर कमीशन 100.30 लाख रुपये की राशि को समायोजित करने के पश्चात, परिसंपत्तियों की बिक्री पर 7650.49 लाख रुपये के परिणामी निवल लाभ को लाभ –हानि विवरणिका में असाधारण मद के रूप में दर्शाया गया है (वित्तीय विवरणिका की टिप्पण संख्या 31.08 (ii) देखें)

ग) कुरकुंटा इकाई के मामले में, बचे हुए सामग्री की बिक्री को मेसर्स एमएसटीसी के माध्यम से ''जैसा है, जहाँ है'' और ''क्लीन स्वीप'' आधार पर 591.00 लाख रुपये की राशि के लिए ई–नीलामी की गई है और बिक्री पर कमीशन समायोजित करने के पश्चात 5.91 लाख रुपये, बिक्री पर 585.09 लाख रुपयेके परिणामी लाभ को लाभ –हानि विवरणिका मेंअसाधारण मद के रूप में दर्शाया गया है (वित्तीय विवरणिका की टिप्पण संख्या 31.08 (iii) देखें)

घ) बोकाजन विस्तार परियोजना के मामले में, कंपनी के पक्ष में दिनांक 22.04.2026 के मध्यस्थता के निर्णय के अनुसार और एक स्वतंत्र सलाहकार और आंतरिक मूल्यांकन द्वारा किए गए तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर, प्रबंधन ने प्रस्तावित 1200 टीपीडी भट्ठी विस्तार परियोजना को बंद करने और छोड़ देने का निर्णय लिया है। तदनुसार, 2997.77 लाख रुपये की संबंधित चालू पूंजीगत कार्य की वसूली के लिए समीक्षा की गई है। 472.53 लाख रुपये के मौजूदा प्रचालन में उपयोग योग्य के रूप में मानी गई परिसंपत्तियां और 111.23 लाख रुपये के अनुमानित प्राप्य मूल्य वाली स्क्रैपेबल वस्तुओं को पुनर्वर्गीकरण/निपटान के लिए रखा गया है। उपयोग में न आने वाले उपस्करों और अधूरे सिविल ढांचों से संबंधित 2414.01 लाख रुपये की शेष राशि को बट्टे खाते में दर्शाया गया है। 1323.16 लाख रुपये के मध्यस्थता आदेश के अनुसार संविदाकार से वसूली को समायोजित करने के पश्चात सीडब्ल्यूआईपी की पुनःमान्यता पर 1090.85 लाख रुपये की परिणामी निवल हानि को लाभ–हानि विवरणिका में असाधारण मद के रूप में अलग से दर्शाया गया है। (वित्तीय विवरणिका की टिप्पण संख्या– 31.03 देखें)।

ङ) कंपनी की सात उत्पादन इकाइयाँ हैं, जिनका प्रचालन वर्ष 1996 से वर्ष 1999 के बीच बंद कर दिया गया था और भटिंडा (पंजाब) में एक ग्राइंडिंग इकाई है, जिसे चालू नहीं किया गया। प्रबंधन के अनुसार, अधिनियम के तहत अधिसूचित लेखा मानक–28 के अंतर्गत परिसंपत्तियों की हानि के लिए किसी प्रावधान की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अपेक्षित वसूली योग्य मूल्य परिसंपत्तियों के बही मूल्य से अधिक है। (वित्तीय विवरण कीटिप्पण–31.10 देखें)।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में संशोधन नहीं किया गया है।

वित्तीय विवरणिकाओं और उस पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट से अन्य सूचना

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल सूचना, जिसमें बोर्ड की रिपोर्ट के अनुलग्नक भी सम्मिलित है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट सम्मिलित नहीं है, जो हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय विवरणिकाओं पर हमारी मत में अन्य सूचना सम्मिलित नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणिकाओं की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारा उत्तरदायित्व अन्य सूचनाएं पढ़ना है और ऐसा करने में, इस बात पर विचार करना कि क्या अन्य सूचना एकल वित्तीय विवरणिकाओं के साथ भौतिक रूप से या हमारी लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त सूचना हमारे ज्ञान में असंगत है या अन्यथा महत्वपूर्ण रूप से मिथ्याकथन प्रतीत होता है।

यदि, हमारे द्वारा निष्पादित कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य सूचना का तात्विक मिथ्याकथन है, तो हमें उस तथ्य को रिपोर्ट करना आवश्यक है, हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

वित्तीय विवरणिकाओं के लिए प्रबंधन एवं शासन के उन व्यक्तियों का उत्तरदायित्व जिन्हें प्रभार दिया गया है

कंपनी का निदेशक मंडल इन वित्तीय विवरणिकाओं की तैयारी के संबंध में अधिनियम की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए जिम्मेदार है, जो भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण

देते हैं, जिसमें यथा संशोधित कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अधीन निर्दिष्ट लेखाकरण मानक भी सम्मिलित हैं। इस दायित्व में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों का रखरखाव, लेखाकरण नीतियों के उचित कार्यान्वयन और रखरखाव का चयन, उपयोग, उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान लगाना, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो वित्तीय विवरणिकाओं की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक लेखाकरण अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे, और सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं तथा धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण होने वाले भौतिक गलत बयानों से मुक्त हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करते समये निदेशक मंडल कंपनी की लाभकारी कारबार वाले संस्थान के रूप में जारी रखने की क्षमता का आकलन करने यथा लागू प्रकटीकरण, लाभकारी कारबार वाले संस्थान से संबधित मामलों और लेखाकरण में लाभकारी कारबार वाले संस्थान आधार का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी है, जब तक कि निदेशक मंडल कंपनी के या तो परिसमापन या प्रचालन बंद करने आशय नहीं करता है, या ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी है।

वित्तीय विवरणिकाओं की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के संबंध में उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वित्तीय विवरण किसी धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण समग्र रूप से तात्विक मिथ्या कथन से मुक्त हैं, और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारे मत शामिल हैं। उचित आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि एसएएस के अनुसार की गई लेखापरीक्षा तात्विक मिथ्या कथन मौजूद होने पर सदैव उसका पता लगाएगी। मिथ्याकथन धोखाधड़ी से या त्रुटिवश हो सकते हैं और यदि, अलग–अलग या समग्र रूप से, इन वित्तीय विवरणिकाओं के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की युक्तियुक्त अपेक्षा होती है तो इन्हें तात्विक माना जाता है।

एसए के अनुसार लेखा परीक्षा के एक भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय का उपयोग करते हैं और हमारी लेखा परीक्षा के दौरान पेशेवर अविश्वास बनाए रखते हैं, हम निम्नलिखित भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणिकाओं के तात्विक नित्य कथन के जोखिम का पता लगाना और उसका निर्धारण करना चाहे यह कपट या त्रुटि, डिजाइन के कारण हो और इन जोखिमों के अनुरूप लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं करते हैं तथा ऐसा लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय का आधार बनने के लिए पर्याप्त और समुचित हो फुल शष्प किसी त्रुटि के परिणाम स्वरूप तांत्रिक विद्या कथन का पता ना लगाने का जोखिम उच्च जोखिम से अधिक है जो किसी त्रुटि के परिणाम स्वरूप होता है क्योंकि किसी कपट में मिलीभक्त, कपट, जानबूझकर भूल, मिथ्या कथन या आंतरिक नियंत्रण को और प्रभावी करना सम्मिलित होता है।
- आंतरिक नियंत्रण पर एक समझ प्राप्त करना जो ऐसी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं का डिजाइन करने के लिए सुसंगत हैं जो परिस्थितियों में समुचित हो। कंपनी अधिनियम की धारा 143(3)(प) के अनुसार हम इस पर भी अपनी राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदाई हैं कि कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हैं और ऐसे नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता क्या है।
- प्रयुक्त लेखाकरण नीतियों की उपयुक्तता का और लेखाकरण आकलनों की तर्कसंगतता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटनो का मूल्यांकन करना।
- प्रबंधन के चालू समुत्थान के आधार पर उपयुक्तता का निष्कर्ष और अभी प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई तांत्रिक अनिश्चितता विद्यमान है जो कंपनी की चालू संविधान के आधार पर योग्यता पर कोई महत्वपूर्ण आक्षेप करती है। हम निष्कर्ष निकालते हैं कि तात्विक अनिश्चितता विद्यमान है, हमसे हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर ध्यान दिलाने की आवश्यकता है जो एक कल वित्तीय विवरणिकाओं में प्रकटन से संबंधित है, या यदि ऐसा प्रकट अपर्याप्त है तो हमारे मत को अंतरित किया जाना है। हमारे निष्कर्ष हमारी

लेखा परीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा साक्ष्यों पर आधारित है। तथापि भावी घटनाएं या स्थितियां कंपनी को एक चालू समुत्थान के रूप में बने रहने को समाप्त कर सकती हैं।

- वित्तीय विवरणिकाओं जिसके अंतर्गत प्रकटन है के समग्र प्रस्तुतीकरण ढांचे और अंतर्वस्तु का मूल्यांकन और क्या वित्तीय विवरण किए गए संभावनाओं को और घटनाओं को ऐसी रीति में दर्शाते हैं जिससे उचित प्रस्तुतीकरण हासिल किया जा सके।

वित्तीय विवरणिकाओं में नित्य कथनों की मात्रा व्यष्टिक रूप से यह समग्र रूप से तात्विक है, इस बात को संभाव्या बनाती है कि वित्तीय विवरणिकाओं की युक्ति युक्त सूचना रखने वाले उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को प्रभावित किया जा सकता है। हम गुणात्मक तत्वों और गुणात्मक कारकों पर (प) हमारी लेखा परीक्षा के कार्यक्षेत्र की योजना बनाने और हमारे कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करनेय और (पप) वित्तीय विवरणिकाओं में पहचाने गए मिथ्याकथनों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए विचार करते हैं।

हम उन लोगों के साथ संपर्क करते हैं जिनके ऊपर अन्य विर्षयों के साथ लेखा परीक्षा के योजना बनाए गए इसको और समय तथा महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्ष, जिसके अंतर्गत आंतरिक नियंत्रण में कोई महत्वपूर्ण कमी है जिसकी हमने अपनी लेखा परीक्षा के दौरान पहचान की है कि प्रशासन के लिए उत्तरदायित्व है।

हम उनको, जो प्रशासन के लिए उत्तरदायी हैं, एक विवरण प्रस्तुत करते हैं जो हमने सुसंगत नैतिक अपेक्षाओं के साथ स्वतंत्रता के संबंध में तैयार किया है और हम उनके साथ सभी नातेदारी और अन्य विर्षयों के साथ संपर्क करते हैं जिसका हमारी स्वतंत्रता पर युक्तियुक्त प्रभाव पड़ता है और जहां लागू हो संबंधित सुरक्षोपाय करते हैं।

अन्य मामले

1. हमने कंपनी के वित्तीय विवरणिकाओं में शामिल 4 (चार) इकाइयों के वित्तीय विवरणिकाओं की लेखा परीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरणिकाओं/वित्तीय सूचनाओं में 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार कुल 32860.35 लाख रुपये की परिसंपत्ति और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए 28782.34 लाख रुपये की कुल आय शामिल है। इन वित्तीय विवरणिकाओं की लेखा परीक्षा शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, और जहाँ तक इन इकाइयों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरणों का संबंध है, हमारी राय पूरी तरह से ऐसे शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में संशोधन नहीं किया गया है।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (11) के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी कपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") द्वारा यथापेक्षित और कंपनी की बहियों और अभिलेखों के ऐसी जाच के आधार पर जैसा हमने उचित समझा और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, हम उक्त आदेश के अनुच्छेद 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर 'अनुबंध क' में, विवरण देते हैं।

2. हम भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक जारी निदेशों/उप–निदेशों पर अधिनियम की धारा 143 (5) के निबंधनानुसार, कंपनी के बहियों और रिकार्डों की ऐसी जांच जो हमने उचित समझी, के आधार पर और हमें प्रदान की सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार 'अनुबंध ख' में अपनी रिपोर्ट संलग्न कर रहे हैं।

3. जैसा कि अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि

   क) हमने वह सब सूचना और स्पष्टीकरण मांगे हैं और प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनों हेतु आवश्यक थे।

   ख) हमारी राय में, योग्य राय के आधार पैराग्राफ में वर्णित मामलों के प्रभाव/संभावित प्रभावों और कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(जी) के अधीन रिपोर्टिंग पर नीचे पैराग्राफ 3के (अप) में वर्णित मामलों को छोड़कर, कंपनी द्वारा विधि द्वारा यथा अपेक्षित उचित लेखा बहियां रखी हैं जहां तक उन बहियों की हमारी जाच से प्रतीत होता है

   ग) हमारी राय में, उपरोक्त योग्य राय के आधार पैराग्राफ में वर्णित मामलों का कंपनी के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

घ) शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143(8) के अंतर्गत लेखापरीक्षित कंपनी की इकाइयों के लेखाओं पर रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है तथा इस रिपोर्ट को तैयार करते समय हमारे द्वारा उचित रूप से कार्यवाही की गई है।

ङ) योग्य राय के आधार पैराग्राफ में वर्णित मामलों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, इस रिपोर्ट में प्रस्तुत तुलन पत्र, लाभ और हानि का विवरण, और नकदी प्रवाह विवरण, लेखा बहियों के अनुरूप हैं।

च) योग्य राय के आधार पैराग्राफ में वर्णित मामलों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, उपरोक्त वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के अधीन निर्धारित लेखाकरण मानकों का अनुपालन करते हैं।

छ) सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार के कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार, अधिनियम की धारा 164 की उप–धारा (2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

ज) लेखाओं के रखरखाव और उससे संबंधित अन्य मामलों से संबंधित योग्यताएं योग्य राय के आधार पैराग्राफ में और अधिनियम की धारा 143(3) के अधीन रिपोर्टिंग पर उपरोक्त पैराग्राफ (ख) में वर्णित हैं और कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11(जी) के अधीन रिपोर्टिंग पर नीचे पैराग्राफ (अप) में भी वर्णित हैं।

झ) वित्तीय विवरणिकाओं के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में, कृपया 'अनुबंध ग'में हमारी अलग रिपोर्ट देखें। हमारी यह रिपोर्ट वित्तीय विवरणिकाओं के संदर्भ में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर एक संशोधित राय व्यक्त करती है।

ञ) सरकारी कंपनी होने के नाते कारपोरेट कार्यमंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना संख्या 463(ई) दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार, अधिनियम की धारा 197 के प्रावधान, कंपनी पर लागू नहीं होते हैं और तदनुसार, अधिनियम की धारा 197(16) के प्रावधानों की अपेक्षाओं के अनुसार रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

ट) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसारः

i. आकस्मिक देनदारियों से संबंधित पैराग्राफ के तहत योग्य राय के आधार में वर्णित मामलों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणिकाओं में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटन किया है – वित्तीय विवरण की टिप्पण संख्या 29 देखें।

ii. कंपनी की व्युत्पन्न संविदाओं सहित कोई दीर्घावधिक संविदाएं नहीं हैं जिनके लिए कोई महत्वपूर्ण पूर्वाभासी हानियां होती।

iii. ऐसी कोई धनराशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) और नियम क प्रांसगिक प्रावधानों के अनुसार ऐसी कोई निवेशक षिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किया जाना अपेक्षित हो।

iv. क) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, लेखाओं के टिप्पण में दर्शाई गई सूचना के अतिरिक्त, कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति(यो) अथवा संस्था(ओं) को, जिसमें विदेशी संस्थाएं ('मध्यस्थ') शामिल हैं, कोई भी निधि अग्रिम, ऋण या निवेश अथवा उधार ली गई निधि से या शेयर प्रीमियम से या किसी अन्य स्रोत या निधि के प्रकार से) नहीं दी गई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज हो या अन्यथा, कि मध्यस्थ, कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या

संस्थाओं ('अंतिम लाभार्थी') को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधार देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा।

ख) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि, उसके सर्वोत्तमज्ञान और विश्वास के अनुसार, लेखाओं के टिप्पण में दर्शाई गई सूचना के अतिरिक्त, कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति यासंस्था (संस्थाओ) से, जिसमें विदेशी संस्थाएं ('वित्तपोषण पार्टी) शामिल हैं, कोई भी निधिप्राप्त नहीं की गई है, इस समझ के साथ, चाहेलिखित रूप में दर्ज की गई हो या अन्यथा, किकंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, वित्त पोषणपक्ष ('अंतिम लाभार्थी') द्व ारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को उधार देगी या निवेश करेगी अथवा अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगी तथा

ग) ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें हमने परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना है, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे उन्हें विश्वास हो कि उप–खण्ड (iv)(क) और (ii)(ख) के अंतर्गत प्रस्तुत अभ्यावेदन में कोई भी भौतिक गलत कथन निहित है।

v. कंपनी ने वर्ष के दौरान लाभांश का भुगतान नहीं किया है या घोषणा नहीं की है।

ii. हमारी जांच के आधार पर, जिसमें नमूना जांच भी शामिल है, कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने लेखा बहियों का अनुरक्षण करने में लेखाकरण सॉफ्टवेयर का उपयोग किया है, जिसमें ऑडिट ट्रेल (संपादन लॉग) सुविधा रिकॉर्ड करने की सुविधा है और यह सॉफ्टवेयर में दर्ज सभी प्रासंगिक लेनदेन के लिए वर्ष कार्य कर रहा था।

हमारीलेखारीक्षा के दौरान, हमें ऑडिट ट्रेल फीचर के साथ छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने रिकॉर्ड रखने की सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार ऑडिट ट्रेल को सुरक्षित रखा है।

कृते एस.के. मेहता एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएनः 00478N

ह/–
जयंत कुमार
पार्टनर
सदस्यता सं.518718
यूडीआईएनः 26518718डीपीडीजेटीएल7943
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 24 जून, 2026

अनुबंध–'क'

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध

(31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सदस्यों को हमारी सम तारीख की रिपार्ट के 'अन्य विधिक और नियामक अपेक्षाआएं' पर रिपोर्ट' के अंतर्गत अनुच्छेद 1 में संदर्भित)

i) क) अपनी संपत्ति, संयंत्र, उपस्कर और अमूर्त परिसंपत्तियों के संबंध में:

क. कंपनी ने गैर प्रचालनरत इकाइयों (आदिलाबाद, अकालतारा, चरखी दादरी, कुरकुंटा, मंधार, नयागांव और भटिंडा ग्राइंडिंग इकाई) को छोड़कर संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मात्रात्मक विवरण और स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाने वाले अभिलेख उचित रूप से अनुरक्षित किए गए हैं।

ख. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अमूर्त परिसंपत्तियों का पूरा विवरण दर्शाने वाले अभिलेख उचित रूप से अनुरक्षित किए गए हैं।

ख) जैसा कि हमें बताया गया है, प्रबंधन द्वारा अंगीकृत चरणबद्ध सत्यापन कार्यक्रम के अनुसार, वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों का भौतिक सत्यापन किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बोकाजन, सिलचर, राजबन और तांदूर में स्थित इकाइयों के लिए उचित अंतराल पर सभी संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया जाता है, जो हमारी राय में इकाइयों के आकार और उनकी परिसंपत्तियों की प्रकृति को देखते हुए उचित है। गैर प्रचालनरत इकाइयों (आदिलाबाद, अकालतारा, चरखी दादरी, कुरकुंटा, मंधार, नयागांव और भटिंडा ग्राइंडिंग इकाई) के संबंध में संपत्ति, संयंत्र और उपस्कारों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है।

हमारी राय में और प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गई विसंगतियां भौतिक नहीं थीं और उनका लेखाबहियों में उचित रूप से लेखाबद्ध किया गया है।

ग) अचल संपत्तियों के स्वामित्व विलेख कंपनी के नाम पर हैं, सिवाय उन गैर प्रचालनरत इकाइयों के जहाँ अचल संपत्तियों से संबंधित उचित विवरण उपलब्ध नहीं हैं और इसके अभाव में, हम इस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं कि क्या इन इकाइयों के पास फ्रीहोल्ड भूमि के मामले में उचित स्वामित्व विलेख हैं और लीजहोल्ड भूमि के संबंध में वैध पट्टा विलेख हैं। अन्य मामलों का विवरण, जहाँ कंपनी की भूमि और अन्य संपत्तियों के निम्नलिखित स्वामित्व विलेख अभी तक निष्पादित नहीं हुए हैं, (वित्तीय विवरणिका की की टिप्पणसं 31.26 देखें)

क्र. सं.	संपत्ति का विवरण	सकल रखाव मूल्य (लाख रुपये में)	जिसके नाम पर धारित है	क्याप्रवर्तक, निदेशक या उनके रिश्तेदार या कर्मचारी हैं	धारण अवधि – जहां उपयुक्त हो, वहां सीमा सीमा उपदर्शित करें	कंपनी के नाम पर न धारित किए जाने का कारण
1.	भटिंडा में भूमि	5.57	पीएसईबी (गुरुनानक देव थर्मल पावर स्टेशन भटिंडा)	नहीं	वर्ष 1985 से	सीसीआई के पास मानद स्वामित्व
2.	मुख्यालय भवन	266.58	सार्वजनिक उद्यम का स्थायी सम्मेलन	नहीं	वर्ष 1988 से	सीसीआई के पास मानद स्वामित्व

इसके अलावा, तांदूर इकाई के संबंध में, इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट दी है कि 628 एकड़ और 31 गुंटा के संबंध में भूमि और भवन के स्वामित्व विलेख उपलब्ध नहीं हैं।

घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जाँच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर या अमूर्त आस्तियों या दोनों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(प)(घ) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग लागू नहीं होती।

ङ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, बेनामी संपत्ति लेनदेन निशेध अधिनियम, 1988 (2016 में यथा संशोधित) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन कंपनी के विरुद्ध कोई भी बेनामी संपत्ति रखने के लिए कोई कार्यवाही आरंभ नहीं की गई या लंबित नहीं है।

ii) मालसूची के संबंध में:

(क) जैसा कि हमें बताया गया है, बोकाजन, राजबन और तांदूर स्थित इकाइयों के लिए प्रबंधन द्वारा वर्ष के अंत में मालसूची का भौतिक सत्यापन किया गया था, सिवाय इसके कि राजबन और तांदूर इकाइयों में अनुरक्षित भंडार और पुर्जों की मालसूची का भौतिक सत्यापन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान गैर प्रचालनरत इकाइयों (आदिलाबाद, अकालतारा, कुरकुंटा, मंधार, और नयागांव) में पड़ी मालसूची का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया।

हमारी राय में, इकाइयों के आकार और उनके व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, मालसूची के ऐसे भौतिक सत्यापन की आवृत्ति उचित है और प्रबंधन द्वारा ऐसे सत्यापन का कवरेज और प्रक्रियाएँ उचित हैं, सिवाय उन मामलों को छोड़कर जहाँ मालसूची का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है और जहाँ भौतिक सत्यापन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, भौतिक स्टॉक और बही रिकॉर्ड के बीच सत्यापन में कोई विसंगति नहीं देखी गई जो मालसूची के प्रत्येक वर्ग के कुल योग में 10 प्रतिषत से अधिक थी।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों तथा कंपनी के रिकार्ड की हमारी जाँच के आधार पर, कंपनी के पास चालू परिसंपत्तियों की प्रतिभूति के आधार पर बैंकों या वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर पाँच करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृत कार्यशील पूँजी सीमा नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3 (ii) (ख) के प्रावधानों के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती।

iii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जाँच के आधार पर, वर्ष के दौरान, कंपनी ने कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता साझेदारियों या किसी अन्य पक्ष को कोई निवेश नहीं किया है, कोई गारंटी या प्रतिभूति प्रदान नहीं की है, या ऋण या अग्रिम राशि, प्रत्याभूत या अप्रत्याभूत, प्रदान नहीं की है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(iii)() से (च) के प्रावधानों के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती।

iv) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने किए गए निवेशों के संबंध में अधिनियम की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है। कंपनी ने अधिनियम की धारा 185 और 186 के अधीनआने वाले पक्षकारों को कोई ऋण नहीं दिया है, या कोई गारंटी या प्रतिभूति प्रदान नहीं की है।

v) कंपनी ने जमा राशि या जमा मानी जाने वाली राशि स्वीकार नहीं की है। इसलिए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश और अधिनियम की धारा 73 से 76 के प्रावधान या अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधान और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम कंपनी पर लागू नहीं होते।

vi) हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(1) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार, जहाँ भी लागू हो, कंपनी द्वारा अनुरक्षित लागत रिकार्ड की व्यापक समीक्षा की है और हमारा मानना है कि प्रथम दृष्टया निर्धारित लागत रिकार्ड अनुरक्षित किए गए हैं और जहाँ भी लागू हो, उन्हें अनुरक्षित किया गया है। तथापि, हमने यह निर्धारित करने के लिए इन रिकार्डों की विस्तृत जाँच नहीं की है कि वे सटीक या पूर्ण हैं या नहीं।

vii) सांविधिक बकाया के संबंध में:

(क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी नियमित रूप से निर्विवाद वैधानिक बकाया राशिजमा कराती है, जिसमें माल एवं सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर, उपकर और अन्य कोई भी सांविधिक बकाया राशि शामिल है, जो नीचे बताए गए मामलों को छोड़कर, उचित प्राधिकरण के पास जमा कराती है।

हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक निम्नलिखित तालिका को छोड़कर कोई भी अविवादित सांविधिक बकाया राशि, ऐसी नहीं थी

जो उनके देय होने की तिथि से छह महीने से अधिक की अवधि के लिए बकाया थी:

संविधि का नाम	देय का स्वरूप	राशि (लाख रुपये में)	अवधि जिससे राशिसंबंधित है*	नियत तारीख*	भुगतान की तिथि*	टिप्पणी, यदि कोई हो*
खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम)	खनन किराया	37.10				
खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम)	रॉयल्टी	774.33				
खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम)	अधिभार और अतिरिक्त कर	4.18				
	पथ कर	4.92				
	वृत्ति कर	3.08				
छत्तीसगढ़ प्रवेष कर, 1976	प्रवेश कर	12.08				
	प्रवेश कर	1.69				
छत्तीसगढ़ मूल्य वर्धित बिक्री कर अधिनियम	बिक्री कर	1,279.45				
हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम	बिक्री कर	240.39				
हिमाचल प्रदेश सामान्य बिक्री कर अधिनियम	बिक्री कर	0.66				
मध्य प्रदेश सामान्य विक्रय कर अधिनियम	बिक्री कर	2.04				
	उपकर	16.79				
आयकर अधिनियम, 1961	आयकर	0.59				
कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्णउपबंध अधिनियम, 1952 (ईपीएफ और एमपी अधिनियम, 1952)	भविष्य निधि एवं पेंशन	28.84				
छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017	जीएसटी	6.32				
योग		**2412.46**				

*कंपनी के पास उपलब्ध आवश्यक जानकारी/उचित रिकॉर्ड के अभाव में, आईसीएआई द्वारा जारी कंपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट आदेश (सीएआरओ) 2020 पर मार्गदर्शी टिप्पण की अपेक्षाओं के अनुसार आवश्यक विवरण इस खंड के अधीन प्रदान नहीं किया गया है।

ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कुछ विवादित निम्नलिखित सांविधिकदेयहैं जो 31 मार्च 2026 तक जमा नहीं किए गए हैं:

संविधि का नाम #	देय का स्वरूप	सकल विवादित राशि (लाखारुपये में)	विरोध/ अपील के अधीन जमा की गई राशि (लाखा रुपये में)	वह अवधि जिससे राशि संबंधित है (वर्ष)	वह फोरम जहाँ विवाद लंबित है#	टिप्पणी , यदि कोई हो #
केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क अधिनियम	उत्पाद शुल्क	184.24		2009	संबंधित राज्यों के न्यायालय	
केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क अधिनियम	उत्पाद शुल्क	107.29	-			
केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क अधिनियम	सेवा कर	33.75		2016	अपीलीय आधिकरण	
वाणिज्यिक कर विभाग, तेलंगाना	बिक्री कर	8.98	-		उच्च न्यायालय, तेलंगाना	
छत्तीसगढ़ मूल्य वर्धित बिक्री कर अधिनियम,	बिक्री कर	184.72	-			
वाणिज्यिक कर विभाग – तेलंगाना	बिक्री कर	120.33		1985-86	उच्च न्यायालय, तेलंगाना	
हिमाचल प्रदेश सामान्य बिक्री कर अधिनियम	बिक्री कर	13.21	2.59	2007-08 & 2008-09		
कर्नाटक बिक्री कर अधिनियम	बिक्री कर	1.77				
असम बिक्री कर (संशोधन) अधिनियम, 1961	बिक्री कर	174.24				
आयकर अधिनियम, 1961	आयकर	84.56	84.56	AY-2006-07	कर निर्धारण अधिकारी	
आयकर अधिनियम, 1961	आयकर	73.36	73.36	AY-2018-19	सीआईटी (ए)	
आयकर अधिनियम, 1961	आयकर	16.80			कर निर्धारण अधिकारी	विभिन्न वर्षों की टीडीएस मांग
आयकर अधिनियम, 1961	आयकर	0.76			आयकर आयुक्त	
वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	2.29	-			

संविधि का नाम #	देय का स्वरूप	सकल विवादित राशि (लाखारुपये में)	विरोध/ अपील के अधीन जमा की गई राशि (लाखा रुपये में)	वह अवधि जिससे राशि संबंधित है (वर्ष)	वह फोरम जहाँ विवाद लंबित है#	टिप्पणी , यदि कोई हो #
जीएसटी अधिनियम, 2017	जीएसटी	58.08		2024	सहायक आयुक्त कार्यालय	जानकारी के अभाव में हम मांग की शुद्धता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।
जीएसटी अधिनियम, 2017	जीएसटी	6.36	-	2017-18 & 2019-20		
जीएसटी अधिनियम, 2017	जीएसटी	408.52		2019-20		विवादित मामला, कंपनी द्वारा विधिक सहारा लेने के अधीन
खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम)	रॉयल्टी	56.87	-			
	नाला कर	51.13	-			
	पंचायत कर	6.02	-			
	संपत्ति कर	290.04	-			
कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम	ईएसआई	36.92	-			
नगरपालिका प्राधिकरण	नगरपालिका कर	111.16				
नगरपालिका प्राधिकरण	नगरपालिका कर	187.84				
कुल योग		**2219.24**	**160.51**			

कंपनी द्वारा अपेक्षित जानकारी/उचित अभिलेखों के अभाव में, आईसीएआई द्वारा जारी कंपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट आदेश (सीएआरओ) 2020 पर मार्गदर्शी टिप्पण के अनुसार आवश्यक विवरण उपलब्ध कराए गए सीमा तक प्रदान किए गये हैं।

इसके अलावा, सिलचर इकाई के संबंध में, शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि विभिन्न विभागों से विभिन्न कर निर्धारण आदेशों की अनुपलब्धता के कारण वे विवादित देयता की सटीक राशि का आकलन नहीं कर सके।

viii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के रिकार्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने कर निर्धारण में किसी भी ऐसे लेनदेन को अभ्यर्पित या प्रकट नहीं किया है, जो पहले लेखा बहियों में आय के रूप में नहीं दर्शाया गया था। तदनुसार, आदेश के खंड 3 (अपपप) के प्रावधानों के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती।

(क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने ऋण की मूल राशि और उस पर ब्याज के भुगतान में चूक की है, जिसका विवरण नीचे इस प्रकार है –

ऋण प्रतिभूतिं सहित उधार की प्रकृति	ऋणदाता का नाम	देय तिथि को अप्रदत्त राशि	मूलधनया ब्याज	विलंबित या अप्रदत्त दिनों की संख्या	टिप्पणी
ब्याज मुक्त ऋण	भारत सरकार	15,090.07	मूलधन	वर्ष 2011 से अर्थात 5478 दिन	अप्रदत्त
गैर योजना ऋण	भारत सरकार	12,385 .27	ब्याज	वर्ष 2011 से अर्थात 5478 दिन	अप्रदत्त
योग		**27,475.34**			

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के रिकार्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या अन्य ऋणदाता द्वारा जानबूझकर चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।

(ग) कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई सावधि ऋण नहीं लिया है और तदनुसार, आदेश के खंड 3(पग)(ग) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कंपनी पर लागू नहीं होती।

(घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों तथा कंपनी के रिकार्ड की समग्र जाँच के अनुसार, वर्ष के दौरान कोई अल्पकालिक निधि नहीं जुटाई गई। तदनुसार, आदेश के खंड 3(पग) (घ) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएंकंपनी पर लागू नहीं होती।

(ङ) कंपनी की कोई अनुशंगी कंपनी, सहयोगी कंपनी या संयुक्त उद्यम नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(पग) (ङ) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कंपनी पर लागू नहीं होती।

(च) कंपनी की कोई सहायक कंपनी, सहयोगी कंपनी या संयुक्त उद्यम नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(पग) (च) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएंकंपनी पर लागू नहीं होती।

x) (क) कंपनी ने वर्ष के दौरान आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव याआरभिकसार्वजनिक प्रस्ताव (ऋण लिखत सहित) के माध्यम से धन नहीं जुटाया है और इसलिए आदेश के खंड 3(ग) (क) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएंकंपनी पर लागू नहीं होती।

(ख) वर्ष के दौरान, कंपनी ने शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर (पूर्णतः, आंषिक रूप से या वैकल्पिक रूप से) का कोई अधिमानी आबंटन या निजी नियोजन नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(ग) (ख) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कंपनी पर लागू नहीं होती।

xi) (क) हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी की बहियों और रिकार्ड की हमारी जांच के आधार पर, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा या कंपनी पर कोई भी भौतिक धोखाधड़ी का मामला संज्ञान में नहीं आया है या रिपोर्ट नहीं किया गया है।

(ख) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 13 के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र एडीटी–4 में हमारे द्वारा अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (12) के अधीन कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

(ग) जैसा कि प्रबंधन द्वारा हमें बताया गया है, वर्ष के दौरान कंपनी को सचेतक शिकायत प्राप्त नहीं हुई। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xi)(ग) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कंपनी पर लागू नहीं होती।

xii) कंपनी निधि कंपनी नहीं है और निधि नियम, 2014 इस पर लागू नहीं है क्योंकि आदेश के खंड 3 (xii) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

xiii) हम दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, संबंधित पक्षकारों के साथ सभी लेनदेन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188,जहां भी लागू है के अनुपालन में हैं और वित्तीय विवरणिका में लेखाकरण मानक (एएस) के अधीन यथापेक्षित प्रकटीकरण किया गया है।

xiv) (क) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमारी राय में, कंपनी के पास अपने कारोबार के आकार और प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली है।

(ख) हमने अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने के लिए लेखापरीक्षा वर्ष के लिए आज तक जारी कंपनी की आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर विचार किया है।

xv) कंपनी ने अपने निदेशकों या उनसे जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकद संवयवहार नहीं किए हैं। तदनुसार, आदेश के खंड 3 (xv) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

xvi) (क) कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45–आईए के अधीन पंजीकृत कराया जाना अपेक्षित नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi) (क) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कंपनी पर लागू नहीं होती।

(ख) कंपनी ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण के वैध प्रमाण पत्र के बिना कोई गैर–बैंकिंग वित्तीय या आवास वित्त गतिविधियाँ संचालित नहीं की हैं। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi) (ख) के प्रावधानों के अधीन रिपोर्टिंग अपेक्षाएं कंपनी पर लागू नहीं होती।

(ग) कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए विनियमों में परिभाषित कोर निवेश कंपनी (सीआईसी) नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi)(ग) के प्रावधान रिपोर्टिंग पर लागू नहीं होते।

(घ) हमारी राय में, समूह के अधीन कोई मूल निवेश कंपनी नहीं है (जैसा कि मूल निवेश कंपनियां (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 में परिभाषित है)। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvi)(घ) के प्रावधान रिपोर्टिंग पर लागू नहीं होते।

xvii) कंपनी की लेखा बहियों और रिकार्डं की हमारी जाँच के आधार पर, कंपनी को इस वित्तीय वर्ष और उसके ठीक पिछले वित्तीय वर्ष में कोई नकद हानि नहीं हुई है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xvii) के प्रावधान रिपोर्टिंग पर लागू नहीं होते।

xviii)वर्ष के दौरान किसी सांविधिक लेखा परीक्षक ने त्यागपत्र नहीं दिया है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xviii) के प्रावधान रिपोर्टिंग पर लागू नहीं होते।

xix) वित्तीय अनुपातों, वित्तीय परिसंपत्तियों की प्राप्ति और वित्तीय देनदारियों के भुगतान की आयु और अपेक्षित तिथियों, वित्तीय विवरणों के साथ दी गई अन्य जानकारी और निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारे ज्ञान और मान्यताओं का समर्थन करने वाले साक्ष्य की हमारी जांच के आधार पर, हमारे ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे हमें विश्वास हो कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि पर कोई भी भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, जो यह दर्शाती हो कि कंपनी तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर अपनी मौजूदा देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

हालाँकि, हम यह स्पष्ट करते हैं कि यह कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आश्वासन नहीं है। हम आगे यह भी स्पष्ट करते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग ऑडिट रिपोर्ट की तिथि तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं कि तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय सभी देनदारियाँ कंपनी द्वारा देय होने पर चुका दी जाएंगी।

xx) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन खर्च किया है और ऐसी कोई भी राशि नहीं है जिसका अंतरण अधिनियम की धारा 135(5) और 135(6) के अनुसार किया जाना हो।

कृते एस.के. मेहता एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएनः 00478N

ह/–
जयंत कुमार
पार्टनर
सदस्यता सं.518718
यूडीआईएनः 26518718डीपीडीजेटीएल7943
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 24 जून, 2026

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट काअनुबंध–'ख'

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सदस्यों को दी गई हमारी सम तारीख की रिपोर्ट के ''अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट''खंड के अधीन पैराग्राफ 2 में संदर्भित।

क्र. सं.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अधीन निदेश	निदेशों पर की गई कार्रवाई पर लेखा परीक्षक का उत्तर
1	कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के पश्चात के हितलाभ के लिए कंपनी द्वारा या न्यासों के माध्यम से सीधे किए गए सभी निवेशों, उद्धृत और अनुद्धृत दोनों का उचित मूल्यांकन का आकलन करें। इसमें मूल्यांकन पद्धतियों का सत्यापन, भारतीय लेखाकरण मानक के साथ निरंतरता सुनिश्चित करना और सहायक दस्तावेजों की समीक्षा करना शामिल है। लेखा परीक्षक मूल्यांकन दृश्टिकोण, इसकी तर्कसंगतता और लागू नियमों के अनुपालन पर एक संक्षिप्त नोट प्रदान करेगा, किसी भी भौतिक विचलन या मिथ्या कथन की रिपोर्ट करेगा।	हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, हमने पाया कि कंपनी ने सेवानिवृत्ति के पश्चात के कर्मचारी हितलाभं के लिए कोई प्रत्यक्ष निवेश नहीं किया है। कंपनी ने कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के पश्चात के भविष्य निधि दायित्वों के वित्तपोशण के लिए भविष्य निधि (पीएफ) न्यास के माध्यम से उद्धृत और अनुद्धृत प्रतिभूतियों में निवेश किया है। हमने पीएफ न्यास द्वारा अंगरकृत मूल्यांकन पद्धति और ऐसे निवेशों से संबंधित सहायक दस्तावेजों की समीक्षा की है। जैसा कि प्रबंधन द्वारा बताया गया है, न्यास द्वारा अपनाई गई लेखाकरण नीतियों के अनुसार पीएफ न्यास निवेशों का मूल्यांकन लागत के अनुसार किया गया है और इस संबंध में प्राप्त बीमांकिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष के अंत में पीएफ दायित्वों की राशि से निवेश का उचित मूल्य अधिक है। हमारी राय में, अंकीगृत की गई मूल्यांकन पद्धति उचित है और लेखाकरण मानकों (एएस) के अनुरूप है। इसके अलावा, हमारी जांच के आधार पर, निवेश का मूल्यांकन दृश्टिकोण उचित है और यह लागू नियमों का अनुपालन करते हैं। इसके अलावा, कंपनी ने सेवानिवृत्ति के पश्चात के अन्य कर्मचारी हितलाभ दायित्वों के प्रशासन या निवेश के लिए कोई अन्य न्यास नहीं बनाया है।
2	क्या कंपनी के पास सभी लेखाकरण लेनदेन को आईटी प्रणाली के माध्यम से संसाधित करने के लिए कोई प्रणाली है? यदि हां, तो क्या कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के साथ–साथ साइबर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण इस प्रणाली और नियंत्रणों की समीक्षा, वर्ष में कम से कम एक बार की आवृत्ति पर सर्ट–इन द्वारा सूचीबद्ध सूचना सुरक्षा लेखा परीक्षा संगठनों द्वारा की गई है और यदि कोई भौतिक विसंगतियां पाई गई हैं, तो उन्हें उचित रूप से रिपोर्ट किया गया है? लेखा प्रणाली के बाहर लेखा लेनदेन की प्रोसेसिंग के लेखा की अखंडता पर वित्तीय निहितार्थों के साथ–साथ वित्तीय निहितार्थों की भी रिपोर्ट की जा सकती है।	हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के पास आईटी प्रणाली यानी एसएपी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखाकरण लेनदेन को संसाधित करने की एक प्रणाली है। तथापि, निम्नलिखित लेनदेन एकीकृत एसएपी प्रणाली के बाहर संसाधित किए जाते हैं: मालसूची मूल्यांकन और लागत आवंटन। संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर पर मूल्यह्रास की गणना। ये प्रक्रियाएं एक्सेल स्प्रेडशीट का उपयोग करके एसएपी सिस्टम के बाहर की जाती हैं, और सारांशित परिणाम मैनुअल जर्नल प्रविष्टियों के माध्यम से एसएपी सिस्टम में दर्ज किए जाते हैं। हमें सूचित किया जाता है कि वर्ष के दौरान, सूचना सुरक्षा लेखा परीक्षा संगठनों द्वारा कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के साथ–साथ साइबर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण आईटी प्रणाली और नियंत्रणों की समीक्षा वर्ष में कम से कम एक बार सी.ई.आर.टी.आई. एन. द्वारा सूचीबद्ध की गई है।

क्र. सं.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अधीन निदेश	निदेशों पर की गई कार्रवाई पर लेखा परीक्षक का उत्तर
3	क्या केंद्र/राज्य सरकार या उसकी एजेंसियों से विषिश्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य धन का लेखाकरण लागू लेखाकरण मानकों या मानदंडों के अनुसार किया गया था और क्या प्राप्त धन का उपयोग उसकी शर्तों के अनुसार किया गया था? क्या अनुदान पर अर्जित ब्याज का लेखाकरण अनुदान की शर्तों के अनुसार किया गया है। विचलन के मामलों की सूची बनाएं।	हमारे द्वारा की गई प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान केंद्र/राज्य सरकार या उसकी एजेंसियों से विषिश्ट योजनाओं के लिए कोई धनराशि(अनुदान/सब्सिडी आदि) प्राप्त नहीं हुई है, इसके अलावा ऐसी कोई धनराशि(अनुदान/सब्सिडी आदि) नहीं है जो रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार केंद्र/राज्य सरकार या उसकी एजेंसियों से विषिश्ट योजनाओं के लिए प्राप्य है। वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा किसी भी निधि (अनुदान/सब्सिडी आदि) पर कोई ब्याज अर्जित नहीं किया जाता है।
4	क्या कंपनी ने प्रमुख जोखिम क्षेत्रों की पहचान की है? यदि हां, तो क्या कंपनी ने इन जोखिमों को कम करने के लिए कोई जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है? यदि हां, (क) क्या जोखिम प्रबंधन नीति को वैष्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है? (ख) क्या कंपनी ने अपनी डेटा संपत्तियों की पहचान की है और क्या इसका उचित मूल्यांकन किया गया है??	हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने प्रमुख जोखिम क्षेत्रों की पहचान की है और किसी भी जोखिम को कम करने के लिए वैष्विक सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार करते हुए जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की कोई बैठक नहीं हुई। तदनुसार, हमारी राय में, वर्ष के दौरान प्रमुख जोखिम क्षेत्रों की व्यवस्थित रूप से समीक्षा, मूल्यांकन और निगरानी नहीं की गई है। हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने किसी भी डेटा संपत्ति की पहचान नहीं की है इस प्रकार यह मूल्यांकन के अधीन नहीं हैं।

क्र. सं.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अधीन निदेश	निदेशों पर की गई कार्रवाई पर लेखा परीक्षक का उत्तर
5	क्या कंपनी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और सेबी, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण, सीईआरटी–आईएन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और राष्ट्रीय भुगतान निगम भारत के अन्य लागू नियमों और विनियमों का अनुपालन कर रही है? यदि नहीं, तो विचलन के मामलों पर प्रकाश डालें।	हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण और हमारे द्वारा की गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, कंपनी ने आम तौर पर निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए), सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), भारतीय रिजर्व बैंक, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सीईआरटी–आईएन के नियमों और विनियमों के प्रावधानों का पालन किया है, जहां भी लागू हो, सिवाय इसके कि क) वर्ष के दौरान, कंपनी कंपनी अधिनियम, 2013 के कुछ प्रावधानों के पूर्ण अनुपालन में नहीं थी जो इस प्रकार हैं 1) कंपनी के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(4) के प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित स्वतंत्र निदेशक नहीं थे और परिणामस्वरूप लेखा परीक्षा समिति का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के प्रावधानों के अनुसार नहीं है। 2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी के पास 15 जुलाई, 2025 से 15 मार्च, 2026 की अवधि के लिए बोर्ड में न्यूनतम एक महिला निदेशक नहीं कार्यरत थी। 3) कंपनी के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और धारा 135 के तहत अपेक्षित नामांकन और पारिश्रमिक समिति और सीएसआर समिति विद्यमान नहीं थी। 4) लेखाकरण सॉफ्टवेयर में कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 3 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 128 का अनुपालन नहीं होना पाया गया है जो डेटाबेस स्तर पर किए गए परिवर्तनों के लिए ऑडिट ट्रेल सुविधा सक्षम नहीं है, जैसा कि इस रिपोर्ट में ''अन्य विधिक और नियामक अपेक्षाएं'' शीर्षक के अंतर्गत पैराग्राफ 3(के)(वी) में बताया गया है।

क्र. सं.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अधीन निदेश	निदेशों पर की गई कार्रवाई पर लेखा परीक्षक का उत्तर
		ख) कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति, लेखा परीक्षा समिति के गठन और पारिश्रमिक समिति नहीं रखने से संबंधित सार्वजनिक उद्यम विभाग के निगम शासन दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं किया है। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और सेबी, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के अन्य लागू नियमों और विनियमों के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

कृते एस.के. मेहता एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएनः **00478N**

ह/–
जयंत कुमार
पार्टनर
सदस्यता सं.**518718**
यूडीआईएनः **26518718डीपीडीजेटीएल7943**
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः **24 जून, 2026**

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध–'ग'

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सदस्यों को हमारी सम तारीख की रिपोर्ट के ''अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट''खंड के अधीन पैराग्राफ 3(i) में संदर्भित

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उपधारा 3 क खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए सीमेंट कॉरपारेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी का प्रबंधन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंडों के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक नियंत्रणों को स्थापित और अनुरक्षित करने के लिए उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में कंपनी की परिसम्पत्तियों केसंरक्षण के लिए और धोखाधड़ियों तथा अन्य अनियमितताओं के निवारण और पहचान करने समीचीन लेखाकरण नीतियों केचयन और इन्हें लागू करने ऐसे निर्णय और प्राक्कलन करने जो कि औचित्यपूर्ण और विवेकपूर्ण हों और पर्याप्त आंतरिक नियंत्रणप्रणालियों का आरेखन, कार्यान्वयन और अनुरक्षण करने के लिए, जो लेखाकरण अभिलेखों की सटीकता और सक्षमता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से काम कर रही हों, जैसा कि अधिनियमके अधीन अपेक्षित है।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा दायित्व अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मत व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखा परीक्षा आईसीएआई द्वारा जारी और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अधीन निर्धारित किएजाने के लिए मानद, लेखा परीक्षा पर मानकों और वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मार्गदर्शी टिप्पणी दोनों आंतरिक नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर लागू और दों भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी हैं,के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों और मार्गदर्शी टिप्पणी में अपेक्षित है कि हम इस बारे में, कि क्या वित्तीयरिपोर्ट पर पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित किए गए और यदि ऐसा है तो सभी महत्वपूर्ण पहलुओं में ऐसेनियंत्रण प्रभावी रूप से प्रचालित थे, औचित्यपूर्ण आष्वस्ति प्राप्त करने के लिए नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करेंगे और लेखा परीक्षा नियोजित और निष्पादित करेंगे।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और इनकी प्रचानिक प्रभावोत्पादकता के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियां निष्पादित करना निहित था। वित्तीय रिपोर्ट पर आंतरिक वित्तीयनियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का बोध प्राप्त करना, इस जोखिम काआकलन करना कि कोई महत्वपूर्ण दुर्बलता विद्यमान थी, और आकलित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण कीप्रभावोत्पादकता को प्रचालित करना और इसके आरेखन का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल था। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक की निर्णय पर निर्भर हैं, जिसमें वित्तीय विवरणओं के महत्वपूर्ण मिथ्या कथन का आकलन शामिल है, चाहे वह प्रवंचना से हुआ हो या त्रुटि से।

हमारा विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किया है वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर हमारे लेखा परीक्षा संबंधी मत के लिए आधार मुहैया कराने के लिए पर्याप्त और समीचीन है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जो आम तौर पर स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और वित्तीय विवरणों की तैयारी के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। वित्तीय विवरणिकाओं के संदर्भ में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हैं जो उचित विस्तार में, सटीक और निश्पक्ष रूप से प्रतिबिंबित करते हैं

कंपनी की संपत्तियों के लेनदेन और निपटान, (2) यह उचित आश्वासन प्रदान करें कि लेनदेन को आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक रूप से रिकॉर्ड किया गया है, और कंपनी की प्राप्य और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार किए जा रहे हैं, और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करते हैं, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएँ

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें नियंत्रणों के टकराव या अनुपयुक्त प्रबंधन अधिरोहण की संभावना सम्मिलित है, से त्रुटि या प्रवंचना की वजह से, महत्वपूर्ण मिथ्या कथन उत्पन्न हो सकता है औरइसका परिचयन नहीं हो सकता है। साथ ही, वित्तीय प्रतिवेदनों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मूल्यांकन की भविष्य कीअवधियों पर प्रत्याशाएं स्थितियों में परिवर्तनों के कारण अपर्याप्त हो सकती हैं, या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन के स्तर का क्षय हो सकता है।

योग्य राय का आधार

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, 31 मार्च, 2026 तक निम्नलिखित भौतिक कमजोरियों की पहचान की गई है:

सम्पत्ति, संयत्र तथा उपस्कर

1. प्रबंधन द्वारा चालू वर्ष और पिछले वर्ष में गैर–प्रचालनरत इकाइयों में रखी गई संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर मदों की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट नहीं की है।

2. गैर प्रचालनरत इकाइयों में स्थित अचल संपत्तियों के संबंध में स्वामित्व विलेख/पट्टा विलेख से संबंधित उचित रिकॉर्ड का अनुरक्षणसमुचित ढंग से नहीं किया गया है।

3. तांदूर इकाई और गैर–प्रचालनरत इकाइयों के संबंध में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मात्रात्मक जानकारी और स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्षाने वाले उचित रिकॉर्ड अनुरक्षित नहीं किए गये हैं।

मालसूचियां

1. गैर प्रचालनरत इकाइयों में पड़ी हुई मालसूची का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है, जिसे पिछले कई वर्षों से बहियों में आगे बढ़ाया गया है और साथ ही, राजबन और तांदूर इकाई में रखे गए स्टोर और स्पेयर्स के भौतिक सत्यापन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसके अलावा, गैर प्रचालनरत इकाइयों में रखी गई मालसूची का उचित रिकॉर्ड अनुरक्षित नहीं किया गया है।

2. राजबन इकाई में रखे गए क्लिंकर के अर्ध–तैयार स्टॉक पर उचित लेबल या टैग नहीं लगाया गया है और प्रमुख स्टॉक खुले मैदान में बिखरे पड़े हैं, जिससे नुकसान/क्षय हो रहा है।

3. कंपनी ने मालसूची की मात्रा और मूल्यांकन के लिए निरंतर, प्रणाली अधारित प्रक्रिया का अनुरक्षण नहीं किया है जिसके परिणामस्वरूप भारित औसत लागत के साथ प्रणालीगत असंगतता और एसएपी उत्पन्न और प्रबंधन मूल्यांकन के बीच अंतर के समाशोधन के लिए मैनुअल इयर–इंड जर्नल वाउचर पर भरोसा किया गया है।

सांविधिक देय

1. अविवादित वैधानिक बकाया राशिके लिए उचित रिकॉर्ड जैसे भुगतान की देय तिथि, भुगतान न करने के कारण और यथा लागू देय ब्याज/जुर्माना राशि, उपलब्ध नहीं हैं।

2. गैर प्रचालनरत इकाइयों में विवादित सांविधिक देय जैसे विवाद का वर्ष, फोरम जहां विवाद लंबित हैं, सकल विवादित राशि और विवाद के अधीन प्रदत्त राशिआदि के लिए उचित रिकॉर्ड अनुरक्षित नहीं किए गए हैं।

3. सिलचर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि विभिन्न विभागों से विभिन्न कर निर्धारण आदेश उपलब्ध न होने के कारण वे विवादित देयता की सटीक राशि का पता लगाने में सक्षम नहीं हैं।

4. राजबन इकाई के संबंध में वित्तीय विवरणिकाओं में दर्शाई गई राशि जीएसटी क्रेडिट और नकद शेष और जीएसटी पोर्टल में दर्शाई गई राशि का समाशोधन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

5. राजबन और बोकाजन इकाइयों की लेखा बहियों में दर्शाई गई राशि के साथ जीएसटी पोर्टल में दर्षाय गए इनपुट टैक्स क्रेडिट का समाशोधन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

6. बोकाजन इकाई द्वारा जीएसटीआर–9गविवरणी (समाशोधन विवरणिका) वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए और जीएसटीआर 9 और जीएसटीआर 9गविवरणी वित्तीय वर्ष 2023–24 और वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दाखिल नहीं किया गया है जो कानून के अधीन अपेक्षित हैं।

7. पूर्व के वर्षों में कतिपय स्थानों में जीएसटीआर 9 विवरणी (वार्षिक विवरणी) और जीएसटीआर 9ग विवरणी (समाशोधन विवरणिका) दाखिल नहीं किए गए हैं जो कानून के अधीन अपेक्षित हैं।

अन्य

1. व्यापार प्राप्यों, ऋणों और अग्रिमों, व्यापार देय, पक्षकारों को और पक्षकारों से जमा तथा अन्य देयताओं के संबंध में शेष राशि की पुष्टि और समाशोधन प्राप्त करने की प्रणाली में काफी सुधार की आवश्यकता है।

2. गैर–प्रचालनरत इकाइयों में आकस्मिक देयताओं के लिए उचित रिकॉर्ड अनुरक्षित नहीं किए गए हैं।

3. बोकाजन इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि पक्षकार–वार विवरण, संपुश्टिकरण, एजिंग विष्लेशण और इकाई में वसूल किए जा सकने वाले शेष राशिकी प्रकृति और वसूली की संपुष्टि करने वाले सहायक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं।

4. तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि इकाई ने प्राप्य के लिए पर्याप्त एजिंग और वसूली योग्य का समुचित ढंग से अनुरक्षण नहीं किया है।

5. तांदूर इकाई के शाखा लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट किया है कि इकाई ने एफडीआर शर्तों को प्रमाणित करने वाले दस्तावेजों का अनुरक्षण नहीं किया है, उत्पाद शुल्क/बिक्री कर दावा समर्थन भी शेल खदान सक्रिय पट्टा समझौते उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

योग्य राय

हमारी राय में, हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, नियंत्रण मानदंडों के उद्देश्यों की प्राप्ति पर योग्य राय अनुच्छेद के आधार में वर्णित भौतिक कमजोरी के संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हैं और वित्तीय विवरणों के संदर्भ में ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रूप से काम कर रहे थे, जो कि कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आईसीएआई द्वारा जारी मार्गदर्शी टिप्पण में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार कर रहे थे।

हमने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में लागू लेखापरीक्षा परीक्षणों की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर पहचानी गई और रिपोर्ट की गई भौतिक कमजोरियों पर विचार किया है और इन भौतिक कमजोरियों ने कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित किया है और हमने वित्तीय विवरणिकाओं पर योग्य राय जारी की है।

अन्य मामले

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रचालन प्रभावोत्पादकता पर अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अधीन हमारी उपरोक्त रिपोर्ट, जहां तक यह शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित इकाइयों/शाखाओं से संबंधित है, शाखा लेखा परीक्षकों की संबंधित रिपोर्ट पर आधारित है।

कृते एस.के. मेहता एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएनः 00478N

ह/–
जयंत कुमार
पार्टनर
सदस्यता सं.518718
यूडीआईएनः 26518718डीपीडीजेटीएल7943
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 24 जून, 2026

31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

(₹ लाख रुपये में)

विवरण	टिप्पण संख्या	31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार
इक्विटी एवं देनदारियां			
शेयरधारकों की निधियां			
(क) शेयर पूंजी	02	81,140.74	81,140.74
(ख) आरक्षित निधि एवं अधिशेष	03	(48,407.36)	(55,874.55)
		32,733.38	**25,266.19**
गैर चालू देनदारियां			
(क) दीर्घावधिक उधारियां	04	15,090.07	15,090.07
(ख) अन्य दीर्घावधिक उधारियां	05	16,335.83	15,822.09
(ग) दीर्घावधिक प्रावधान	06	3,154.30	3,400.92
		34,580.20	**34,313.08**
चालू देनदारियां			
(ख) व्यापार संदेय			
(i) सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों का कुल बकाया देय	07	417.76	627.94
(ii) सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों से भिन्न अन्य लेनदारों का कुल बकाया देय	07	2,960.30	3,525.52
(ख) अन्य चालू देनदारियां	08	11,220.09	10,609.93
(ग) अल्पावधिक प्रावधान	09	3,250.35	2,279.57
		17,848.50	**17,042.96**
योग		**85,162.08**	**76,622.23**
परिसंपत्तियां			
गैर चालू परिसंपत्तियां			
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर और अमूर्त परिसंपत्ति			
(i) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर	10A	16,827.23	17,043.10
(ii) अमूर्त परिसंपत्ति	10B	38.78	39.92
(iii) चल रहे पूंजीगत कार्य	11	1,432.53	4,985.12
(ख) गैर चालू निवेश	12	227.98	227.98
(ग) दीर्घावधिक ऋण एवं अग्रिम	13	1,321.02	1,281.00
(घ) अन्य गैर चालू परिसंपत्तियां	14	8,937.65	4,833.00
(ङ) अपरिशोधित व्यय	15	1,897.25	1,896.13
		30,682.44	**30,306.25**
चालू परिसंपत्तियां			
(क) मालसूचियां	16	13,738.58	16,205.45
(ख) कारोबारी प्राप्य	17	821.61	452.45
(ग) नकद और नकद समतुल्य	18	31,037.46	22,972.41
(घ) अल्पावधिक ऋण और अग्रिम	19	6,056.84	4,149.38
(ङ) अन्य चालू परिसंपत्तियां	20	2,825.15	2,536.29
		54,479.64	**46,315.98**
योग		**85,162.08**	**76,622.23**

महत्वपूर्णलेखाकरण नीतियां एवं वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पण उपरोक्त उल्लिखित टिप्पणियां इस तुलन पत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। **1 से 31**

यह सम तिथि की हमारी रिपोर्ट में संदर्भित तुलन पत्र है।

कृते एस के मेहता एंड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः. 000478एन

ह/–
(सीए जयंत कुमार)
पार्टनर
सदस्यता सं.518718

दिनांकः 24/06/2026
स्थानः नई दिल्ली

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 09353339

ह/–
(अजय कुमार शर्मा)
कंपनी सचिव

ह/–
(प्रदीप कुमार चंद)
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 09711963

ह/–
(सईद शारिक हुसैन)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ–हानि विवरण (₹ लाख रुपये में)

विवरण	टिप्पण संख्या	31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष
आय			
I **प्रचालनों से राजस्व**			
(क) उत्पादों की बिक्री		32,563.37	32,521.78
(ख) अन्य प्रचालनरत राजस्व		132.83	159.55
प्रचालनों से कुल राजस्व		**32,696.20**	**32,681.33**
II **अन्य आय**	**21**	5,879.52	11,460.72
कुल आय		**38,575.72**	**44,142.05**
व्यय			
(क) उपभोग की गई सामग्रियों की लागत	**22**	5,065.15	4,706.54
(ख) तैयार माल की मालसूचियों में परिवर्तन, चल रहे कार्य एवं बिक्री माल	**23**	(18.23)	1,202.89
	24	5,267.20	5,507.77
(ग) कर्मचारी हितलाभ व्यय	**25**	143.13	93.61
(घ) वित्तीय लागत	**26**	1,406.53	1,363.16
(ङ) अन्य व्यय	**27**	26,389.48	28,163.26
कुल व्यय		**38,253.26**	**41,037.23**
अपवादात्मक/असाधारण मदों एवं कर से पूर्व लाभ		**322.46**	**3,104.82**
असाधारण मदें आय/(व्यय)	**28AA**	7,144.73	-
असाधारण मद एवं कर पूर्व लाभ		**7,467.19**	**3,104.82**
असाधारण मदें आय/(व्यय)	**28 AB**	-	-
कर पूर्व लाभ		**7,467.19**	**3,104.82**
कुल व्यय			
चालू कर		1,359.20	259.62
पूर्व वर्षों के कर संबंधी व्यय		362.99	-
घटाएं: एमएटी क्रेडिट पात्रता		(1,359.20)	(259.62)
घटाएं: पूर्व वर्षों के एमएटी क्रेडिट पात्रता		(362.99)	-
चालू प्रचालनों से लाभ		198.22	1,527.61
रोके गए प्रचालनों से लाभ	**28C**	7,268.97	1,577.21
रोके गए प्रचालनों के कर संबंधी व्यय		-	-
रोके गए प्रचालनों से लाभ (करोपरांत)		7,268.97	1,577.21
वर्ष के दौरान लाभ/(हानि)		**7,467.19**	**3,104.82**
प्रति शेयर आय (रुपये में)	**31.45**		
(1000 रुपये प्रति इक्विटी शेयर मान मूल्य)			
आधारिक		**163.69**	**68.01**
घटाया गया		**163.69**	**68.01**
महत्वपूर्णलेखाकरण नीतियां एवं वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पण	**1 से 31**		

उपरोक्त उल्लिखित टिप्पणियां इस तुलन पत्र का अभिन्न हिस्सा हैं।

यह सम तिथि की हमारी रिपोर्ट में संदर्भित तुलन पत्र है।

कृते एस के मेहता एंड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः. 000478एन

ह/–
(सीए जयंत कुमार)
पार्टनर
सदस्यता सं.518718

दिनांकः 24/06/2026
स्थानः नई दिल्ली

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 09353339

ह/–
(अजय कुमार शर्मा)
कंपनी सचिव

ह/–
(प्रदीप कुमार चंद)
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 09711963

ह/–
(सईद शारिक हुसैन)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष हेतु नकदी प्रवाह विवरण

(₹ लाख रुपये में)

विवरण		प्रचालनरत		अप्रचालनरत		कुल	
		31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष
क.	**प्रचालनरत गतिविधियों से नकदी प्रवाहः**						
	कर पूर्व निवल लाभ/(हानि)	198.22	1,527.60	7,268.97	1,577.22	7,467.19	3,104.82
	समायोजनः						
	मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	1,406.53	1,349.41	-	13.89	1,406.53	1,363.30
	वित्तीय लागत	114.83	65.34	28.30	28.27	143.13	93.61
	मूल्यह्रास प्रतिलेखन	-	(131.33)	-	(137.76)	-	(269.09)
	ब्याज एवं अन्य आय	(5,171.67)	(4,526.39)	(296.22)	(691.74)	(5,467.89)	(5,218.13)
	संपत्ति, संयत्र और उपकरण के निस्तारण पर लाभ	(1.41)	-	-	-	(1.41)	-
	चूना पत्थर की सूची के मूल्य में कमी हेतु प्रावधान निवेश की बिक्री पर लाभ		-	197.26	-	197.26	-
	आवश्यक नहीं रहे प्रतिलेखन के प्रति प्रावधान	(311.12)	(5,481.77)	(75.29)	(38.44)	(386.41)	(5,520.21)
	संदेहास्पद प्राप्यों एवं अग्रिमों के लिए प्रावधान	-	458.66	-	-	-	458.66
	अपलिखित अपरिशोधित व्यय	218.81	268.82	-	-	218.81	268.82
	असाधारण (आय)/व्यय	-	-	(7,144.73)	-	(7,144.73)	-
	कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व प्रचालनरत लाभ	**(3,545.81)**	**(6,469.66)**	**(21.71)**	**751.44**	**(3,567.52)**	**(5,718.22)**
	कार्यशील पूंजी में परिवर्तनः						
	व्यापार देयों में बढ़/(घट)	(299.34)	(446.15)	(476.06)	476.04	(775.40)	29.89
	अन्य देनदारियों में बढ़/(घट)	409.80	2,389.17	1,100.51	(1,907.79)	1,510.31	481.38
	प्रावधानों में बढ़/(घट)	(304.01)	(2,558.84)	(50.76)	(825.23)	(354.77)	(3,384.07)
	व्यापार प्राप्यों में घट/बढ़)	(369.16)	(403.08)	-	-	(369.16)	(403.08)
	मालसूचियों में घट/बढ़)	772.48	1,978.88	1,608.36	4.78	2,380.84	1,983.66
	ऋण एवं अग्रिमों में बढ़/(घट)	(1,793.50)	32.95	(153.98)	(194.49)	(1,947.48)	(161.54)
	अन्य परिसंपत्तियों में घट/बढ़)	(2,416.83)	1,536.49	(8.92)	(84.77)	(2,425.75)	1,451.72
	खर्च किया गया अपरिशोधित व्यय	(219.93)	(187.49)	-	-	(219.93)	(187.49)
	प्रचालनों से सृजित नकदी	**(7,766.30)**	**(4,127.73)**	**1,997.44**	**(1,780.02)**	**(5,768.86)**	**(5,907.75)**
	करो का संदाय (निवल)	(565.36)	(438.92)	-	-	(565.36)	(438.92)
	प्रचालनरत गतिविधियों से/(में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(8,331.66)**	**(4,566.65)**	**1,997.44**	**(1,780.02)**	**(6,334.22)**	**(6,346.67)**
ख.	**निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाहः**						
	संपत्ति, संयत्र और उपकरण का क्रय	(638.66)	(2,109.24)	(5.34)	-	(644.00)	(2,109.24)
	ब्याज एवं अन्य आय	4,848.21	4,580.05	296.22	829.49	5,144.43	5,409.54
	चल रहे पूंजीगत कार्य	(188.90)	(577.77)	(0.00)	183.19	(188.90)	(394.58)
	संपत्ति, संयत्र और उपकरण की प्राप्तियां	2.09	-	10,228.78	(137.75)	10,230.87	(137.75)
	निवेश गतिविधियों से निवल नकदी	**4,022.74**	**1,893.04**	**10,519.66**	**874.93**	**14,542.40**	**2,767.97**
ग.	**वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाहः**						
	समादत्त ब्याज एवं अन्य उधारी लागत	(114.83)	(65.34)	(28.30)	(28.27)	(143.13)	(93.61)
	इकाइयों के बीच अंतरित निधि	12,492.25	(933.66)	(12,492.25)	933.66	-	-
	वित्तपोषण गतिविधियों से निवल नकदी	**12,377.42**	**(999.00)**	**(12,520.55)**	**905.39**	**(143.13)**	**(93.61)**
	नकद एवं नकद समतुल्य में निवल बढ़/(घट)	**8,068.50**	**(3,672.61)**	**(3.45)**	**0.30**	**8,065.05**	**(3,672.31)**
	प्रारंभिक नकदी एवं बैंक शेष	22,947.84	26,620.45	24.57	24.27	22,972.41	26,644.72
	अंतिम नकदी एवं बैंक शेष	**31,016.34**	**22,947.84**	**21.12**	**24.57**	**31,037.46**	**22,972.41**

टिप्पणः

1 अंतिम नकदी एवं बैंक शेष मिलाकर शेषः

(₹ लाख रुपये में)

विवरण	प्रचालनरत		अप्रचालनरत		कुल	
	31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष
नकदी (टिप्पण संख्या 18 देखें)	0.62	0.87	0.03	0.03	0.65	0.90
बैंक में शेषः						
चालू खाते (टिप्पण संख्या 18 देखें)	541.98	536.94	21.09	24.54	563.07	561.48
.जमा खाते (टिप्पण संख्या 18 देखें)	30,473.74	22,410.03	-	-	30,473.74	22,410.03
योग	**31,016.34**	**22,947.84**	**21.12**	**24.57**	**31,037.46**	**22,972.41**

2 उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरणिका केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित कंपनी (लेखाकरण मानक), नियम, 2006 के अधीन लेखाकरण मानक 3 'नकदी प्रवाह विवरणिका' में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत तैयार की गई है।

3 सावधि जमा में 637.03 रुपये (गत वर्ष 1701.52 रुपये) की जमा राशि शामिल है, जो बयाना राशि जमा/प्रतिभूति जमा/विभागों/नियामकों आदि के लेखा में ग्राहक/अन्य के पास बैंक गारंटी/साख पत्र के सापेक्ष मार्जिन मनी के रूप में रखी गई है।

4 अतिरिक्त कार्यशील पूंजी, जब भी अपेक्षित हो, अपने स्वयं के नकद संसाधनों से पूर्ति किये जाने का प्रस्ताव किया जाता है।

5 गत वर्ष के आंकड़ों को चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

यह सम तिथि की हमारी रिपोर्ट में संदर्भित तुलन पत्र है।

कृते एस के मेहता एंड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः. 000478एन

ह/–
(सीए जयंत कुमार)
पार्टनर
सदस्यता सं.518718

दिनांकः 24/06/2026
स्थानः नई दिल्ली

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 09353339

ह/–
(अजय कुमार शर्मा)
कंपनी सचिव

ह/–
(प्रदीप कुमार चंद)
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 09711963

ह/–
(सईद शारिक हुसैन)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पण

वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पण

01 महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां

01.01 तैयारी का आधार

निम्नलिखित मदों को छोड़कर जिन्हें नकदी आधार पर लेखाबद्ध किया गया है, ये वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 एवं कंपनी अधिनियम, 2013 के सुसंगत प्रावधान के साथ पठित लागू लेखाकरण मानकों के अनुपालन में, बीमांकिक आधार पर, ऐतिहासिक लागत परिपारटी के अंतर्गत तैयार की गई हैं।

(क) रेलवे और बीमा दावों के अतिरिक्त अन्य परिसमाप्त क्षतियों/दंडों/दावों की वसूली पर लेखांकित जाता है और विविध आय में सम्मिलित किया जाता है।

(ख) स्टोर एवं स्पेयर्स के अधिशेष/धीमी गति से चलने वाली/न चलने वाली वस्तु आदि पर लाभ/हानि, यदि कोई हो, को उस वर्ष में लेखाबद्ध किया जाता है जिस वर्ष में उनका निस्तारण किया जाता है।

01.02 प्राक्कलन का उपयोग

सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए, प्रबंधन को जहाँ कहीं आवश्यक हो, अनुमान और धारणाएँ बनाने की आवश्यकता होती है जो वित्तीय विवरण की तिथि पर परिसंपत्तियों, देनदारियों और आकस्मिक देनदारियों की रिपोर्ट की गई राशि और उस अवधि के दौरान राजस्व और व्यय की रिपोर्ट की गई राशिको प्रभावित करती हैं। वास्तविक परिणामों और अनुमानों के बीच अंतर उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिस अवधि में परिणाम आते हैं।

01.03 प्रचालन चक्र

सभी परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III में निर्धारित कंपनी के प्रचालन चक्र और अन्य मानदंडों के अनुसार चालू या गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत किया गया है। प्रचालन की प्रकृति के आधार पर, कंपनी ने परिसंपत्ति और देनदारियों के चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के प्रयोजनार्थ अपने प्रचालन चक्र को बारह महीने के रूप में आकलन किया गया है।

01.04 राजस्व की मान्यता

''राजस्व को उस सीमा तक मान्यता दी जाती है, जहां तक उसे विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है और यह संभावना होती है कि आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेगा।

(क) "माल की बिक्री

बिक्री तब मानी जाती है जब स्वामित्व के सभी महत्वपूर्ण जोखिम और लाभ क्रेता को अंतरित कर दिए जाते हैं और कंपनी अंतरित माल पर उस सीमा तक कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रखती जो आमतौर पर स्वामित्व से जुड़ी होती है। राजस्व की मान्यता रिटर्न, छूट और रियायत आदि को घटाकर की जाती है, और इसमें माल एवं सेवा कर भी शामिल नहीं होता है।''

(ख) "सेवाओं की बिक्री

प्रदान की गई सेवाओं से प्राप्त राजस्व को तब मान्यता दी जाती है जब संबंधित पक्षकारों के साथ कारारों/व्यवस्थाओं के आधार पर सेवा प्रदान की जाती है।''

(ग) "अन्य आय

ब्याज आय समय के आधार पर, बकाया मूलधन के संदर्भ में तथा लागू प्रभावी ब्याज दर पर अर्जित की जाती है।"

01.05 भूमि और परिशोधन

(क) राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क दी गई भूमि का मूल्यांकन अंकित लागत पर या इसके अधिग्रहण पर किए गए आकस्मिक व्यय के आधार पर किया जाता है।

(ख) खदान में उत्खनन पट्टे के अधीन फ्री होल्ड भूमि और 99 वर्ष से कम के पट्टे वाले भूमि पट्टे पर संबंधित इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन की तारीख से दस वर्ष की अवधि के भीतर परिशोधन किया जाता है।

01.06 निवेश

(क) दीर्घावधिक निवेश का उल्लेख लागत पर किया गया है। ऐसे निवेशों के मूल्य में स्थायी गिरावट को मान्यता दी जाती है और इसके लिए प्रावधान किया जाता है।

(ख) चालू निवेश का उल्लेख सबसे कम लागत और उद्धृत/उचित मूल्य पर किया जाता है। गैर–उद्धृत चालू निवेश का उल्लेख लागत पर किया जाता है।

01.07 उधार लागत

अर्हक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण या निर्माण या उत्पादन के कारण होने वाली उधार लागतों को ऐसी परिसंपत्तियों की लागत के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। अर्हक परिसंपत्ति वह परिसंपत्ति होती है जो अपने अभीष्ट उपयोग के लिए तैयार होने में आवश्यक रूप से पर्याप्त समय लेती है।अन्य सभी उधार लागतों को उस अवधि में व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे खर्च की जाती हैं।

01.08 संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर और अमूर्ति संपत्ति

(क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर का विवरण अधिग्रहण लागत पर, संचित मूल्यह्रास और संचित क्षति हानियों, यदि कोई हो, को घटाकर दिया गया है। लागत में क्रय मूल्य और परिसंपत्ति को उसके इच्छित उपयोग के लिए कार्यशील स्थिति में लाने हेतु कोई अन्य देय लागत शामिल है।

(ख) अमूर्त आस्तियों का विवरण अधिग्रहण लागत पर, संचित परिशोधन और संचित क्षति हानियों, यदि कोई हो, को घटाकर दिया जाता है। लागत में क्रय मूल्य और आस्तियों को उसके इच्छित उपयोग के लिए तैयार करने पर होने वाला कोई अन्य देय व्यय शामिल होता है।

01.09 मूल्यह्रास/परिशोधन

(क) मूल्यह्रास का प्रावधान परिसंपत्ति के पूर्ण रूप से तैयार होने और उपयोग के लिए उपलब्ध होने के बाद किया जाता है। स्थायी परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी रेखा के आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है और लागत का 95 प्रतिशत परिसंपत्ति के अपेक्षित उपयोगी जीवन के दौरान बट्टे खाते में डाला जाता है।

(ख) वर्ष के दौरान जोड़ी गई परिसम्पत्तियों पर मूल्यह्रास उनके पूंजीकृत किए जाने की तारीख से और उन्हें त्यागने/बेचने/ध्वस्त करने/नष्ट करने की तिथि के यथानुपात दर्शाया जाता है।

(ग) कोई भी व्यक्तिगत संपत्ति जिसका लिखित मूल्य वर्ष के आरंभ में 5000/– रुपये या उससे कम है, उसका वर्ष के दौरान अवशिष्ट मूल्य को बनाए रखे बिना पूरी तरह से मूल्यह्रास किया जाता है क्योंकि इसे महत्वहीन माना जाता है।

(घ) वर्ष के दौरान खरीदी गई 5000/– रुपये तक की किसी भी व्यक्तिगत संपत्ति को सकल ब्लॉक में ले जाया जाता है और उसी वर्ष पूरी तरह से मूल्यह्रास किया जाता है।

(ङ) पट्टाकृत भूमि को पट्टे की अवधि में परिशोधित किया जाता है।

(च) अमूर्त संपत्तियों को उनके अपेक्षित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी रेखा के आधार पर निम्नलिखित रूप से परिशोधित किया जाता है:

कंप्यूटर सॉफ्टवेयर को पांच साल की अवधि में परिशोधित किया जाता है।

01.10 मालसूचियां

(क) भंडारपुर्जे और कच्चा माल, जैसा कि नीचे (ख) में दर्शाया गया है, का उल्लेख भारित औसत लागत पर किया जाता है। अप्रचलित/अनुपयोगी भंडार और पुर्जे जब अवधारित किए जाते हैं, तो उन्हें स्क्रैप के रूप में माना जाता है और निवल वसूली योग्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है।

(ख) क्लिंकर और अन्य अर्द्ध–तैयार माल का उल्लेख वर्क बैक फॉर्मूले के आधार पर इकाई की भारित औसत लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य से कम पर किसर जाता है। हालांकि, नकारात्मक मूल्यांकन के मामले में इसका उल्लेख शून्य मूल्य पर किया जाता है।

(ग) कारखानों/परियोजनाओं में तैयार माल/माल के ढेरों में या माल के मार्गस्थ ढेर का उल्लेख इकाई भारित औसत लागत या वसूली योग्य मूल्य से कम पर किया जाता है। विभिन्न ढ़रों पर पड़े तैयार माल के मूल्य में दरों तक बिक्री व्यय में शामिल भाड़ा भी शामिल होता है।

(घ) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर विभिन्न स्क्रैप मदों की कुल मात्रा का मूल्यांकन संबंधित मदों के लिए नवीनतम बिक्री आदेशों के अनुसार उपलब्ध दरों के अनुसार किया जाता है। हालांकि, जहां पहली बार स्क्रैप से उत्पन्न होने या पहले निपटान नहीं होने के कारण ऐसी कोई दरें उपलब्ध न हों तो मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ ऐसे स्क्रैप मद के निपटान के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य अंगीकृत किया जाता है।

(ङ) ढीले उपकरण और रस्से तीन वर्ष की अवधि में बट्टे खाते में डाले जाते हैं।

01.11 अपरिशोधित व्यय

(क) पूर्वेक्षण और बोरिंग पर व्यय को अशोधित व्यय माना जाता है तथा इकाइयों के वाणिज्यिक उत्पादन में आने के तीन से पांच वर्ष बाद इसे काट लिया जाता है।

(ख) खदानों में ओवरबर्डन आदि को हटाने पर किया गया व्यय, जिसका उपयोग सड़कें बिछाने, स्टॉकयार्ड, क्रषर रैंप आदि जैसे पूंजीगत कार्यों के लिए किया जाता है, पूंजीकृत किया जाता है। उपरिभार आदि को हटाने पर किए गए शेष व्यय को प्रारंभ में ''अपरिशोधित व्यय'' माना जाता है और उस अवधि में दर्शाया जाता है, जिसके लिए खदान विकास से निकला चूना पत्थर दोहन के लिए उपलब्ध रहता है।

(ग) किराये के भवनों में आंतरिक विभाजन और अन्य फिक्सचर की लागत स्थापना के वर्ष में ही सीधे काट ली जाती है, लेकिन यदि लागत एक लाख रुपये से अधिक है, तो उसे अशोधित व्यय के रूप में माना जाता है और तीन से पांच वर्षों में काट लिया जाता है।

घ) किसी इकाई के व्यावसायिक उत्पादन आरंभ होने के बाद, हाई–क्रोम ग्राइंडिंग मीडिया का प्रारंभिक पूर्ण प्रभार अषोधित व्यय माना जाता है और तीन वर्षों की अवधि में बट्टे खाते में डाल दिया जाता है। हालाँकि, क्षतिपूर्ति प्रभार लाभ–हानि विवरण में जोड़े जाते हैं।

ङ) यदि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के लिए कोई अप्रयुक्त अनुदान/सब्सिडी नहीं है, तो वीआरएस भुगतान से संबंधित अंतिम लाभ, सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए डेढ़ महीने के वेतन या सेवा की शेष अवधि के वेतन के बराबर, जो भी कम हो और नोटिस अवधि के वेतन के बराबर, व्यक्ति की शेष सेवा अवधि के दौरान या अधिकतम 5 वर्षों की अवधि में, जो भी कम हो, स्थगित और भारमुक्त कर दिए जाएँगे। हालाँकि, 01/04/2003 को या उसके बाद वीआरएस/वीएसएस पर किए गए किसी भी व्यय को व्यय के रूप में मान्यता दी जाएगी, जब वह उसी वर्ष में पूरी तरह से व्यय और भारमुक्त हो।

01.12 पूर्वावधि मदें

किसी विशेष वर्ष से संबंधित व्यय/प्राप्तियाँ, जो लेखाबंदी होने के पश्चात, अर्थात् कट–ऑफ तिथि के बाद ध्यान में आती हैं, अगले वर्ष के व्यय/प्राप्ति के संबंधित शीर्ष के अंतर्गत दर्ज की जाती हैं। यदि राशि 10,00/– से अधिक है, तो उनका वित्तीय विवरणिकाओं में पूर्वावधि मदों के रूप में प्रकटन किया जाता है।

01.13 आय पर कर

चालू कर और आस्थगित कर सहित अवधि के लिए कर व्यय को वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) निर्धारित करने में सम्मिलित किया जाता है।

क) वर्तमान आयकर के लिए प्रावधान, लागू दोहरे कराधान परिहार करार के प्रावधानों पर विचार करने के बाद आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

(ख) कर योग्य आय और लेखा आय के बीच ''समय के अंतर'' से उदभूत आस्थगित कर का निर्धारण, कर दरों और कर कानूनों के आधार पर किया जाता है जो तुलन पत्र की तिथि तक अधिनियमित या मूल रूप से अधिनियमित हो चुके हैं। आस्थगित कर परिसंपत्तियों को उस सीमा तक आगे ले जाया जाता है जहाँ तक यह यथोचित/वस्तुतः निश्चित हो कि भविष्य में कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा, जिसके सापेक्ष ऐसी आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वसूली की जा सकती है।

(ग) एमएटी क्रेडिट पात्रता को मान्यता दी जाती है और उसे उस सीमा तक आगे बढ़ाया जाता है, जहां तक यह यथोचित/वस्तुतः निश्चित है कि भविष्य में कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा, जिसके सापेक्ष एमएटी क्रेडिट प्राप्त किया जा सकता है।

01.14 विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन का लेखा–जोखा

(क) विदेशी मुद्रा लेनदेन प्रारंभिक तौर पर लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किए जाते हैं। लेनदेन के निपटान पर, विदेशी मुद्रा लेनदेन पर प्राप्त लाभ और हानि को लाभ और हानि विवरणिका में मान्यता दी जाती है।

(ख) वर्ष के अंत में निपटान न किए गए विदेशी मुद्रा मौद्रिक वस्तुओं को वर्ष के अंत में विनिमय दर पर रूपांतरित किया जाता है। उस पर उत्पन्न विनिमय दर के अंतर को लाभ और हानि विवरणिका में मान्यता दी जाती है।गैर–मौद्रिक मदें, जो विदेशी मुद्रा में अंकित ऐतिहासिक लागत पर आगे बढ़ाए जाते हैं, उन्हें लेनदेन की तारीख पर विनिमय दर का उपयोग करके रिपोर्ट किया जाता है।

01.15 सरकारी अनुदान/सब्सिडी

(क) विनिर्दिष्ट स्थायी परिसंपत्तियों से संबंधित सरकारी अनुदान/सब्सिडी को संबंधित परिसंपत्तियों के सकल मूल्य से उनके बही मूल्य निकालने में घटाया जाता है। जहां विनिर्दिष्ट स्थायी परिसंपत्तियों से संबंधित

अनुदान परिसंपत्ति की पूरी या वस्तुतः पूरी लागत के बराबर होता है वहां परिसंपत्ति का मूल्यांकन अंकित मूल्य पर या इसके अधिग्रहण/स्थापना पर किए गए आकस्मिक व्यय के आधार पर किया जाता है।

(ख) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के अनुदान, परिवहन सब्सिडी और अन्य राजस्व अनुदान संबंधित व्यय से काटे जाते हैं।

(ग) केंद्रीय निवेश सब्सिडी योजना के अंतर्गत प्राप्त सरकारी अनुदान, पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों के लिए केंद्र सरकार के प्रोत्साहन में शामिल हैं और राज्य सरकारों से प्राप्त अन्य समान अनुदान, जहां उनके संबंध में आमतौर पर कोई पुनर्भुगतान की उम्मीद नहीं है, अनुदान को पूंजीगत आरक्षित निधि के रूप में माना जाता है।

(घ) ऊपर विनिर्दिष्ट से अन्य, पूंजी/राजस्व अनुदान/सब्सिडी, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक –12 के अनुसार लेखाबद्ध किए जाते हैं।

01.16 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

(क) प्रावधानों को उन देनदारियों के लिए मान्यता दी जाती है जिन्हें पर्याप्त मात्रा में प्राक्कलन लगाकर आंकलित जा सकता है, यदिः

(i) कंपनी पर किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व है,

(ii) दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों के संभावित बहिर्वाह की अपेक्षा की जाती है और

(iii) दायित्व की राशिका विश्वसनीय रूप से प्राक्कलन किया जा सकता है।

ख) आकस्मिक देयता का खुलासा निम्नलिखित मामलों में किया जाता हैः

(i) किसी भूतकालीन घटना से उत्पन्न वर्तमान दायित्व, जब यह सम्भावना न हो कि दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों के बहिर्गमन की आवश्यकता होगी।

(ii) संभावित दायित्व, जब तक कि निपटान में बहिर्वाह की संभावना दूर न हो।

(ग) आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तीय विवरणिकाओं में न तो मान्यता दी जाती है और न ही उनका प्रकटन किया जाता है।

01.17 परिसंपत्तियों की क्षीणता

प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर यह आकलन किया जाता है कि क्या किसी परिसंपत्ति/नकदी उत्पादक इकाई के क्षतिग्रस्त होने का कोई संकेत मौजूद है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो लेखा पुस्तकों में क्षतिग्रस्तता हानि दर्ज की जाती है, अर्थात वह राशिजिससे किसी परिसंपत्ति की अग्रणीत राशिउसकी वसूली योग्य राशिसे अधिक हो जाती है। वसूली योग्य राशि, परिसंपत्तियों के निवल विक्रय मूल्य और उपयोग मूल्य में से जो अधिक हो, होती है।

01.18 कंपनी के दावे

(क) जहां खाते में भुगतान प्राप्त हुआ है वहां बीमा दावों को सर्वेक्षक की रिपोर्ट के आधार पर और/या दर्ज किए गए दावों के आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है तथापि, जहां 31 मार्च तक हुई हानि की घटनाओं के लिए सर्वेक्षक की रिपोर्ट लेखाबंदी से पूर्व प्राप्त नहीं होती है, उसके प्रभाव का प्रकटीकरण लेखाओं पर टिप्पण के रूप में किया जाता है।

(ख) रेलवे के दावों को दर्ज करने पर लेखाबद्ध किया जाता है।

01.19 जमा कार्य

चल रहे जमा कार्यों के संबंध में, इसे निगम के चल रहे पूंजीगत कार्य के रूप में माना जाता है और निर्माण अवधि के दौरान आकस्मिक व्यय को स्वामित्व के हस्तांतरण और पूंजीकृत होने पर जमा कार्य में आनुपातिक रूप से जोड़ा जाता है।

01.20 कर्मचारी हितलाभ

(क) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में सेवारत सभी कर्मचारियों के संबंध में उपदान भुगतान अधिनियम, 1972 के अंतर्गत उपदान और कंपनी की अपनी ही उपदान योजना का प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार किया जाता है।

(ख) सेवारत कर्मचारियों के संबंध में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति या मृत्यु पर भुनाया जा सकने वाले अर्जित छुट्टी /अर्ध वेतन छुट्टी आदि का प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार किया जाता है।

(ग) सेवानिवृत्ति पर गृहनगर की यात्रा पर व्यय के लिए प्रावधान को वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर मान्यता दी जाती है।

(घ) भविष्य निधि और पारिवारिक पेंशन योजना में अंशदान को व्यय के रूप में मान्यता दी गई है और इसे लाभ–हानि विवरणिका में दर्शाया जाता है।

(ङ) बोनस के लिए देनदारी का प्रावधान मजदूरी संहिता, 2019 के प्रावधानों के अनुसार इकाईवार आधार पर किया जाता है, न कि संपूर्ण निगम के रूप में। निगम कार्यालय के लिए बोनस की देनदारी का प्रावधान उस दर पर किया जाता है जो अन्य इकाइयों के लिए प्रावधान किए गए बोनस की दरों का औसत होता है।

(च) बीमांकिक मूल्यांकन से उत्पन्न लाभ और हानि को लाभ और हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

01.21 डिबेंचर के मोचन पर प्रीमियम

डिबेंचर के मोचन पर देय प्रीमियम को लाभ हानि विवरणिका/ आईईडीसी लेखा में ऐसी समान किश्तों में लगाया जाता है जो उस वर्ष से आरंभ होने वाली डिबेंचर की अवधि होती है जिसमें डिबेंचर आवंटित किए जाते हैं।

01.22 पूर्वदत्त व्यय

बाद के वर्ष (वर्षों) के अग्रिम में किए गए 10,000/– या उससे कम राशि के व्यय के प्रत्येक मामले को चालू वर्ष के व्यय के रूप में प्रभारित किया जाता है।

01.23 अशोध्य और संदिग्ध प्राप्यों/ऋणों/अग्रिमों आदि का लेखाकरण

(क) संदिग्ध प्राप्यों/ऋणों और अग्रिमों के लिए प्रावधान तब किया जाता है जब उन्हें वसूली के लिए संदिग्ध माना जाता है लेकिन वसूली की संभावना बनी रहती है।

(ख) राशियां तब बट्टे खाते में डाली जाती हैं, जब वसूली के प्रयास या तो विधिक प्रक्रिया के कारण विफल हो जाते हैं या जहां यह माना जाता है कि मुकदमेबाजी माना जाता है, फलदायी नहीं होगी और वसूली संभव नहीं है।

01.24 इंटर यूनिट/जोन/निगम कार्यालय अंतरण

(क) इकाइयों द्वारा अंतरित तैयार माल का मूल्यांकन आरंभ में प्रेषण योजना दरों पर किया जाता है और फिर बेची गई मात्रा का जोनों द्वारा वास्तविक निवल वसूली योग्य मूल्य पर निपटारा किया जाता है।

(ख) स्थायी परिसंपत्तियों के इंटर यूनिट/जोन/निगम कार्यालय अंतरण आदि को बही मूल्य पर लेखाबद्ध किया जाता है।

(ग) क्लिंकर के इंटर यूनिट अंतरण को उसकी वसूली योग्य दरों पर (सीमेंट से वर्क बैक मेथड द्वारा) लेखाबद्ध किया जाता है और इसकी मार्गस्थ हानि को प्राप्त करने वाली इकाई द्वारा लागत में समावेषित किया जाता है।

(घ) इंटर यूनिट/जोन/निगम कार्यालय की शेष राशि का नियमित रूप से समाशोधन किया जाता है और शेष राशि की पुष्टि प्राप्त की जाती है।

01.25 व्यय का वर्गीकरण

(क) स्थायी परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव पर किए गए व्यय, जिसमें स्टोर और स्पएर्स की लागत सम्मिलित है, को छोड़कर, जैसा कि नीचे (ख) में दिखाया गया है, लाभ हानि विवरण में दर्शाये जाते हैं।

(ख) स्टोर और स्पेयर्स की लागत सहित संपत्ति, संयत्र और उपस्करं की मरम्मत और रखरखाव पर किए गए व्यय, जो मौजूदा परिसंपत्तियों से भविष्य के लाभ इसके निष्पादन के पहले से निर्धारित मानक (जैसे क्षमता में वृद्धि) से अधिक बढ़ाते हैं, को पूंजीकृत किया जाता है।

(ग) वेतन और मजदूरी:

संयंत्र और मशीनरी, भवन आदि की मरम्मत और रखरखाव पर होने वाले वेतन और मजदूरी को सीधे वेतन और मजदूरी लेखा में प्रभारित किया जाता है।

(घ) अन्य फुटकर व्यय:

पार्कों पर व्यय, वृक्षारोपण और तंबू और तिरपाल आदि की खरीद को राजस्व व्यय के रूप में प्रभारित किया जाता है।

01.26 मौजूदा संयंत्र से सटे क्षेत्र की विस्तार परियोजनाओं/नई परियोजनाओं पर अप्रत्यक्ष व्यय

मौजूदा संयंत्रों द्वारा किए गए प्रशासन, पर्यवेक्षण आदि पर होने वाले सामान्य खर्च को मौजूदा संयंत्रों से सटे विस्तार परियोजना/नई परियोजनाओं के लिए नहीं दर्शाया जाता है।

01.27 निगम कार्यालय व्यय का आवंटन

निगम कार्यालय का निवल राजस्व व्यय/आय को प्रबंधन द्वारा उनके सर्वोत्तम मूल्यांकन और निर्णय के अनुसार विभिन्न इकाइयों या परियोजनाओं से संबंधित संभावित लाभों या संबंधित अनुमानों के आधार पर निर्माणाधीन सभी इकाइयों और परियोजनाओं को आवंटित किया जाता है।

वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पणियां

(राशि ₹ लाख में)

क्र.सं.	विवरण	31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार
02	**शेयर पूंजीप्राधिकृत**		
	1000/– रुपये मूल्य के 50,00,000 (31 मार्च, 2025: 50,00,000) इक्विटी शेयर	50,000.00	50,000.00
	1000/– रुपये मूल्य के 40,00,000 (31 मार्च, 2025: 40,00,000) अधिमानी शेयर	40,000.00	40,000.00
	योग	**90,000.00**	**90,000.00**
	निर्गमित, अभिदत्त एवं समादत्त		
	1000/– रुपये मूल्य के पूर्णतया समादत्त 45,59,749 (31 मार्च, 2025: 45,59,749) इक्विटी शेयर	45,597.49	45,597.49
	1000/– रुपये मूल्य के पूर्णतया समादत्त 35,54,325 (31 मार्च, 2025: 35,54,325) अधिमानी शेयर	35,543.25	35,543.25
	योग	**81,140.74**	**81,140.74**

02.1 बोनस शेयरों के रूप में पूर्णतया समादत्त या वर्तमान वित्तीय वर्ष से ठीक पूर्व पांच वर्ष की अवधि के लिए नकद प्राप्त किए बिना अनुबंधों के अनुसार पूर्णतया समादत्त या वापस खरीदे गए शेयरों की कुल संख्या शून्य है।

02.2 शेयरों के प्रत्येक वर्ग के संबंध में अधिकार, प्राथमिकताएं और प्रतिबंध

